मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| धनबाद | 27.4 | 13.5 |
| जमशेदपुर | 26.1 | 14.0 |
| डालटनगंज | 22.8 | 13.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

* * * * *





पेज 8-9


www.lagatar.in | मंगलवार, 09 जनवरी 2024 ● पौष कृष्ण पक्ष 14 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 1, अंक : 262 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


## सुर्खियां

**इंटरनेशनल**
- ब्रिटेन के मंत्री तारिक अहमद भारत की यात्रा पर
- अमेरिकी चंद्र लैंडर चंद्रमा की ओर हुआ रवाना
- इजराइल ने हिज्बुल्ला से एक और युद्ध की चेतावनी दी
- गोल्डन ग्लोब अवार्ड 2024 के विजेताओं की घोषणा

**नेशनल**
- बुलेट ट्रेन के लिए भूमि अधिग्रहण का काम पूरा
- मुजफ्फरनगर में दलित युवक की पीट-पीट कर हत्या
- सांबा में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रात्रि कर्फ्यू
- 12 राज्यों से जेएन.1 के 682 मामले आए

**स्टेट**
- पंचायत स्वयंसेवक संघ का धरना-प्रदर्शन स्थगित
- मेकॉन संग हुए फर्जीवाड़ा की जांच सीबीआई करेगी
- रिजेक्ट कोल सेल में भागीदारी का आंदोलन स्थगित
- पाकुड़ में रेल कर्मचारियों ने की भूख हड़ताल

**स्पोर्ट्स**
- रणजी ग्रुप सी : कर्नाटक की पंजाब पर बड़ी जीत
- हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास
- मुंबई मैराथन के ब्रांड दूत बने मेब केफलेजिगी
- ब्राजील ने फुटबॉलर जगालो को अंतिम विदाई दी

## किसने क्या कहा

- बिलकिस बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला 'साहसिक' : **ममता बनर्जी**
- राजभवन को राजनीति के केंद्र में न लाएं : **सीपी सिंह**
- भारत बांग्लादेश का 'घनिष्ठ मित्र' है और हमारे अद्भुत संबंध हैं : **शेख हसीना**

## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| सोना (बिक्री) | 58,800 |
| चांदी (किलो) | 75,000 |

## ब्रीफ खबरें

### सब लोग सशक्त होंगे तो देश होगा विकसित

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केवल सरकार की ही नहीं बल्कि देश की यात्रा बन गई है और जब गरीब, किसान, महिलाएं तथा युवा सशक्त होंगे, तो राष्ट्र शक्तिशाली बनेगा. उन्होंने कहा कि आनेवाले वर्षों में भारत एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बन जाएगा.

### मालदीव के राजदूत तलब, जताया एतराज

**नयी दिल्ली।** भारत में मालदीव के राजदूत को सोमवार को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया और मालदीव के कई मंत्रियों द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई टिप्पणियों पर कड़ी चिंता व्यक्त की गई. सूत्रों ने यह जानकारी दी.

### आप से सीट बंटवारे को लेकर फिर बैठक होगी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे पर चर्चा के लिए सोमवार को यहां बैठक की. बैठक के बाद कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक ने बताया कि बैठक सकारात्मक रही, हम आप के साथ फिर एक और सार्थक बैठक करेंगे.

### माया ने बसपा दफ्तर की सुरक्षा को बताया खतरा

**लखनऊ।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को सपा सरकार में बसपा के राज्य मुख्यालय के पास बने पुल को पार्टी कार्यालय की सुरक्षा के लिए खतरा करार देते हुए प्रदेश सरकार से बसपा कार्यालय को किसी ''सुरक्षित स्थान'' पर ले जाने की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया है.

### अब पश्चिम बंगाल पुलिस को ईडी ने घेरा

**कोलकाता।** बंगाल में ईडी की टीम पर हमले को लेकर विवाद सोमवार को तब और बढ़ गया जब एजेंसी ने कहा कि राज्य पुलिस ने संदेशखाली में हुई घटना में केवल जमानती और गैर-अनुसूचित अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज की है तथा उसे शिकायत की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई है.

### भारत बांग्लादेश का घनिष्ठ मित्र : हसीना

**ढाका।** आम चुनाव में प्रचंड बहुमत पाने के एक दिन बाद पीएम शेख हसीना ने सोमवार को कहा कि भारत बांग्लादेश का घनिष्ठ मित्र हैं और दोनों पड़ोसियों ने कई द्विपक्षीय समस्याओं का समाधान किया है. उन्होंने कहा कि हमारे संबंध 1971 से ही घनिष्ठ हैं, जब भारत ने बांग्लादेश को आजादी दिलाई थी.

### वरुण तोमर को मिला ओलंपिक का टिकट

**जकार्ता।** भारत के उभरते हुए निशानेबाज वरुण तोमर ने सोमवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए 14वें ओलंपिक का कोटा हासिल कर उपलब्धि हासिल की है.

## बिलकिस बानो केस में सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया गुजरात सरकार का फैसला, कहा-

# ये तो फ्रॉड है, दोषियों को भेजो जेल

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के बिलकिस बानो केस में सभी 11 दोषियों की सजा माफी को रद्द कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के फैसले को पलटा है. इसके साथ ही गुजरात सरकार को फटकार लगाई और कहा, यह फैक्ट के नाम पर सुप्रीम कोर्ट के साथ फ्रॉड किया गया है. हाईकोर्ट की टिप्पणियां छिपाई गईं. गुजरात सरकार को माफी देने का भी अधिकार नहीं था. यह अधिकार सिर्फ महाराष्ट्र सरकार के पास था. भले घटना गुजरात में हुई, लेकिन इस मामले में पूरी सुनवाई महाराष्ट्र में हुई है. अब सभी 11 दोषियों को दो हफ्ते के अंदर सरेंडर करना होगा. उन्हें फिर से जेल भेजा जाएगा.

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने इस मामले में फैसला सुनाया है. बेंच ने लगातार 11 दिन तक सुनवाई की थी और बीते साल 12 अक्टूबर को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था. सुनवाई के दौरान केंद्र और गुजरात सरकार ने दोषियों की सजा माफ करने से जुड़े ओरिजिनल रिकॉर्ड पेश किए और अपने अपने तर्क रखे थे. गुजरात सरकार ने दोषियों की सजा माफ करने के फैसले को सही ठहराया था. कई दलीलें और पिछले फैसलों का हवाला दिया था. लेकिन उम्रकैद की सजा में समय से पहले दोषियों की रिहाई पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाए थे. कोर्ट का कहना था कि ये साफ होना चाहिए कि दोषी कैसे माफी के योग्य पाए गए. कोर्ट ने कहा कि प्रतिवादी संख्या 3 ने यह नहीं बताया था कि गुजरात हाईकोर्ट ने 437 सीआरपीसी के तहत उनकी याचिका खारिज कर दी थी. इसके अलावा, प्रतिवादी संख्या 3 ने यह भी नहीं बताया था कि समयपूर्व रिहाई का आवेदन महाराष्ट्र में दायर किया गया था, न कि गुजरात में.

-शेष पेज 13 पर

**11** दिन तक लगातार सुनवाई की थी बेंच ने और बीते साल 12 अक्टूबर को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था






### इन्होंने की थी जनहित याचिका

गुजरात सरकार द्वारा दोषियों को दी गई छूट को चुनौती देने वाली बानो द्वारा दायर याचिका के अलावा माकपा नेता सुभाषिनी अली, पत्रकार रेवती लौल और प्रो. रूप रेखा वर्मा सहित कई अन्य ने जनहित याचिकाएं दायर कर इस राहत के खिलाफ चुनौती दी थी. टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ने भी सजा में छूट और समय से पहले रिहाई के खिलाफ जनहित याचिका दायर की थी.

### कौन-कौन दोषी हैं...

बिलकिस बानो केस में राधेश्याम शाही, जसवंत चतुरभाई नाई, केशुभाई वदानिया, बकाभाई वदानिया, राजीवभाई सोनी, रमेशभाई चौहान, शैलेशभाई भट्ट, बिपिन चंद्र जोशी, गोविंदभाई नाई, मितेश भट्ट और प्रदीप मोढिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी.

## सुनवाई के दौरान कोर्ट ने क्या -क्या टिप्पणियां कीं

*इससे पहले सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा था, क्या आप संतरे और सेब की तुलना करेंगे? क्या आप एक व्यक्ति की हत्या की तुलना 10 से ज्यादा लोगों की हत्या से करेंगे? मुकदमे को दूसरे राज्य में ट्रांसफर करना पड़ा. कोर्ट ने गुजरात और केंद्र से सजा माफी से संबंधित फाइलें पेश करने के लिए कहा और ऐसे मामलों पर निर्णय लेने में मानकों की जरूरत पर जोर दिया.*

1. जस्टिस जोसेफ ने एक टिप्पणी में कहा, आज यह एक महिला है. कल यह कोई और भी हो सकता है. निश्चित रूप से बहुत चिंता का विषय है. वस्तुनिष्ठ मानक होने चाहिए. बेंच ने मौखिक रूप से कहा, छूट देते समय कई फैक्टर पर विचार किया जाना चाहिए. बाद में जस्टिस जोसेफ 19 जून को रिटायर हो गए थे.
2. जस्टिस नागरत्ना ने कहा था कि वर्तमान मामला छूट के प्रशासनिक आदेश को चुनौती देता है. किसी आरोपी का समाज में दोबारा शामिल होना संवैधानिक अधिकार है. संविधान के अनुच्छेद 161 और 72 के तहत छूट एक वैधानिक अधिकार है.
3. सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया था कि बिलकिस बानो गैंगरेप मामले में एक दोषी को दोषी ठहराए जाने के बाद वकालत करने की अनुमति कैसे दी गई. ''कानून एक महान पेशा है'' और पूछा कि सजा के बाद कानून की प्रैक्टिस करने का लाइसेंस कैसे दिया जा सकता है.
4. अक्टूबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया और गुजरात सरकार से उन फाइलों के मूल रिकॉर्ड जमा करने को कहा, जिसमें माफी का फैसला लिया गया था.

## बिलकिस बानो केस में कब क्या हुआ ...

1. 2002 गोधरा कांड हुआ. 3 मार्च 2002 को दाहोद के रंधीकपुर में बिलकिस बानो के साथ गैंगरेप हुआ. उसके घर के सात लोगों की हत्या कर दी गई. जब वारदात हुई, तब बिलकिस बानो 5 महीने की गर्भवती थी.
2. सभी 11 आरोपियों को 2004 में गिरफ्तार किया गया. अहमदाबाद की कोर्ट में ट्रायल शुरू हुआ. बिलकिस ने चिंता जताई कि यहां मामला चलने से गवाहों को डराया जा सकता है और सबूतों से छेड़छाड़ हो सकती है. सुप्रीम कोर्ट ने मामला अहमदाबाद से मुंबई ट्रांसफर कर दिया.
3. 21 जनवरी 2008 को सीबीआई कोर्ट ने 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई. कोर्ट ने 7 दोषियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया. जबकि एक मौत हो गई थी.
4. बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी मामले की सुनवाई करने के बाद सजा को बरकरार रखा.
5. 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को बिलकिस को 50 लाख का मुआवजा देने का आदेश दिया. साथ ही बिलकिस को नौकरी देने का आदेश भी दिया था.
6. दोषियों ने 18 साल की सजा काट ली थी, जिसके बाद दोषियों में से एक राधेश्याम शाही ने धारा 432 और 433 के तहत सजा माफ करने के लिए गुजरात हाईकोर्ट पहुंचे. हाईकोर्ट ने ये कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि उनकी माफी पर फैसला करने वाली 'सरकार' महाराष्ट्र है. न कि गुजरात सरकार.
7. राधेश्याम शाही ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की और कहा कि वो 1 अप्रैल, 2022 तक बिना किसी छूट के 15 साल 4 महीने जेल में रहा.
8. सुप्रीम कोर्ट ने मई 2022 में गुजरात सरकार को 9 जुलाई 1992 की माफी नीति के अनुसार समय से पहले रिहाई के आवेदन पर विचार करने का निर्देश दिया.
9. गुजरात सरकार ने सभी 11 दोषियों को 15 अगस्त 2022 को गोधरा की उप-जेल से रिहा कर दिया.
10. रिहाई के बाद बिलकिस बानो ने सुप्रीम कोर्ट के मई 2022 के आदेश को चुनौती दी.
11. दिसंबर 2022 में बिलकिस की याचिका पहली बार सूचीबद्ध हुई. जस्टिस बेला त्रिवेदी ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग किया.
12. मार्च 2023 में मामला जस्टिस जोसेफ व नागरत्ना की बेंच में सूचीबद्ध हुआ. बिलकिस की याचिका पर केंद्र, गुजरात और 11 दोषियों को नोटिस जारी हुआ.
13. 12 अक्टूबर 2023 को मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया गया, जो अब सुनाया गया.

## कैसे पलट गया गुजरात सरकार का फैसला

- **बेंच ने अपराध को भयावह बताया और कहा, वो भावनाओं में नहीं बहेगी. जस्टिस जोसेफ ने वकीलों से यह भी कहा कि मामले को जून से पहले समाप्त करने की जरूरत है. क्योंकि तब तक वो रिटायर हो रहे हैं.**
- अदालत ने गुजरात सरकार से यह भी पूछा, क्या राज्य इस तरह की छूट नीति लागू कर सकता है, जब हत्या के दोषी भी वर्षों से जेल में बंद हैं.
- **अप्रैल 2023 में अदालत ने गुजरात सरकार से जानना चाहा कि उसने दोषियों की रिहाई की अनुमति क्यों दी? बेंच ने टिप्पणी की कि जिस तरह से अपराध किया गया वह भयानक था.**
- कोर्ट ने सवाल किया कि क्या 11 दोषियों को दी गई सजा में छूट कानून के विपरीत है?
- **क्या गुजरात सरकार को उक्त छूट देने से पहले केंद्र से सलाह लेने की आवश्यकता थी?**
- सुप्रीम कोर्ट में 17 अगस्त 2023 को जस्टिस नागरत्ना ने पूछा, रिहाई में छूट का फायदा सिर्फ बिलकिस के दोषियों को ही क्यों दिया गया. बाकी कैदियों को ऐसी छूट क्यों नहीं मिली?
- बिलकिस के वकील ने कहा, जब केस का ट्रायल महाराष्ट्र में चला था तो फिर गुजरात सरकार फैसला कैसे ले सकती है?
- **जुलाई 2023 में जस्टिस नागरत्ना और भुइयां की बेंच ने कहा, दलीलें पूरी हो चुकी हैं. सभी दोषियों को समाचार पत्र प्रकाशनों में नोटिस दिए गए हैं. बेंच ने 11 दिनों की सुनवाई के बाद पिछले साल 12 अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था.**

# बढ़ेगा बिजली बिल, लगेगा जोर का झटका



### खास बातें

- झारखंड में 58 लाख बिजली उपभोक्ताओं की जेब होगी ढीली
- इस माह के अंत तक 2023-24 की नया बिजली दर होगा जारी

**रवि भारती। रांची**

जनवरी का महीना राज्य के 58 लाख बिजली उपभोक्ताओं की जेब ढीली करने वाला होगा. इस माह के अंत तक झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग वर्ष 2023-24 के लिए बिजली की नई दर लागू कर देगा. आयोग के सदस्य तकनीक अतुल कुमार ने बताया कि झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम से सात दिनों के अंदर जनसुनवाई पर आई आपत्तियों पर मंतव्य मांगा है. वितरण निगम से आए मंतव्य के बाद सलाहकार समिति की बैठक होगी. इसके बाद नियामक आयोग नई बिजली दर जारी कर देगा. इसके पहले साल 2023 के जून में नयी बिजली दरें घोषित की गई थीं.

### ऐसा है वितरण निगम का प्रस्ताव

1. घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दर प्रति यूनिट 2.30 रुपए बढ़ाने का प्रस्ताव
2. शहरी घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दर 8.60 रुपए यूनिट करने का प्रस्ताव
3. 400 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं की दर 7.60 रुपए प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव

### झारखंड विद्युत वितरण निगम को टैरिफ से चाहिए 9302.94 करोड़ रुपए

वितरण निगम को बिजली बिल के टैरिफ से 9302.94 करोड़ रुपए का राजस्व चाहिए. इसमें घरेलू उपभोक्ताओं से 5276.31 करोड़, कॉमर्शियल उपभोक्ताओं से 1080.29 करोड़, एसएस कटेगरी कंज्यूमर से 81.92 करोड़, एलटी कनेक्शन से 371.14 करोड़, सिंचाई से 161.49 करोड़, एचटी कनेक्शन से 2735.01 करोड़, रेलवे से 74 करोड़ और एमइएस से 12.80 करोड़ का राजस्व चाहिए.

### 2024-25 के टैरिफ पिटीशन पर हो रहा मंथन

झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग वित्तीय वर्ष 2024-25 के टैरिफ पिटीशन पर मंथन कर रहा है. 2023-204 के बिजली दर निर्धारण के बाद 2024-25 के लिए आयोग फिर से जनसुनवाई की प्रक्रिया शुरू करेगा. इस साल दो वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए बिजली की दर जारी की जाएगी.

# गांव, युवा और किसान पर रखें बजट का फोकस : सीएम हेमंत

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों के साथ बजट 2024-25 की तैयारियों पर समीक्षा बैठक की. सीएम ने आगामी बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, खेल, उद्योग, स्वास्थ्य, कृषि, बिजली, पानी, सड़क, आवास योजना और सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत पेंशन राशि, स्कूल एवं कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति सहित अन्य प्रमुख मुद्दों पर विशेष फोकस किए जाने का निर्देश अधिकारियों को दिए हैं.

इस अवसर पर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव भी मौजूद थे. सीएम ने कहा कि झारखंड वासियों की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एक बेहतर बजट तैयार करें. बजट में जन-कल्याण और सर्वांगीण विकास पर जोर रहना चाहिए. उन्होंने कहा कि राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है, इस निमित्त निरंतर कार्य किए जा रहे हैं. झारखंड कई क्षेत्रों में तेज गति से प्रगति भी कर रहा है. गांव, कृषि, किसान और नौजवान पर फोकस करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं को उन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है. बजट में रोजगार तथा स्वरोजगार के प्रावधानों में वृद्धि पर जोर दें.

आनेवाले समय में भी इन्हें और मजबूत किए जाने के लक्ष्य के साथ कार्य योजनाएं झारखंड सरकार बना रही है.

-शेष पेज 13 पर

सीएम ने बजट की तैयारी को ले अधिकारियों संग बैठक की



**विश्लेषण** दो बड़े नेताओं सुशील मोदी व नंदकिशोर यादव का बढ़ रहा कद, मिल सकती है बड़ी जिम्मेवारी

# भाजपा को नीतीश को चुनौती देनेवाले चेहरे की तलाश!

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना**

बिहार की सियासत करवट ले रही है. बिसात पर नित्य नये प्रयोग हो रहे. पक्ष - विपक्ष 2024 का समर फतह करने को नए शमशीर की तलाश में जुटा है. 'इंडिया', गठबंधन नीतीश कुमार को संयोजक बनाकर चुनावी में अपनी जीत पक्की करने की तैयारी में है.

वहीं, भाजपा नीतीश के सामने एक ऐसे चेहरे को ढूंढ़ रही, जिसे आगे कर न सिर्फ 2024 में 'इंडिया' को पछाड़ा जा सके, बल्कि 2025 के विस चुनाव में भी महागठबंधन को कड़ी टक्कर दे सके. जाहिर तौर पर सीएम नीतीश ने जातीय गणना के बाद राजनीति की दिशा बदल दी है. अब तय है कि बिसात पर जो मोहरें बैठाए जाएंगे, वो पिछड़े-अति पिछड़े जातीय समीकरण के अनुरूप ही होंगे.





### पिछड़ों के आइकन हैं लालू-नीतीश

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और जदयू के शीर्ष नेता नीतीश कुमार की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान पिछड़ा वर्ग के आइकन के रूप में है. भाजपा की बिहार इकाई में पिछड़े-अति पिछड़े वर्ग से आनेवालों में गिने-गिने चेहरे ही हैं, जिनमें प्रमुख रूप से सुशील मोदी, सम्राट चौधरी, नित्यानंद राय, तारकिशोर प्रसाद, नंदकिशोर यादव, डॉ. प्रेम कुमार और रेणु देवी के नाम शामिल हैं. जाहिर तौर पर 2024 लोस में नरेंद्र मोदी जैसे बड़े चेहरे के सामने किसे आगे किया जाए, यह 'इंडिया' के लिए बड़ी चुनौती है. भाजपा पिछड़ा-अति पिछड़ा से किसी चेहरे को बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है, जिससे बिहार में 'इंडिया' को जोरदार टक्कर दी जा सके.

### डैमेज कंट्रोलर के रूप में है मोदी की पहचान

भाजपा की अंदरूनी चर्चाओं पर गौर करें, तो पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी को भाजपा बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकती है. इसके कुछ संकेत 5 जनवरी को मोदी के जन्मदिन समारोह पर लगाये गये पोस्टर-बैनर में भी मिले. वैसे भी भाजपा पर संकट आता है, तो 'डैमेज कंट्रोलर' के रूप में मोदी को आगे कर दिया जाता है. एक पोस्टर में मोदी को बिहार भाजपा का संकटमोचक बताया गया है. पोस्टर पर हनुमान जी और मोदी की बड़ी सी तस्वीर है. इस पर लिखा है कि बिहार भाजपा के संकटमोचक. ऐसा देखा जा रहा है कि पिछले कई महीनों से उनकी सक्रियता बढ़ गयी है. वह लगातार प्रदेश कार्यालय भी जा रहे और प्रेस वार्ता भी कर रहे हैं. इनके साथ नंदकिशोर यादव को भी प्रमुखता दी जाने लगी है. यादव पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, विधानसभा में विरोधी दल के नेता, विधानसभा की प्रमुख लोक लेखा समिति के सभापति और कई विभागों के लंबे समय तक मंत्री रह चुके हैं.

### चौधरी- मोदी का जन्मदिन समारोह या शक्ति प्रदर्शन

सियासी गलियारों में दो जन्मदिन की चर्चा है. गुरुवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के आवास पर उनके पिता शकुनी चौधरी का 88वां जन्मदिन समारोहपूर्वक मनाया गया. वहीं, अगले दिन शुक्रवार को सुशील मोदी का 72वां जन्मदिन मना. दोनों जन्मदिन को दोनों के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है. लोगों का कहना है कि सम्राट चौधरी के पिता का 88वां जन्मदिन था. यह 75वां या 100वां तो नहीं था, जिसके लिए ऐसा आयोजन हुआ. इसे सम्राट के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है. माना जा रहा कि बड़ी जिम्मेवारी संभालने को लेकर सम्राट चौधरी और सुशील मोदी में प्रतिस्पर्धा है. दोनों पिछड़ा वर्ग से आते हैं.

# झटका : राजस्थान में उपचुनाव हार गये भाजपा के नामी मंत्री

**एजेंसी। जयपुर**

### खास बातें

- कांग्रेस के रुपिंदर सिंह कुन्नर ने भाजपा के मंत्री
- सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को 11283 वोटों से हराया

राजस्थान में नवगठित भाजपा सरकार को सोमवार को करारा झटका लगा, जब विपक्षी कांग्रेस के प्रत्याशी रुपिंदर सिंह कुन्नर ने करणपुर विस सीट जीत ली. कुन्नर ने इस सीट के लिए चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी व मंत्री सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को 11283 वोटों से हराया.

भाजपा ने इस सीट से चुनाव लड़ रहे टीटी को पहले ही मंत्री बना दिया था. कांग्रेस प्रत्याशी गुरमीत सिंह के निधन से इस सीट पर चुनाव टल गया था. विजेता रुपिंदर, गुरमीत सिंह के बेटे हैं. यहां 5 जनवरी को वोट हुआ, गिनती सोमवार को हुई. निर्वाचन विभाग की वेबसाइट की जानकारी के अनुसार कांग्रेस के रुपिंदर सिंह को 94,950 जबकि टीटी को 83,667 वोट मिले. तीसरे नंबर पर रहे आम आदमी पार्टी के पिरथीपाल को 11940 वोट मिले. इस जीत के साथ ही राज्य की 200 सीटों वाली विस में कांग्रेस के विधायकों की संख्या बढ़ कर 70 हो गई है. प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा के 115 विधायक हैं. पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि इलाके की जनता ने भाजपा को सबक सिखाया है. गहलोत ने एक्स पर लिखा, 'करणपुर ने भाजपा के अभिमान को हराया है. जीत के बाद रुपिंदर ने कहा, मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं.जो इस हाल में भी मेरे साथ हैं.

## पति-पत्नी टॉप लेवल के आईएफएस, पर प्रॉपर्टी बनाने में जबरदस्त कंपीटिशन

# प्रॉपर्टी के मामले में आईएएस, आईपीएस से भी आगे निकले आईएफएस अफसर



रवि भारती। रांची

प्रॉप्रटी के मामले में झारखंड कैडर के आईएफएस (भारतीय वन सेवा) के अफसर आईएएस और आईपीएस से कहीं आगे हैं. इन अफसरों ने जो संपत्ति का ब्योरा सौंपा है, उसके हिसाब से पिछले साल की तुलना में डेढ़ से दो गुना तक संपत्ति का इजाफा हुआ है. कई अफसरों के फ्लैट का कंस्ट्रक्शन भी चल रहा है, जिसके इस्टीमेटेड कॉस्ट का भी ब्योरा दिया गया है. जयपुर में आईएफएस अफसर कुलवंत सिंह 2957 वर्गफीट में फ्लैट बनवा रहे हैं, जिसकी इस्टीमेटेड कॉस्ट 94.26 लाख रुपए बतायी गयी है. वहीं प्रदूषण बोर्ड के मेंबर सेक्रेट्री वाइके दास यूपी के गौतम बुद्धनगर में फ्लैट बनवा रहे हैं, जो फिलहाल अंडर कंस्ट्रक्शन है. यह उनकी पत्नी के नाम से संयुक्त रूप से हैं, जिसकी वर्तमान कीमत 1.15 करोड़ रुपये बताई है.

**पति- पत्नी में कंप्टीशन, प्रमोशन में पति ने बाजी मारी :** प्रॉपर्टी को लेकर आईएफएस पति-पत्नी के बीच भी कंपीटिशन दिख रहा है. यूपी के लखनऊ में आईएफएस शैलजा सिंह और एनके सिंह दोनों के नाम 2.75 करोड़ का फ्लैट है, जिससे नौ लाख रुपये सालाना इनकम भी होती है. शैलजा सिंह ने खूंटी में 0.50 एकड़ जमीन ली, तो एनके सिंह ने खूंटी में ही एक एकड़ जमीन ले ली. इससे एक लाख रुपए सालाना इनकम भी हो रही है. इसी तरह रांची के सुकुरहुटू में दोनों ने 7820 वर्गफीट जमीन खरीदी है. पुंदाग में भी पति पत्नी दोनों ने फ्लैट खरीदे हैं. हालांकि प्रमोशन पाने में एनके सिंह ने बाजी मारी है.

### जनवरी 2024 में आईएफएस अफसरों ने सौंपा है संपत्ति का ब्योरा




**संजय श्रीवास्तव (पीसीसीएफ)**
उत्तरप्रदेश (लखनऊ)- फ्लैटः पत्नी के नाम संयुक्तः सालाना इनकमः 315000 रुपये
रांची (सुकुरहटूः 7820 वर्गफीट जमीन
दिल्ली साउथः फ्लैटः पत्नी के नाम संयुक्तः सालाना इनकमः 378000 रुपये

**कुलवंत सिंह**
कांके (रांची)- 7820 वर्गफीट जमीनःवर्तमान कीमत 1150000 रुपए
साहेबजादा अजित सिंह नगर (पंजाब)-4500 वर्गफीट जमीनः वर्तमान कीमतः 95 लाख
कांके रांचीः (2044 वर्गफीट) 4 बीएचके फ्लैटः वर्तमान कीमतः 4869000 रुपए, पत्नी के नाम संयुक्त
जयपुर (राजस्थान)- फ्लैट (2957 वर्गफीट)- अंडर कंस्ट्रक्शन)- इस्टीमेटेड कॉस्टः 9426000 रुपये

**शैलजा सिंह**
यूपी (लखनऊ)- घर (2152 वर्गफीट)- पति के नाम संयुक्तः वर्तमान कीमतः 2.75 करोड़
रांची (सांगा) 7820 वर्गफीटः वर्तमान कीमतः 20 लाख
खूंटीः 0.50 एकड़ जमीनः वर्तमान कीमतः 5.50 लाख
पुंदाग रांचीः फ्लैटः 5000 वर्गफीटः वर्तमान कीमतः 60 लाख

**नंद किशोर सिंह**
यूपी (लखनऊ)- फ्लैटः2152 वर्गफीट, वर्तमान कीमतः 2.75 करोड़ः पत्नी के नाम संयुक्तः सालाना इनकमः नौ लाख रुपये
सुकुरहटू (रांची)- 7820 वर्गफीट जमीन, वर्तमान कीमत 20 लाख रुपये
बूटी रोड रांची- 1100 वर्गफीट फ्लैटः बेटी के नामः वर्तमान कीमत 80 लाखः सालाना इनकमः तीन लाख रुपये
खूंटीः एक एकड़ जमीनः वर्तमान कीमतः 11 लाख, सालाना इनकम एक लाख रुपये
रांची पुंदागः फ्लैट 1500 वर्गफीटः वर्तमान कीमतः 30 लाखः बेटी के नाम
पुंदाग में फ्लैटः वर्तमान कीमत 30 लाखः बेटी के नाम

**विश्वनाथ साह**
नैनीतालः 25 लाख की जमीन (संयुक्त)
नैनीतालः 55 लाख की जमीन (संयुक्त)
नैनीतालः 10 लाख रुपए की जमीन (संयुक्त)
नैनीतालः फ्लैटः वर्तमान कीमतः 47 लाख रुपएः पत्नी के नाम संयुक्त

**वाइके दास**
रांची, अरगोड़ा चौकः फ्लैटः वर्तमान कीमतः 1.25 करोड़
दरभंगा (बिहार)-घर- वर्तमान कीमतः दो करोड़ रुपये
दरभंगा (बिहार)- 0.75 कट्ठा जमीन) वर्तमान कीमतः 25 लाख रुपए, पत्नी के नाम
दरभंगाः केदराबाद में जमीन (कितनी जमीन उल्लेख नहीं)
रांची, सांगाः 3.90 लाख की जमीन
गौतम बुद्धनगर(यूपी)- फ्लैट अंडर कंस्ट्रक्शन)- पत्नी के नाम संयुक्तः वर्तमान कीमतः 1.15 करोड़

**जब्बर सिंह**
जोधपुर (राजस्थान)- 3600 वर्गफीट जमीन, कीमत का उल्लेख नहीं
रांची कांके- 7820 वर्गफीटः कीमत का उल्लेख नहीं
जोधपुर (राजस्थान) 2700 वर्गफीटः पिता के नामः कीमत का उल्लेख नहीं
जोधपुर (राजस्थान) 5400 वर्गफीटः कीमत का उल्लेख नहीं
रांचीः अरगोड़ाः 1620 वर्गफीट, फ्लैट)- पत्नी के नाम संयुक्तः कीमत का उल्लेख नहीं

**करमा जिंगपा भूटिया**
सिक्किम( सामडोंग)- छह लाख की जमीनः पिता से प्राप्त
सिक्किम( गंगटोक)- घर- वर्तमान कीमतः 70 लाख, सालाना इनकमः 1.0 लाख

### देश के कोने-कोने तक आईएफएस अफसरों का साम्राज्य

आइएफएस अफसरों का देश के कोने-कोने तक धन संपति का साम्राज्य है. सिक्किम, राजस्थान, यूपी, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों में भी आइएफएस अफसरों की धन संपत्ति हैं. वहीं आइएफएस नीतीश कुमार, राहुल मीणा, अहमद बेलाल अनवर, विकास पालिवाल और अपूर्व सिन्हा के पास किसी तरह की कोई भी प्रॉपर्टी नहीं है.

## आपकी बात



> आपसे जितना बन पाए, जरूरतमंदों व असहायों की मदद कर समाज की सेवा में अपना योगदान जरूर दें.

**नाम : सुरेन्द्र भाई मोदी**
**पद :** राजनीतिक कार्यकर्ता
**जन्मस्थल :** कोडरमा
**कार्यक्षेत्र :** कोडरमा

सुरेन्द्र मोदी लोग इन्हें सुरेन्द्र भाई मोदी के नाम से जानते हैं. इनका जन्म 1975 में तब के एकीकृत बिहार और झारखंड के हजारीबाग जिले में व वर्तमान कोडरमा जिले में हुआ था. वह बचपन से ही पढ़ाई में काफी तेज व होनहार थे. उनकी प्राथमिक शिक्षा कोडरमा जिले के जयनगर से हुई थी. उन्होंने इंटर और डिग्री के बाद मास्टर इन साइंस की डिग्री ली. सुरेन्द्र भाई मोदी ने कॉलेज की पढ़ाई पटना से की है. वे बचपन से ही समाजसेवा में काफी रुचि रखते थे. उस वक्त वह अपने घर से जितना बन पाता था, उतना जरूरतमंदों की सेवा करते थे. वर्तमान में वह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष हैं. वे पिछले 30 वर्षों से भाजपा में सक्रिय सदस्य के रूप में जनसेवा कार्यों में जुड़े रहे हैं. उनके अच्छे कार्यों के कारण ही जयनगर की जनता ने उनकी पत्नी अंजु देवी जी को पंचायत समिति सदस्य भी चुना था. वहीं सुरेन्द्र मोदी विभिन्न संगठनों से जुड़ कर विभिन्न शाखाओं के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से कार्य करते हैं. वह कोडरमा जिले में समाज में लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बन कर युवाओं को खेल कूद के प्रति जागरूक करते हैं. साथ्ज ही गरीब व लाचार लोगों को सदैव सहयोग व मदद पहुंचाते हैं. सुरेन्द्र भाई मोदी कहते हैं कि यह जरूरी नहीं है कि आप बहुत ज्यादा समाजसेवा करें, तभी आपकी पूछ होगी. आपसे जितना बन पाए, जरूरतमंदों व असहायों की मदद करने में अपना योगदान जरूर दें. वह यह भी बोलते हैं कि गरीब, असहायों व जरूरतमंदों को सेवा करने से मन में एक अलग सी खुशी और दिल को सुकून महसूस होता है.

### अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में 5 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**रांची।** अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय रांची में सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ है. यह प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हुआ और 12 जनवरी तक चलेगा. इस दौरान एडवांस इन्वेस्टिगेशन ट्रेनिंग कोर्स के तहत जांच प्रक्रियाएं और अपराधों पर एक अवलोकन विषय पर जानकारी दी जाएगी. इस प्रशिक्षण में राज्य के सभी जिले से दो सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारियों को शामिल होने का निर्देश दिया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### सब जोनल कमांडर को एक केस में मिली बेल

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी) के उग्रवादी नागेश्वर गंझू की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने नागेश्वर गंझू को आर्म्स एक्ट के एक मामले में जमानत की सुविधा प्रदान कर दी. हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी नागेश्वर फिलहाल जेल से बाहर नहीं आ सकता, क्योंकि उसपर कई अन्य गंभीर आपराधिक मामले लंबित हैं.

### पंचायत स्वयंसेवक संघ का धरना 15 तक स्थगित

**रांची।** सीएम के प्रधान सचिव विनय चौबे से वार्ता के बाद पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने 15 जनवरी तक अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है. संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने बताया कि अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन को 15 जनवरी तक के लिए स्थगित किया गया. इसके बाद अगर मांगें पूरी नहीं होती हैं तो 16 जनवरी से धरना-प्रदर्शन फिर से शुरू होगा. संघ के अध्यक्ष ने बताया कि सीएम के प्रधान सचिव ने कहा है कि मांगों पर सकारात्मक पहल की जाएगी. सभी स्वयंसेवक वापस कार्य पर लौट जायें.

## पीआईएल कैश कांड : ईडी के गवाह ने कहा-

# राजीव कुमार को दो बार टिकट कटवा कर कोलकाता भेजा

संवाददाता। रांची

पीआईएल मैनेज करने के लिए कैश लेने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई. सोमवार की सुनवाई के दौरान ईडी के गवाह विष्णु अग्रवाल का बयान कोर्ट में दर्ज करवाया गया. उनका बयान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने दर्ज करवाया. अपने बयान में विष्णु अग्रवाल ने कोर्ट को बताया कि हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार को कोलकाता जाने के लिए उन्होंने ही फ्लाइट की टिकट करवाई थी और ऐसा उन्होंने दो बार किया. अब बचाव पक्ष की ओर से गवाह का क्रॉस एग्जामिनेशन करने के लिए 23 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई है.

### राजीव कुमार 2022 में हुए थे गिरफ्तार

दरअसल 31 जुलाई 2022 को झारखंड हाईकोर्ट के चर्चित अधिवक्ता राजीव कुमार की कोलकाता से गिरफ्तारी हुई थी. व्यवसायी अमित अग्रवाल ने आरोप लगाया था कि उनके खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में दाखिल एक जनहित याचिका में राहत पहुंचाने के नाम पर अधिवक्ता ने पहले 10 करोड़ रुपये की मांग की थी. लेकिन बाद में एक करोड़ रुपये देने की बात तय हुई. पहली किस्त में 50 लाख रुपये लेने के लिए ही राजीव कुमार कोलकाता आये थे. हेयर स्ट्रीट थाने में इसकी शिकायत के बाद अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया था.

# मेकॉन के साथ हुए फर्जीवाड़ा की अब सीबीआई करेगी जांच

संवाददाता। रांची



मेकॉन लिमिटेड के साथ किए गए फर्जीवाड़े मामले की सीबीआई जांच करेगी. मेकॉन लिमिटेड से ओडिशा की हॉक्स सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा 85 लाख रुपये का फर्जीवाड़ा किया गया था. इस मामले में एक जनवरी 2019 को मेकॉन लिमिटेड के द्वारा डोरंडा थाना में फर्जीवाड़ा का मामला दर्ज कराया गया था. आरोप है कि सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा जानबूझकर और बेईमानी से मेकॉन लिमिटेड रांची द्वारा दिए गए कार्य आदेशों के संदर्भ में जाली बैंक गारंटी तैयार की. और इस तरह से मेकॉन लिमिटेड को 85 लाख रुपये का नुकसान हुआ था. इस मामले को सीबीआई ने टेकओवर करते हुए कांड संख्या आरसी 024202ए0001 दर्ज किया है. इन मामले का आईओ सीबीआई एसीबी रांची के डीएसपी ब्रजेश कुमार को बनाया गया है.

## सीबीआई ने दर्ज की प्राथमिकी

# केंद्र ने जिसे दिया अनुदान, उससे मिलते जुलते नाम के दूसरे ट्रस्ट ने उठा ली रकम

सौरभ सिंह। जमशेदपुर/रांची

जमशेदपुर में कुछ लोगों ने स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट नामक संस्था के मिलते-जुलते नाम से दूसरा ट्रस्ट बना कर फर्जी तरीके से केंद्र सरकार से 42 लाख का अनुदान ले लिया. गबन का यह मामला 20 साल पुराना है, जिसकी जांच अब सीबीआई की एसीबी रांची ब्रांच करेगी. इस मामले में सीबीआई ने कांड संख्या आरसी 0242024S0002 दर्ज की है. सीबीआई स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट जमशेदपुर, सरोज दास, रंजीत चौधरी, नकुल चंद्रा, कमल कांति, कमल दास, प्रकाश चंद्रा, असीम बॉस और अन्य लोगों की इस गबन में भूमिका की जांच करेगी. इंस्पेक्टर मुकुंद कुमार करण को इस केस का आईओ बनाया गया है. बीते साल 20 सितंबर 2023 को झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले की सीबीआई जांच का आदेश दिया था.

**जानें क्या है मामला :** जमशेदपुर में स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट आदिवासी बालिकाओं के लिए हॉस्टल चला रहा था. इसके संचालन के लिए केंद्रीय जनजाति विकास विभाग (मंत्रालय) ट्रस्ट को पैसे देता था. साल 2002-03 में विभाग ने ट्रस्ट को 42 लाख आवंटित किये थे. लेकिन ट्रस्ट के सचिव रहे सरोज दास ने साजिश रच कर मिलता-जुलता नाम सिर्फ सेवा हटा कर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट का गठन किया. पूर्व परिचित होने के कारण दिल्ली जाकर मिलीभगत कर विभाग से आवंटित 42 लाख अपने ट्रस्ट के खाते में डलवा लिया. जब मामला प्रकाश में आया तो जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना में केस दर्ज किया गया. लेकिन पुलिस की जांच में मामले को रफा-दफा कर दिया गया. इसके बाद केंद्र ने राज्य सरकार को जांच के लिए लिखा, लेकिन कुछ नहीं हुआ. इसके बाद पुरानी वास्तविक ट्रस्ट स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट ने मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की. सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने मामले की सीबीआई जांच करने का आदेश दिया.

CLASSIFIED

































तापमान 22⁰ अधिकतम 13⁰ न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार





बरियातू में जमा भीड़
पुलिस ने कराया शांत

**धार्मिक आस्था पर चोट :** रांची और जामताड़ा में असामाजिक तत्वों ने लोगों की भावनाओं को भड़काने के लिए किया अक्षम्य अपराध

# रांची में राम जानकी मंदिर की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त किया, गुस्साए लोग उतरे सड़क पर

सौरभ सिंह। रांची

रांची की बरियातू हाउसिंग कॉलोनी के राम जानकी मंदिर में घुस कर प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना को लेकर सोमवार को जनाक्रोश फूट पड़ा. सैकड़ों लोग सड़क पर उतर आए.

राजभवन-बूटी मोड़ रोड को लोगों ने जाम कर दिया. रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह और समरीलाल भी मौके पर पहुंचे. लोग प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने वालों की शिनाख्त कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे. इस बीच, पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लोगों को समझा-बुझा कर मामला शांत कराया. सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने आंदोलित लोगों को आश्वासन दिया कि वो अपनी सैलरी से पैसा देकर फिर से मंदिर की मरम्मत करवा देंगे. वहीं सांसद संजय सेठ और विधायक सीपी सिंह ने भी एक-एक मूर्ति का खर्च वहन करने की जिम्मेदारी ली. सिटी एसपी ने कहा कि जल्द से जल्द अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी. उन्होंने लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की.

### खास बातें

- सिटी एसपी ने कहा- मंदिर के पुनर्निर्माण का खर्च मैं दे दूंगा
- अपराधियों की पहचान कर जल्द होगी गिरफ्तारी
- मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात, चौकसी

दोषियों की शिनाख्त कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग



### प्रभु हनुमान जी का मुकुट चोरी

घटना बीती रात की है. सोमवार को मंदिर पहुंचने पर सबको इसकी जानकारी मिली. खबर फैलते ही सैकड़ों लोग पहुंच गए. मंदिर बरियातू मुख्य मार्ग पर डीएवी स्कूल के सामने है. मंदिर के पुजारी बाबा रामदेव के अनुसार अपराधी चोरी करने घुसे थे या उनकी मंशा कुछ और थी, कहा नहीं जा सकता. अपराधी हनुमान जी का मुकुट चुरा ले गये. दानपेटी भी तोड़ने की कोशिश की. श्री राम और हनुमान की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया. शिव लिंग के ऊपर स्थित भगवान शेषनाग की पीतल की प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त की गई है. विरोध में लोगों ने सड़क जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया.

### प्रतिमाओं की फिर प्राण प्रतिष्ठा होगी: सांसद

मौके पर पहुंचे रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि पूरे देश में जब अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धा और उत्साह का माहौल है, तब असामाजिक-आपराधिक तत्वों ने रांची में इस तरह की वारदात को अंजाम देकर सौहार्द्र बिगाड़ने की साजिश की है. उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मंदिर पर हमला करने वालों की अविलंब गिरफ्तारी हो और तोड़ी गई प्रतिमाओं की पुन: प्राण प्रतिष्ठा कराई जाए. विधायक सीपी सिंह और समरी लाल ने भी घटना की तीखी भर्त्सना करते हुए कहा कि हाल के दिनों में मंदिरों पर जिस तरह हमले की घटनाएं बढ़ी हैं, उससे लॉ एंड ऑर्डर पर भी सवाल खड़े हुए हैं. उन्होंने तत्काल कार्रवाई की मांग की.

## जला मिला मदीना मस्जिद से गायब धर्मग्रंथ

संवाददाता। जामताड़ा

- जामताड़ा का फतेहपुर बाजार पुलिस छावनी में तब्दील

जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्रन्तर्गत फतेहपुर बाजार स्थित मदीना मस्जिद से कुछ दूरी पर असामजिक तत्वों द्वारा धार्मिक गंथ्र जलाने का मामला सामने आया है.सोमवार की सुबह फतेहपुर बाजार स्थित मदीना मस्जिद से कुछ दूरी पर शौच करने के लिए गए बच्चों की नजर खेत में धू-धू कर जल रहे धार्मिक ग्रंथ पर पड़ी.

उसके बाद बच्चों ने ईमाम मौलाना जुल्फिकार निजामी को सूचना दी, जिनका घर मस्जिद के समीप ही है. हालांकि सुबह 4 बजे मस्जिद में फजर की नमाज अदा की गई. उस समय किन्हीं की नजर मस्जिद में रखे धार्मिक ग्रंथ पर नहीं पड़ी. जब सुबह बच्चों ने अपने घरवालों को धार्मिक ग्रंथ जलने की सूचना दी. उसके बाद ग्रामीणों ने खेत में जल रहे धार्मिक ग्रंथ को जाकर देखा. हालांकि फतेहपुर बाजार के ग्रामीणों ने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए किसी प्रकार का प्रदर्शन नहीं किया. जिस कारण माहौल शांतिपूर्ण बना हुआ है. वहीं जिला प्रशासन ने ऐहतियातन पर्याप्त संख्या में जिला पुलिस बल व आईआरबी जवानों की प्रतिनियुक्ति कर दी है. फिलहाल फतेहपुर बाजार पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है.

घटना की सूचना पाकर डीसी शशि भूषण मेहरा व एसपी अनिमेष नैथानी ने फतेहपुर थाना पहुंच कर मामले की जानकारी ली. तत्पश्चात शाम 4 बजे शांति समिति की बैठक की गयी. इस दौरान डीसी व एसपी ने दोनों पक्षों से शांति-व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की. मौके पर एसपी ने कहा कि धार्मिक ग्रंथ जलाने के मामले में शामिल दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा. पुलिस हरेक पहलुओं को ध्यान में रख कर जांच कर रही है. सब लोग शांति बनाये रखें.

### ब्रीफ खबरें

#### रिम्स में मारपीट करने वाले छात्र हॉस्टल खाली करें

**रांची।** रिम्स में 2019 बैच के छात्रों द्वारा पिछले हफ्ते मारपीट एवं 22 दिसंबर को संस्थान की संपत्ति को नुकसान करने पर सोमवार को अनुशासनिक कमेटी ने तीन छात्रों को हॉस्टल खाली करने के साथ 10,000 का जुर्माना लगाया है. इनमें आशीष दुबे, आयुष केडिया, आशीष नचिकेता शामिल हैं. वहीं पांच छात्रों पर 10,000 का जुर्माना लगाया गया है.

#### बच्चों के पीछे कुत्ता दौड़ाया, मामला दर्ज

**रांची।** रास्ता अतिक्रमण करने का विरोध करने पर हेसाग के ग्रामीणों के बच्चों को पालतू कुत्ते से क्षति पहुंचायी गयी. जगरनाथपुर थाने में ग्रामीणों ने मामला दर्ज कराया है. ग्रामीणों ने कहा है कि प्लॉट नंबर 306 के जमीन मालिक सुनील रास्ते की जमीन पर बॉउन्ड्री बना रहे हैं. छह जनवरी को विरोध करने पर सुनील और कुछ अन्य लोगों ने ग्रामीणों के बच्चों पर दो कुत्ता छोड़ दिया. कुत्तों ने बच्चों को काट लिया.

#### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज शाम को

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में होगी. बैठक को लेकर सभी विभागों ने अपने-अपने स्तर से तैयारियां की हैं, लेकिन यह माना जा रहा है कि सबसे अधिक ध्यान बजट सत्र के आयोजन को लेकर होगा. आम चुनाव होने के कारण बजट सत्र का आयोजन फरवरी के प्रथम सप्ताह में होने की बातें की जा रही हैं.

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के क्लर्क सिस्टम पर पड़ रहे हैं भारी

# 20 करोड़ से ज्यादा की फर्जी निकासी का मामला उजागर

अमित सिंह। रांची

पेयजल-स्वच्छता विभाग के क्लर्क सिस्टम पर भारी हैं. रुक्का प्रमंडल में लिपिक द्वारा 20 करोड़ रु. की फर्जी निकासी का मामला सामने आया है. जांच हो रही है. क्लर्क पर कार्रवाई हो रही है. अब चाईबासा प्रमंडल में भी कागजी फर्जीवाड़ा सामने आया है. इसमें चाईबासा के कैशियर व क्लर्क की संलिप्तता बतायी जा रही है. इस फर्जीवाड़ा के सहारे ग्रामीण कार्य विभाग में 10 करोड़ का काम हासिल करने की कोशिश की गई. शिकायत के बाद सचिव अजय कुमार ने पूरे मामले की जांच का आदेश दिया है.

ग्रामीण कार्य विभाग रांची और चाईबासा में तीन काम के लिए टेंडर निकला था. तीनों की लागत 10 करोड़ है. चाईबासा में 3.02 करोड़ से बिकुली से रंबागसाई तक 3.22 किमी और 3.11 करोड़ से रोबांध क्रशर चौक बुरुबालजोड़ी से कुलागुटू वाया बुरूहातु पुल तक 2.75 किमी सड़क बननी है. वहीं रांची मुख्य अभियंता कार्यालय के तहत 3.83 करोड़ की लागत से बड़ानंदा डांगुवापोसी सरबिल से कलैया तक कुल 4.25 किमी सड़क का निर्माण होना है. इसके लिए आरडब्ल्यूडी ने टेंडर निकाला.

तीनों काम पेयजल विभाग द्वारा जारी फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर हासिल करने का फर्जीवाड़ा सामने आया है.





### ईई ने कहा-प्रमाण पत्र है फर्जी

विभाग के चाईबासा प्रमंडल से 6 नंवबर 2023 (45) को अनुभव प्रमाण पत्र जारी हुआ. यह प्रमाण पत्र हरि शंकर पांडे (रतनपुर, वैशाली) के नाम जारी हुआ. इस की जांच के लिए ग्रामीण कार्य विभाग, चाईबासा (1295/23.12.2023) ने पेयजल विभाग को पत्र लिखा. तब प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता विनोद कुमार ने कार्य अनुभव प्रमाण पत्र की सत्यतता की जांच कराई. जिमसें पता चला कि पेयजल विभाग के चाईबासा प्रमंडल से ऐसा कोई पत्र जारी ही नहीं हुआ है. तब पेयजल विभाग के ईई ने बताया कि पत्र संख्या 45, दिनांक 06.11.2023 इस कार्यालय से निर्गत नहीं किया गया है.

### काम अधूरा और जारी हुआ प्रमाण पत्र

फर्जी प्रमाण पत्र पर 10 करोड़ का टेंडर लेने का प्रयास कर रहे हरि शंकर पांडे विभाग में भी करोड़ों का काम कर रहे हैं. चाईबासा सहित कई जिलों में एसवीएम, कलस्टर और जेजेएम के तहत करोड़ों का काम ले रखा है. टोंटो प्रखंड के एसवीएस कलस्टर नंबर 9सी कार्य, जो 8.81 करोड़ का है, इसी का अनुभव प्रमाण पत्र जारी हुआ है. उस में बताया गया कि उक्त कार्य 9 मई 2024 को पूर्ण होना है. जबकि वास्तविक तिथि 5 नवंबर 2023 है. जबकि कार्य पूर्ण होने से पहले ही संवेदक का कार्य संतोषप्रद है, लिखित प्रमाण पत्र जारी हो गया.

### ऐसे सामने आया फर्जीवाड़ा

ग्रामीण कार्य विभाग का काम फर्जी दस्तावेज के सहारे हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है, ऐसी शिकायत चाईबासा के संजय कुमार पाठक ने विभागीय सचिव से की थी. शिकायकर्ता ने साक्ष्य के साथ बताया है कि आरडब्ल्यूडी में ठेकेदार हरी शंकर पांडे फर्जी दस्तावेज के सहारे 10 करोड़ का काम लेने का प्रयास कर रहा है. वहीं शिकायतकर्ता ने पेयजल विभाग को भी चाईबासा प्रमंडल से जारी फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र की जानकारी देते हुए पूरे मामले की जांच कराने का आग्रह किया. जब कागजों की जांच शुरू हुई.

> *फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र के माध्यम से काम लेने का प्रयास किया जा रहा है, ऐसी शिकायत मिली है. इसके बाद पूरे मामले की जांच कराने का आदेश दिया गया है. फर्जी दस्तावेज पर काम लेने वाले के खिलाफ कार्रवाई होगी.*
>
> **अजय कुमार, सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग**

> *संवेदक हरि शंकर पांडे ने जो कार्य अनुभव प्रमाण पत्र (45,6.11.23) ग्रामीण कार्य विभाग प्रस्तुत किया है, वह मेरे प्रमंडल से जारी नहीं हुआ है. मामले की जांच चल रही है. इसमें जो भी लो संलिप्त होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी.*
>
> **विनोद कुमार, ईई, चाईबासा प्रमंडल, पेयजल विभाग**

हेयरकट के न होने के कारण परीक्षा से वंचित मामला : पेरेंट्स एसोसिएशन ने की पहल

# वंचित छात्र कल दे सकेंगे परीक्षा

संवाददाता। रांची

संत जेवियर्स स्कूल, डोरंडा के वाइस प्रिंसिपल रवि भूषण खेस ने कहा कि दसवीं कक्षा के जिन छात्रों को प्री बोर्ड परीक्षा देने से वंचित किया गया था, उनकी परीक्षा 10 जनवरी को ली जाएगी. बताते चलें कि हेयरकट ठीक नहीं होने के कारण संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा प्रबंधन द्वारा 52 छात्रों को 10वीं की प्री बोर्ड परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया गया था.

इस मामले को लेकर झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा के वाइस प्रिंसिपल रवि भूषण खेस से मुलाकात की. वार्ता के दौरान वाइस प्रिंसिपल ने बताया कि अनुशासन की लगातार अवहेलना कर रहे कुछ बच्चों को परीक्षा देने से रोका गया था.



### अनुशासन से समझौता नहीं : वाइस प्रिंसिपल

स्कूल के वाइस प्रिंसिपल ने कहा कि अनुशासन से कोई समझौता नहीं हो सकता. हम हर हाल में अनुशासन बनाए रखेंगे है. छात्रों को अनुशासित रहना होगा. अभिभावको भी सहयोग करें, ताकि बच्चों का भविष्य संवारा जा सके. स्कूल की कभी ऐसी मंशा नहीं रही है कि छात्रों को परेशानी हो. हमारी कोशिश है कि छात्रों का रिजल्ट बेहतर हो, ताकि उनका भविष्य संवर सके.

### अध्यक्ष ने भी दिए सुझाव

एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने भी प्रबंधन को सुझाव दिए. कहा कि स्कूल संबंधी विषयों की जानकारी अभिभावकों को भी दी जाए, ताकि उनको भी पता चल सके. इससे दोनों तरफ से सही तालमेल हो सकेगा. बच्चों को हो रही समस्याओं को भी ठीक करने की आवश्यकता है ताकि वे शुरू से ही अनुशासन में रह सकें. प्रतिनिधिमंडल में नीरज भट्ट, विजय सिंह, मुकेश साहू सहित अन्य शामिल थे.

#### चुनाव आयोग की टीम जल्द आएगी झारखंड

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद देशभर में लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो गई है. आयोग की टीम जल्द झारखंड का दौरा करके तैयारियों का जायजा लेगी. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने निर्वाचन कार्यों से संबंधित प्रकोष्ठों को जहां प्रशिक्षण दे दिया है. वहीं, यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अब निचले स्तर पर हो रहा है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 10 जनवरी से 28 फरवरी तक राज्य में ईवीएम एवं वीवीपैट को ले जागरूकता अभियान चलाया जाएगा.

#### ...लगातार कोहरे की चादर ओढ़े है झारखंड

**रांची ।** नए साल में झारखंड लगातार कोहरे की चादर ओढ़े हुए है. इसमें कमी नहीं दिख रही है. मौसम विभाग ने 9 जनवरी के लिए राज्य के उत्तरी भागों गढ़वा, चतरा, पलामू, लातेहार, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, जामताड़ा, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ में मध्यम से घना कोहरा होने की संभावना जताई है. वहीं सुबह में कोहरा और बाद में आसमान मुख्यतः साफ़ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा. कोहरे के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है. पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा. वहीं राज्य के उत्तरी भाग में कहीं-कहीं मध्यम से घना कोहरा तथा दक्षिणी व निकटवर्ती मध्य भागों में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा भी दर्ज किया गया. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 26 डिग्री जमशेदपुर में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री चाईबासा में दर्ज किया गया. वहीं 10 जनवरी को राज्य के पश्चिमी भागों में कहीं-कहीं बारिश की संभावना है.

गांडेय विस सीट के चुनाव पर भी पड़ेगा असर

# सुप्रीम कोर्ट के आये इस फैसले से बढ़ जाएगी झामुमो की टेंशन

संवाददाता। रांची

झारखंड की राजनीति में इस समय सर्वाधिक चर्चित गांडेय विधानसभा उपचुनाव पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा सोमवार को जारी एक आदेश का असर जरूर पड़ेगा. सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में पुणे लोकसभा सीट पर उपचुनाव के बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है. शीर्ष अदालत ने यह फैसला भारत निर्वाचन आयोग की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुनाया है. दरअसल, बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में पुणे लोकसभा सीट पर तुरंत उपचुनाव कराने का आदेश आयोग को दिया था. आयोग ने इस आदेश को शीर्ष कोर्ट में चुनौती दी थी. कोर्ट ने आयोग के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में अब कुछ ही समय बचा है. उपचुनाव कराने का कोई लाभ नहीं होनेवाला.

हालांकि शीर्ष अदालत ने आयोग से उपचुनाव में हुई देरी का कारण भी बताने को कहा है. बता दें कि मार्च 2023 में गिरीश बापट के निधन होने से यह सीट रिक्त हो गई थी. इधर, गांडेय सीट 31 दिसंबर को सरफराज अहमद के इस्तीफा के बाद रिक्त हुई है. इसके बाद झामुमो ने यह कहते हुए निर्वाचन आयोग से जल्द ही उपचुनाव कराने की मांग की है. इस संबंध में राज्य निर्वाचन कार्यालय को झामुमो ने ज्ञापन भी सौंपा है. झारखंड में मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल वर्ष 2025 में 6 जनवरी को खत्म हो रहा है. एक वर्ष से अधिक कार्यकाल होने पर उपचुनाव कराना बाध्यता है.



### राजभवन के एक्शन पर भाजपा की नजर

सरकार को ले भाजपा ने राजभवन से कई बार शिकायतें कर रखी हैं. इनमें राज्य में खराब कानून व्यवस्था की स्थिति, ईडी के समन पर सीएम के न जाने से उपजी स्थिति, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे शामिल हैं. गांडेय विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद झारखंड की राजनीति में उबाल आ गया है. भाजपा नेता हेमंत सरकार को विफल बताते हुए सीएम के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं. रविवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के रांची लौटने के बाद नजरें राजभवन पर टिक गयी हैं.

### राज्यपाल भी कर चुके हैं टिप्पणी

राज्यपाल पहले ही राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर चिंता जाहिर कर चुके हैं. सीएम द्वारा खनन लीज लेने के मामले में चुनाव आयोग से आए लिफाफे को लेकर भी राज्यपाल ने कई बार कहा है कि गलत करने वालों को सजा मिलेगी. इन सारे मामलों को देखते हुए प्रदेश भाजपा को उम्मीद है कि राज्यपाल कोई गंभीर निर्णय लेंगे. भाजपा के निशिकांत दुबे और बाबूलाल मरांडी सरकार लगातार हमलावर हैं.

**अयोध्या प्रस्थान** धनबाद की 'शबरी' को है रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार

# श्रीराम शब्द से रामलला के सामने टूटेगा 30 वर्ष का मौन

संवाददाता। धनबाद

1990 के दशक में पूरा भारत अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर आंदोलनरत था. वहीं दूसरी ओर सतयुग में भगवान राम के लिए शबरी जिस तरह से उनके आने का इंतजार में तपस्या कर रही थी, ठीक उसी तरह इस कलयुग में धनबाद के करमाटांड़ की निवासी शबरी रूपी सरस्वती देवी, जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण नहीं होने तक कुछ भी नहीं बोलने का प्राण लिया था और पिछले 30 वर्षों से वह मौन धारण कर मंदिर निर्माण के लिए घोर तपस्या कर रही हैं.

22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में भगवान श्री राम के प्राण - प्रतिष्ठा कार्यक्रम के रूप में उन्हें, उनकी तपस्या का फल मिलने जा रहा है. आधुनिक शबरी सोमवार को ट्रेन से अयोध्या अपने राम के दर्शन के लिए प्रस्थान कर गयीं.



### कागज पर लिख जताई अपार खुशी

सरस्वती देवी ने मौन साधना के दौरान ही चार धाम की यात्रा की. उन्होंने अयोध्या, काशी, मथुरा, तिरुपति बालाजी, सोमनाथ मंदिर, बाबा बैद्यनाथधाम के दर्शन किए. अपना जीवन भगवान राम के चरणों में समर्पित करने वाली सरस्वती देवी ने इन वर्षों में अपना अधिकांश समय अयोध्या में बिताया. इस दौरान उनके घर में कई खुशी के मौके आए. लेकिन उन्होंने अपना मौन व्रत नहीं तोड़ा, उन्होंने इशारों में ही परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों व अन्य लोगों से बात की. श्रीराम मंदिर के उद्घाटन का निमंत्रण मिलने पर वह बेहद खुश हैं और लिखती हैं, ''मेरा जीवन पूर्ण हो गया, रामलला ने मुझे प्राण प्रतिष्ठा के लिए बुलाया है. मेरी तपस्या और साधना सफल हुई. 30 साल बाद मेरा मौन व्रत ''राम नाम'' से टूटेगा. उन्होंने कागज पर लिखा है कि पीएम मोदी अयोध्या के दशरथ हैं और योगी वशिष्ठ हैं.



### सरस्वती भी हैं शबरी जैसी

सरस्वती ने भी प्रभु श्री राम का मंदिर बनने तक मौन व्रत धारण कर लिया था. अब जब 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण- प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है, जहां प्रभु श्री राम अयोध्या में विराजेंगे, तो उसी वक्त 30 वर्षों के बाद सरस्वती देवी की भी तपस्या पूरी होने जा रही है. अयोध्या में रामलला के सामने ही सरस्वती देवी श्री राम शब्द बोल कर अपना व्रत तोड़ेंगी. 22 जनवरी को रामलला मंदिर में विराजमान होंगे. मंदिर के प्राण- प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सरस्वती देवी को भी आमंत्रित किया गया है. वह सोमवार को ही अयोध्या के लिए रवाना हो गईं. जहां 30 साल बाद वह अपनी मौन साधना तोड़ेंगी. वह श्री राम वचन कहकर अपना व्रत खोलेंगी.

## रिम्स ओपीडी

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|

- मेडिसिनः डॉ सीबी शर्मा
- सर्जरीः डॉ विनय प्रताप
- ऑर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- न्यूरोसर्जरीः डॉ आनंद प्रकाश
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- ईएनटीः डॉ संदीप कुमार (पहली पाली), डॉ बिनोद कुमार सिन्हा (दूसरी पाली)
- नेत्रः डॉ राहुल कुमार
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- सीटीवीएसः डॉ विनीत महाजन
- कार्डियोलॉजीः डॉ हेमंत नारायण
- नेफ्रोलॉजीः डॉ प्रज्ञा पंत

## सदर ओपीडी

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार और डॉ सत्येंद्र
- सर्जरीः डॉ अजीत कुमार
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ विनीता जे एक्का और डॉ तान्या प्रिया
- पीडियाट्रिक (शिशु रोग): डॉ अभिषेक
- हेमाटोलॉजीः डॉ अभिषेक रंजन
- ऑनकोलॉजीः डॉ गुंजेश
- नेफ्रोलॉजीः डॉ नवीन कुमार बर्णवाल

## शहर में आज

1. आजसू की इकाई की आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो संग बैठक, हरमू कार्यालय में दिन के 11 बजे से
2. श्रीमद भागवत कथा पुंदाग में दिन के 8 बजे
3. गायत्री यज्ञ, चुटिया में दिन के 10 बजे से
4. प्रभात फेरी रातू रोड गुरुद्वारा से सुबह 6 बजे
5. एसजीएफआई को लेकर पीसी, शिक्षा परियोजना परिषद में दोपहर 12 बजे से
6. खादी मेला मोरहाबादी मैदान में दिन के 10 बजे से

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य : माकपा

**रांची।** बिलकिस बानो से सामुहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सदस्यों की हत्या के लिए दोषी सभी 11 अपराधियों को सजा मे छूट देने के गुजरात सरकार के अवैध आदेश को सुप्रीम कोर्ट द्वारा निरस्त किए जाने के फैसले का माकपा ने स्वागत किया है. कोर्ट ने दोषियों को दो हफ्ते के अंदर वापस जेल भेजे जाने का निर्देश दिया है. सीपीआई (एम) केंद्रीय कमेटी सदस्य प्रकाश विप्लव ने कहा कि सरकारें, संवैधानिक संस्थाएं यदि अपने अधिकार क्षेत्र और कानून के विचारों का उल्लंघन करते हुए कार्य करती हैं, तो यह लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ होगा.

### प्रधान सचिव से मिले टेट पास पारा शिक्षक

**रांची।** मुख्यमंत्री के हेमंत सोरेन के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे से टेट पास पारा शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुलाकात की. टेट पास पारा शिक्षक संघ के सदस्यों ने प्रधान सचिव को अपनी मांगों से अवगत कराया. टेट पास पारा शिक्षकों की मांग के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा सहायक आचार्य की नियुक्ति में उन्हें 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है. भेंटवार्ता में संघ द्वारा सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में विषयवार कट ऑफ का प्रावधान टेट पास पारा शिक्षकों हेतु शिथिल किये जाने की मांग पर भी राज्य सरकार की ओर सकारात्मक पहल किये जाने का आश्वासन प्रधान सचिव ने दिया.

### 12 जनवरी चलेगा खादी एवं सरस मेला, रेडिमेड कपड़े, फर्नीचर, पेंटिंग, बैग व होम डेकोरेशन आइटम के लगे हैं स्टॉल

# दूसरे दिन लोगों ने महात्मा गांधी संग्रहालय में खूब फोटो खिंचवाए

संवाददाता। रांची

छह दिवसीय राष्ट्रीय खादी व सरस महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को दिनभर मेले में लोगों की भीड़ रही. मोरहाबादी मैदान में लगे मेले में लगभग 300 स्टॉल हैं, जिनमें खानेपीने के भी 32 स्टॉल लगे हैं. मेले की इंट्री फीस 10 रुपये रहै. मेला 12 जनवरी तक चलेगा. मेले में बच्चों के खेलने के लिए प्ले जोन बनाया गया हैं.

खादी मेले में रेडिमेड कपड़े, साड़ियां, कुर्ती, फर्नीचर, पेंटिंग, बैग व लड़कियों की पसंद की जूती, स्टाईलिस पर्स, महिलाओं की पसंद के होम डेकोरेशन के आइटम की दुकानें सजी हैं. मेले में भोगेंद्र पासवान ने मधुबनी पेंटिंग की स्टॉल भी लगाई गई है. यहां मधुबनी पेंटिंग 250 रुपये से 35 हजार रुपये तक की उपलब्ध है. इसके अलावा मेले में कश्मीरी शॉल, सूट, रजवाड़ी चूड़ी, अचार, पापड़, कालीन और कई तरह के सजावट के समान हैं. साथ ही डांडी मार्च पर आधारित सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है. सरायकेला की मां सरस्वती आजीविका महिला समूह ने खादी मेला में भागीदारी निभाई है. पिछले




11 वर्षों से मेले में महिला समूह की भागीदारी रही है. हैंगर पाडिया, स्टॉल बी 68 पर बांस से बनी हस्तनिर्मित वस्तुओं का विविध संग्रह इस स्टॉल पर उपलब्ध है. लालटन, फ्रूट बास्केट, मग, कप सहित अन्य सामान 50 रुपये से 30,000 रुपये तक की कीमतों में उपलब्ध हैं. इन उत्पादों में सबसे लोकप्रिय लालटन और फ्रूट बास्केट हैं.

### गांधी संग्राहालय में ऐतिहासिक कार

मेले में महात्मा गांधी संग्राहालय में चरखा के साथ-साथ ऐतिहासिक कार भी रखी गयी है. इसी कार में बैठकर महात्मा गांधी 1940 में रामगढ़ में आयोजित कांग्रेस पार्टी के महाधिवेशन में शामिल हुए थे. उस कार को रांची के राय साहेब लक्ष्मीनारायण जायसवाल ने चलाया था. साथ ही इस कार की सवारी पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व राष्ट्रपति डॉ जाकिर हुसैन और देश के आखिरी वायसरॉय लार्ड माउंटबेटन ने भी की है. इस ऐतिहासिक फोर्ड कार को आदित्य विक्रम जायसवाल, राजपरिवार जमालपुर और रांची डिस्टलरी ने संभाल कर रखा है. गांधी संग्रहालय में ऐतिहासिक कार आकर्षण का केंद्र है.

### कविता पाठ में सफल बच्चे पुरस्कृत

मेले में संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें ओएडिशा के कलाकारों ने संबलपुरी गीत -नृत्य से सभी को झुमाया. महोत्सव के दूसरे दिन बच्चों के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में छह साल से 14 साल तक के बच्चों ने महात्मा गांधी पर कविता सुनाई. पहले स्थान पर रमित सिंह, दूसरे स्थान पर सात्विक कुमार गौरव और तीसरे स्थान पर दामिनी तिर्की रहे. इसके बाद दीपक श्रेष्ठ ने हिंदी गीत सुनाया. जीतराय हांसदा ने संथाली गीत-नृत्य की प्रस्तुति दी. बूटन देवी देवी ने पंचपरगनिया गीत- नृत्य पेश किया, तो वहीं सरला महतो ने पांता झूमर और ओडिशा के कलाकारों ने अपने संबलपुरी गीत नृत्य से सभी को झुमाया.

### शहीद टिकैत उमराव सिंह की जन्मस्थली पहुंचे सुदेश महतो, अर्पित की श्रद्धांजलि

# शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लें



संवाददाता। रांची

यह एक ऐतिहासिक स्थल है जो हमेशा हमें अपने अधिकार के लिए लड़ने को प्रेरित करता रहेगा. अंग्रेजों के शोषण, अत्याचार एवं गलत नीतियों के खिलाफ बिगुल फूंकने के साथ ही लोगों को गोलबंद कर अपनी अंतिम सांस तक संघर्ष करने वाले झारखंडी माटी के लाल शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं. उक्त बातें पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने चुटुपालू स्थित शहीद स्थल पर शहीद शेख भिखारी और शहीद टिकैत उमराव सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रधांजलि अर्पित कर कही. इस दौरान पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो सहित कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहें.

**शहीद टिकैत उमराव सिंह के परिजनों से की मुलाकात :** सुदेश कुमार महतो शहीद टिकैत उमराव सिंह की जन्मस्थली ओरमांझी के खटंगा गांव पहुंचे. जहां उन्होंने उनके परिजनों से मुलाकात की और उनकी प्रतिमा में माल्यर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया. मौके पर उन्होंने कहा कि जिस माटी के लिए इन वीर सपूतों ने अपनी कुर्बानी दी है, उनके परिजनों का सम्मान सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए. आदर्श ग्राम की परिकल्पना भारत भूखण्ड के लिए वीर शहीदों ने जो कृत किया है. यह हमेशा लोगों के जेहन में यादगार बना रहे इसके लिए हमने आदर्श ग्राम के अंतर्गत ग्राम संसद, मुलभूत संरचना के साथ-साथ विकास के सभी आयामों को स्थापित करने की योजना का प्रारंभ किया था जो अब तक अधूरा है. उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने की दिशा में काम करना चाहिए. राज्य सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है. यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है.

**रखे विचार**

- वीर क्रांतिकारियों ने पेश की संघर्ष की बड़ी मिसाल
- शहीदों के परिजनों का सम्मान प्राथमिकता होनी चाहिए

## कांग्रेसियों ने टिकैत उमरांव व शेख भिखारी को किया याद

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता सेनानी शहीद टिकैत उमरांव सिंह और शेख भिखारी का शहादत दिवस मनाया गया. इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता आन्दोलन में शहीद टिकैत एवं शेख भिखारी ने अग्रणी भूमिका निभाई तथा जान की बाजी लगाकर अंग्रेजों से लोहा लिया और देश को अंग्रेजों की जुल्म से मुक्ति दिलाई. वक्ताओं ने शहीदों के किये गए कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि दोनों शहीदों को चुटूपालू घाटी में फांसी दे दी गयी. शहीद टिकैत एवं शेख भिखारी की कुर्बानी को हमेशा याद किया जाता रहेगा. श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, सोनल शांति, नेली नाथन, बेलस तिर्की, हुसैन खान, अख्तर अली, खुर्शीद हसन रूमी, सोनू कुमार, प्रभात कुमार, छोटू सिंह, शहीद अहमद, मणिकांत, मो सफार, अजय सिंह, रामानंद केशरी समेत कई कांग्रेस नेता शामिल थे.

## शहीदों के सपनों को साकार करने की जरूरतः इमाम सफी

**रांची।** झारखंड बेरोजगार संगठन व पूर्व प्रत्याशी, रामगढ़ विधानसभा की टीम रांची-रामगढ़ मार्ग स्थित चुटुपाली घाटी पहुंच कर शहीद शेख भिखारी व



शहीद टिकैत उमराव सिंह को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. पूर्व प्रत्याशी इमाम सफी ने कहा कि देश के स्वतंत्रता सेनानी में झारखंड के शहीद शेख भिखारी, शहीद टिकैत उमराव सिंह जैसे अनेकों महानायकों ने अपनी कुर्बानी दी. लेकिन 175 वर्षों के बाद भी इतिहास के पन्नों में उन्हें जगह नहीं दी गई है और न ही उनके परिवार की कोई खोज खबर हुई है. आज भी इन शहीदों के सपनों का झारखंड नहीं बन पाया है. शहीदों के सपनों को साकार करने की जरूरत है. मौके पर बड़ी संख्या में लोग शामिल थे.

## टिकैत उमराव सिंह और शेख भिखारी को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची।** 1857 विद्रोह के योद्धा टिकैत उमराव सिंह और उनके दीवान और सेनापति शेख भिखारी की शहादत दिवस पर छात्र जदयू ने श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी डॉ. विनय भरत ने कहा कि हमें आजादी कई रियासतों के बलिदान और जांबाज सिपाहियों के खून की बदौलत मिली है. जिलाध्यक्ष तन्वी बरदियार ने कहा कि आज के दौर में जब युवा एंड्रॉयड और व्हाट्सएप से मनोरंजन में व्यस्त हैं, ये वक्त की जरूरत है कि हम झारखंड के शहीदों को इतिहास के पन्नों में पढ़े. इस मौके पर छात्र जदयू के रोहित कुमार, अमित कुमार, प्रिया कुमारी, अनुज कुमार, प्राची सिंह, श्वेता कुमारी, किरण कुमारी, विवेक कुमार, अंकित कुमार उपस्थित थे.

## वर्ष 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्रः अमर बाउरी

संवाददाता। रांची

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ हम सभी सवा सौ करोड़ लोगों ने लिया है. वे सोमवार को नगरी में विकसित भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जो भी गारंटी देते हैं, उसके पूरा होने की भी गारंटी होती है.

देश में सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ योजनाओं का लाभ देश के हर वर्ग को दिया जा रहा है. बाउरी ने कहा कि 500 वर्षों के लंबी लड़ाई के बाद 22 जनवरी को रामलला फिर से अपने भव्य मंदिर में स्थापित होंगे. हम सबको मिलकर उस दिन दिवाली माननी है. कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, हटिया विधायक नवीन जयसवाल, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती, मंडल अध्यक्ष जिला अध्यक्ष सहित अन्य मौजूद थे.



### हर पंचायत तक पहुंचाना है गारंटी गाड़ी : कर्मवीर

संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प और नरेंद्र मोदी की गारंटी की गाड़ी को हर पंचायत-हर गांव तक पहुंचाने का उद्देश्य है कि लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की समुचित जानकारी मिल सके. साथ ही तत्काल उनकी समस्या का समाधान किया जा सके.

### जंगल उजाड़ने को बचाने के लिए आंदोलन को समर्थन

**रांची।** छत्तीसगढ़ के हंसदेव जंगल को उजड़ने से बचाने के लिए फरवरी माह में संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी वहां का दौरा कर आदिवासियों के एवं अन्य संगठनों द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन का समर्थन करने के साथ आंदोलन में शामिल भी होगा. उक्त बातें सोमवार को संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय शंकर नायक ने कही. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के हंसदेव जंगल को बचाने के संबंध में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस, पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री को एक त्राहिमाम संदेश ईमेल के माध्यम से भेजा है. नायक ने अपने भेजे गए त्राहिमाम संदेश में बताया है कि छत्तीसगढ़ के हंसदेव जंगल में लगभग 50 हजार पेड़ रातों-रात विलुप्त हो गए या काट दिये गए. कुछ दिन पहले राजस्व बढ़ाने के लिए खदान के नाम पर हंसदेव जंगल में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है.

## आर्म्स एक्ट के 3 अभियुक्तों पर अभियोजन की स्वीकृति

संवाददाता। रांची

- यूएपी एक्ट के 8 अभियुक्तों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति का अनुरोध

डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शस्त्र अधिनियम की धारा के तहत तीन अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोजन की स्वीकृति दी है. वहीं, एटीएस थाना कांड सं. 10/23 के 8 अभियुक्तों के खिलाफ डीसी ने अभियोजन का अनुरोध किया है. चान्हो थाना कांड संख्या 171/23 में अलीम अंसारी व लक्ष्मण गंझू के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा 25 (1-बी) ए/26/35 के तहत अभियोजन की स्वीकृति दी है. एटीएस थाना कांड सं. 11/2023 में प्राथमिकी अभियुक्त अभिमन्यु कुमार साव के खिलाफ शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अनुरूप अभियोजन की स्वीकृति दी है.

इसके अलावा एटीएस थाना कांड संख्या 10/2023 के 8 प्राथमिकी अभियुक्तों के विरुद्ध धारा-16/17/20/21 यूएपी एक्ट के अंतर्गत अभियोजन स्वीकृति का अनुरोध किया गया है. इस संबंध में उपायुक्त नेप्रधान सचिव, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग को पत्र लिखाहै. पुलिस अधीक्षक, आतंकवाद निरोधी दस्ता, झारखंड रांची से प्राप्त प्रस्ताव की मूल प्रति संलग्न कर भेजते हुए अभियोजन स्वीकृति आदेश निर्गत करने की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है.

जिन अभियुक्तों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति आदेश निर्गत करने का अनुरोध किया गया है, उनमें अमन श्रीवास्तव, फिरोज खान, जहीर अंसारी, मो महमूद, मिंकू खान उर्फ शहरियार, एजाज अंसारी, रवि सरदार उर्फ रविन्द्र सिंह सलूजा उर्फ राजा सरदार और सुरेंद्र कुमार शामिल है.

## सिटी अपडेट

### राजभवन को राजनीति में न घसीटें : सीपी सिंह

**रांची।** रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा है कि राजभवन को राजनीति के केंद्र में नहीं लाया जाना चाहिए. गर्वनर अपने संवैधानिक दायरे में रहकर काम करते हैं. सीपी सिंह सोमवार को अगरोड़ा चौक स्थित कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि सरकार को राजभवन द्वारा डिस्टर्ब किए जाने की बात सरासर निराधार है. वहीं, बरियातू स्थित एक मंदिर में प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के मामले में रांची सांसद संजय सेठ ने मंदिर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली. उन्होंने कहा कि बरियातू में जो हरकत की गई है, वह देशद्रोही ही कर सकता है. प्रशासन सीसीटीवी और जांच के जरिये दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे. विधायक सीपी सिंह ने कहा कि हर बार मंदिरों को ही यहां निशाना बनाया जा रहा है.

### एचईसी सप्लाई ठेका मजदूर संघ करेगा आंदोलन

**रांची।** एचईसी सप्लाई ठेका अप्रेंटिस मजदूर संघ की सोमवार को हुई बैठक में सप्लाई कर्मचारियों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया. सुनील कुमार पांडेय की अध्यक्षता में हुई बैठक को संबोधित करते हुए महामंत्री उदय शंकर ने प्रबंधन से टेंडर प्रक्रिया, बोनस, वेतन सहित अन्य मांगों का समाधान जल्द करने के मुद्दे पर बात की. साथ ही कहा कि सितंबर माह से अब तक का पे-स्लीप नहीं मिला है, जिसे लेकर मजदूरों में काफी नाराजगी है. बैठक में कहा गया कि प्रबंधन इन गंभीर विषयों को लेकर जल्द से जल्द पहल नहीं करता है, तो सप्लाई ठेका अप्रेंटिस मजदूर संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा. बैठक में घनश्याम ठाकुर, सुजीत कुमार, सुमन सिंह, मो असलम जान तिग्गा, जय नारायण सिंह, अनिल कुमार तिवारी आदि मौजूद थे.

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य : लीग

**रांची।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग झारखंड प्रदेश कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रवक्ता मो. शहाबुद्दीन ने कहा कि बिलकिस बानो बलात्कार कांड के दोषियों को सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा दोबारा जेल भेजने का फैसला स्वागत योग्य है. 2022 में भाजपा सरकार ने बड़ी चालाकी से कांड के दोषियों को रिहा कराया और उन्हें सम्मानित करते हुए समाज का सभ्य नागरिक करार दिया जो कि अपने आप में शर्मनाक है. देश संविधान से चलता है ना कि किसी राजनीतिक पार्टी की अपनी नीति से, हमारी पार्टी की आस्था हमेशा से संविधान में रही है और आगे भी रहेगी, देश की आम जनता खासकर स्त्री समाज सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से काफी खुश हैं. देश की आम जनता को चाहिए कि संविधान की सुरक्षा के लिए तत्पर रहें.

### परिषद ने रांची विवि के वीसी का पुतला फूंका

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को रांची विश्वविद्यालय में आउटसोर्सिंग एजेंसी को विवि से बाहर करने समेत अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर सातों विश्वविद्यालयों में कुलपति अजीत कुमार सिन्हा का पुतला दहन किया. पुतला दहन करने के बाद कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने छात्र प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाया. परिषद के रांची महानगर के प्रतिनिधिमंडल ने सात सूत्री मांग पत्र कुलपति को सौंपा. वार्ता के दौरान कुलपति ने आउटसोर्सिंग के मामले पर कहा की 10 दिनों के अंदर बैठक कर छात्र हित में निर्णय लेने का आश्वासन दिया. प्रतिनिधि मंडल में आए दुर्गेश यादव ने कहा कि आउटसोर्सिंग एजेंसी (एनसीसीएफ़) जिसे यूजीसी ने ब्लैक लिस्ट किया है, उससे आखिर किस मजबूरी में कार्य कराया जा रहा है.

### अभद्र व्यवहार मामले में थाना प्रभारी ने माफी मांगी

**रांची।** सीनियर फोटो जर्नलिस्ट माणिक बोस के साथ लालपुर थाना प्रभारी अदिकांत महतो ने अभद्र व्यवहार किया. इससे आक्रोशित रांची के पत्रकारों ने देर शाम लालपुर थाने का घेराव किया. जिसके बाद लालपुर थाना प्रभारी ने सार्वजनिक तौर पर अपनी गलती मानते हुए पत्रकारों से माफी मांगी और कहा कि आगे ऐसा व्यवहार पत्रकारों के साथ नहीं होगी. इसका मैं आश्वासन देता हूं. जो भी हुआ उसके लिए थाना प्रभारी ने खेद प्रकट किया. दरअसल, सोमवार को हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में फोटो लेने के दौरान फोटो जर्नलिस्ट से थानेदार ने अभद्र व्यवहार किया था. हालांकि, फोटो जर्नलिस्ट ने परिचय दिया कि वो एक अखबार का फोटोग्राफर है. फिर भी थानेदार ने नहीं सुना और उनके साथ गलत व्यवहार किया. इससे आक्रोशित पत्रकारों ने लालपुर थाने का घेराव किया था.

### पुण्यतिथि पर डॉ. बीके चांद को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची।** हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के पूर्व अध्यक्ष डॉ. बीके चांद की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई. मौके पर पार्टी के उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने उनके योगदानों को याद करते हुए कहा कि झारखंडी हितों और सवालों पर हमेशा मुखर रहने वाले चांद साहब का पार्टी के प्रति योगदान अतुलनीय और अविस्मरणीय है. उन्होंने पार्टी के विचारों और सिद्धान्तों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. इस दौरान राजेंद्र मेहता, भारत काशी, ज्ञान सिन्हा, डॉ. सुधीर यादव, आदिल अजीम, जुबेर आलम, संजय महतो, बनमाली मंडल मुख्य रूप से उपस्थित रहे.


**न्यायालय, मुंसिफ, लातेहार**

**कोर्ट नोटिस**

ऑरिजनल सुट नं0-42/2019

भुन्चू उरांव वगैरह ..... वादीगण

बनाम्

उपायुक्त महोदय, लातेहार वगैरह .... प्रतिवादीगण

नोटिस बनाम्

1. Deputy Commissioner, Latehar, P.O.& P.S.-Latehar, District-Latehar
2. Circle Officer, Balumath, P.O.-Balumath, P.S.-Balumath, District-Latehar

आप सबों को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपर लिखे वादी ने मेरे न्यायालय में स्वत्व वाद दायर किया है। आपके विरूद्ध साधारण कार्रवाई एवं निबंधित नोटिस की कार्रवाई हो चुकी है, अब आप सभी के विरूद्ध प्रकाशन की कार्रवाई की जा रही है, आप दिनांक 16-01-2024 को 10:30 AM बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो, अन्यथा आपके विरूद्ध एकतरफा कार्रवाई की जायेगी।

नोटिस आज दिनांक 03-01-2024 को मेरे कार्यालय के निर्गत की जा रही है। इसे ताकिद जानें ये नोटिस मेरे न्यायालय द्वारा मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर निर्गत की गयी है।

ह0/मुंसिफ

व्यवहार न्यायालय, लातेहार


**बुक बैंक** तीन सालों में 19 हजार परिवारों ने दी 2.75 लाख से अधिक पुस्तकें

# राजनीति का उद्देश्य समाजसेवाः संजय सेठ

**स्थापना दिवस**

- पीएम की सरहाना ने बुक बैंक राष्ट्रीय पटल पर स्थापित
- 2020 के अंतिम माह में की गई थी बुक बैंक की स्थापना

संवाददाता। रांची

नमो बुक बैंक के तीन वर्ष होने पर सांसद सेठ ने कहा किसी भी संगठन से जुड़ कर राजनीति करना एक लक्ष्य है और राजनीति को समाज सेवा के रूप में बदलना बड़ा लक्ष्य है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति और सत्ता को सेवा का माध्यम बनाया. वह हम सबके लिए प्रेरणा पुरुष हैं. दीनदयाल जी ने भी यही कहा था कि राजनीति का उद्देश्य सिर्फ सत्ता प्राप्ति नहीं होना चाहिए. राजनीति का उद्देश्य सेवा होना चाहिए. वे सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 के अंतिम माह में बुक बैंक की स्थापना की गई थी. लॉकडाउन के दौरान जब लोगों के बीच राशन सैनिटाइजर मास्क का वितरण कर रहा था. उस समय युवाओं ने इस बात की मांग रखी थी कि उनके लिए पुस्तक उपलब्ध कराई जाए. कई बार आर्थिक समस्या के कारण युवा पुस्तक नहीं खरीद पाते थे. इससे उनकी पढ़ाई बाधित होती थी.



**20 किताबों के साथ शुरू हुआ था बुक बैंक :** सेठ ने कहा कि महज 20 पुस्तकों के साथ शुरू हुआ यह बुक बैंक आज 2 लाख 75 हजार से अधिक पुस्तकों का वितरण कर चुका है. 19000 से अधिक परिवारों ने बुक बैंक के लिए पुस्तक दी है. बुक बैंक के माध्यम से 80000 से अधिक विद्यार्थी सीधे जुड़े हैं. सिर्फ रांची ही नहीं बल्कि हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, चतरा, रामगढ़, खूंटी, गुमला, सरायकेला, पलामू, लातेहार जैसे जिलों के विद्यार्थियों के लिए भी बड़ा सहयोगी साबित हुआ है. ऐसे जिलों के विद्यार्थी जो रांची में रहकर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं. विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं. पीएम ने भी इस बुक बैंक की सराहना की है. प्रधानमंत्री की सरहाना ने इस बुक बैंक को राष्ट्रीय पटल पर स्थान दिलाया है.

## इंडियन बैंक ने डिजिटल उत्पादों के बारे में बताया

**रांची।** इंडियन बैंक, अंचल कार्यालय, रांची के समन्वय से अपर बाजार शाखा ने शुक्रवार को रोड़ शो किया गया. इसका उद्देश्य इंडियन बैंक के डिजिटल उत्पाद, इंड जीएसटी एडवांटेज से लोगों को अवगत कराना था. इस दौरान सभी दुकानों में इंड जीएसटी एडवांटेज के पंपलेट वितरित किये गये. बताया गया कि इंड जीएसटी एडवांटेज आपके व्यवसाय वृद्धि का सर्वोतम साधन है. इस उत्पाद से व्यवसाय के लिए 5 लाख से 25 लाख तक का ऋष्टा तुरंत प्राप्त किया जा सकता है. ऋष्टा लेने के लिए डिजिटल माध्यम से आवेदन करना होता है. रोड शो में अंचल प्रबंधक एफआर बोखारी, उप अंचल प्रबंधक प्रभाकर कुमार, मुख्य प्रबंधक संजय कुमार, राहुल जायसवाल, अजीत कुमार, मोहन राय व शाखा प्रबंधक साकेत श्रीवास्तव सहित अन्य शामिल थे.

## रांची जिला के सभी विस क्षेत्र में नोडल पदाधिकारी नामित

संवाददाता। रांची

रांची जिला अंतर्गत होने वाले आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित दिव्यांग एवं वरिष्ट मतदाताओं के लिये मतदान की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिका सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये एक नोडल पदाधिकारी नामित किये हैं. इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग को नोडल पदाधिकारियों की विवरणी उपलब्ध करा दी गई है.

### निमित नोडल पदाधिकारी

1. 58-तमाड़- कुमारी प्रभावती, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, तमाड़
2. 61-सिल्ली- आभा कुमारी चौधरी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सिल्ली
3. 62-खिजरी- रवि शंकर मिश्रा, प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, नामकुम
4. 63- रांची- आराधना, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सदर, रांची
5. 64-हटिया- रानी कुमारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, नगड़ी
6. 65- कांके- मालती पुष्पा बेक, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कांके
7. 66- मांडर- सुजाता कुमारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, मांडर


दोनों रथ के गाड़ीखाना द्वारिकाधीश मंदिर पहुंचने पर घंट-घड़ियाल और शंख ध्वनि के साथ स्वागत हुआ

# नगर भ्रमण कर अयोध्या रवाना हुआ अमृत यात्रा रथ

संवाददात। रांची

श्रीराम लला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जनजागरण के उद्देश्य से देशभर में घुम रहा अमृत यात्रा रथ राजधानी का भ्रमण कर अयोध्या धाम के लिए रवाना हो गया. पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार से बैंड बाजा के साथ जब यात्रा शुरू हुई तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु साथ हो लिए. जगह-जगह पुष्प वर्षा कर रथ के साथ चल रहे भक्तों का स्वागत किया गया. रथ की आरती उतारी गयी. रथ के साथ पहाड़ी बाबा के भक्तों की ओर से अक्षत लेकर एक अन्य वाहन को भी श्रीधाम के लिए रवाना किया गया. दोनों रथ के गाड़ीखाना द्वारिकाधीश मंदिर पहुंचने पर घंट-घड़ियाल और शंख ध्वनि के साथ स्वागत हुआ. यहां से रथ बकरी बाजार, शहीद चौक, मेन रोड में अलबर्ट एक्का चौक से होकर संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंची. जहां पर महामंडलेश्वर सूर्य नारायण त्यागी और महावीर मंडल रांची महानगर की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया. मेन रोड में चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुरोहितों ने रथ की अगुवानी की. इसके बाद रथ थड़पखना, लालपुर, कोकर से होकर बूटी मोड़ पहुंचा. जहां पर राम भक्तों ने रथ पर विराजमान श्रीराम परिवार का चंदन-वंदन किया. जयकारे के बीच रथ को श्रीधाम अयोध्या के लिए विदा किया गया. रथ के साथ पिछले 70 दिन से कई प्रमुख तीर्थस्थल की यात्रा कर चुके, संतों की टोली ने रांचीवासियों द्वारा किए गए अभिनंदन के लिए साधुवाद दिया. संतों ने बताया कि श्रीतुलसी पीठाधीश्वर पद्मविभूषण जगदगुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के सान्निध्य में श्री हनुमान सेना वाराणसी की देखरेख में अमृत यात्रा रथ का देश के प्रमुख तीर्थस्थलों का भ्रमण कार्यक्रम चल रहा है. रांची से भेजा गया अक्षत स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के सान्निध्य में अयोध्या में 14 जनवरी से होने वाले श्रीराम कथा और एक हजार कुंडीय श्री हनुमन् महायज्ञ अनुष्ठान में शामिल किया जायेगा.


जगह-जगह पुष्प वर्षा कर रथ के साथ चल रहे भक्तों का स्वागत किया गया.

## ब्रीफ खबरें

### सदानंद जी के अनुयायियों ने बुजुर्गों को दिए कंबल

**रांची।** एमआरएस कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले संत सदानंद जी के अनुयायियों ने सोमवार को आर्थिक रूप से कमजोर 201 बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया. मनोज चौधरी ने बताया कि ट्रस्ट के बैनर तले समय-समय पर सेवा कार्य किये जाते हैं. अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्याय राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी आदि ने योगदान दिया.

### विकास पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीखे योग

**रांची।** विकास पब्लिक स्कूल, पुंदाग में देव संस्कृति विवि शांतिकुंज, हरिद्वार के एमएससी योग विद्यार्थी दिव्यानंद शर्मा, ऋषभ गुप्ता तथा रोहन बैरा द्वारा योग एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. योग शिविर में विद्यालय के कक्षा छः से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. वहीं योग प्रशिक्षु रोहन बैरा ने टिप्स दिये. विद्यालय के निदेशक संजय कुमार ने विद्यार्थियों को संदेश दिया.

### लायंस क्लब की चाय गरीबों के साथ

**मेदिनीनगर।** सामाजिक दायित्वों के तहत लायंस क्लब की टीम ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों के बीच चाय-पकौड़ी का वितरण किया. रविवार की शाम में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 1000 कमजोर और असहाय लोगों के लिए शाम 6 से 9 बजे तक नास्ते और चाय की व्यवस्था की गई थी. ठंड को देखते हुए यह व्यवस्था लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ की अध्यक्षता में की गई थी.

### योगदा सत्संग कॉलेज में वोट का महत्व बताया

**रांची।** योगदा सत्संग महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में 170 से अधिक छात्र- छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग किया. कार्यक्रम का उद्देश्य मतदान से जुड़ी महत्वपूर्ण पहलुओं से भावी मतदाताओं को रुबरु कराना था. कार्यक्रम में मतदाता पंजीकरण, पंजीकृत मतदाताओं का नाम, पता एवं फोटो के अद्यतन के लिए जरूरी प्रपत्र तथा उपलब्ध ऑनलाइन और ऑफलाइन सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई. छात्र-छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप की विशेषताओं के बारे में समझाया.

### छात्र जदयू ने मनाया शहादत दिवस

**रांची।** छात्र संगठन जनता दल यू के द्वारा सोमवार को 1857 विद्रोह के योद्धा टिकैत उमराव सिंह और उनके सेनापति शेख भिखारी की शहादत दिवस मनाया. इस मौके पर जनता दल यू के प्रदेश प्रभारी डॉ विनय भरत ने कहा कि हमें आज़ादी कितने जांबाज सिपाहियों के खून की बदौलत मिली है. मौके पर छात्र जद यू के रोहित कुमार, अमित कुमार, प्रिया कुमारी, अनुज कुमार, प्राची सिंह, श्वेता कुमारी, किरण कुमारी, विवेक कुमार, अंकित कुमार मौजूद रहे.

### बिशप मस्केरेनस का पद ग्रहण समारोह 11 को

**रांची।** पुरुलिया रोड स्थित बिशप हाउस के साहयक बिशप थियोडोर मस्केरेनस डालटनगंज डायसिस के नये बिशप बनेंगे. इसके लिए 11 जनवरी को संत फ्रांसिस के प्रागण में पदग्रहण समारोह में पदभार ग्रहण लेंगे. इसमें राज्य भर के 25 बिशप समेत 300 फादर शामिल होंगे. बिशप थियोडोर मस्केरेनस रांची के बिशप हाउस में 6 वर्ष तक कलीसिया की सेवा करते रहे.

## विश्वकर्मा महासभा का मिलन समारोह, बोले मुखिया

# एकजुटता से ही योजनाओं का मिलेगा लाभ : डॉ. दिलीप

संवाददाता। रांची

अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा झारखंड प्रदेश की ओर से बोकारो के भेडरा में सोमवार को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक व मिलन समारोह डॉ दिलीप सोनी की अध्यक्षता में हुई. भेडरा के विश्वकर्मा वंशज महिला पुरुष बच्चे भगवान श्री विश्वकर्मा के जयकारा करते हुए क्षेत्र का भ्रमण किया. वहीं प्राचीन विश्वकर्मा मंदिर में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम स्थल पहुंचे. दीप प्रज्वलित व भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. मुखिया नरेश विश्वकर्मा ने भेडरा के इतिहास की जानकारी दी.

मौके पर के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश प्रजापति, वरीय उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, प्रदेश सलाहकार कृष्णा विश्वकर्मा, शिवकुमार शर्मा, प्रदेश संगठन सचिव शशि कुमार शर्मा, इंजीनियर सुरेंद्र विश्वकर्मा, डॉ अनिल मिस्त्री रांची जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा, रांची जिला उपाध्यक्ष अजय शर्मा, जिला संगठन सचिव भीम शर्मा. अनीता विश्वकर्मा बलराम विश्वकर्मा, खुशबू देवी, उप मुखिया रूबी देवी, राजेंद्र विश्वकर्मा, रांची जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा आदि शामिल थे. संचालन विक्रांत विश्वकर्मा एवं मुखिया नरेश कुमार विश्वकर्मा ने किया.



### आंदोलन के लिए रहें तैयार : डॉ दिलीप

अध्यक्ष डॉ दिलीप सोनी ने कहा कि हम सभी विश्वकर्मा वंशज एकजुट होकर अपने मार्ग पर चले. एकजुटता से सरकारी योजाओं से लाभान्वित होंगे. पंचायत व वार्ड से लेकर मजबूत बनाने का कार्य करें और अपने हक व अधिकार प्राप्त करें. हमारा समाज जब तक राजनीतिक आर्थिक व शैक्षणिक रूप से सशक्त नहीं होगा, तब तक इसका चहुंमुखी विकास संभव नहीं हो सकता. हम पिछड़े वर्ग के श्रेणी में आते हैं और हमें आज तक 14 फीसदी ही आरक्षण मिलते हैं, जो कहीं से उचित नहीं है. हमें 27 फीसदी आरक्षण मिलनी चाहिए. इसके लिए आंदोलन के लिए भी तैयार रहना होगा. कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश प्रजापति ने कहा कि युवा व महिलाओं को संगठन में भागीदारी मिलनी चाहिए. साथ ही सामूहिक विवाह करवाने का संकल्प लिया गया.

### सर्व सहमति से लिया गया निर्णय

मुखिया नरेश विश्वकर्मा उपाध्यक्ष, मुखिया प्रदीप कुमार वर्मा स्वर्णकार बोकारो जिला का अध्यक्ष, बढ़न वर्मा स्वर्णकार गिरिडीह जिला अध्यक्ष, डॉ. अनिल मिस्त्री पलामू जिला प्रभारी बने.

### शहादत दिवस पर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची।** शहीद शेख भिखारी व शहीद टिकैत उमराव सिंह की 166वीं शहादत दिवस महेशपुर गांव में मनाई गई. मौके पर रांची महानगर अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान, महासचिव अमीर अरबाज तस्लीम, कार्यालय प्रभारी मो सफार शामिल हुए. उन्होंने उनकी तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की. मौके पर हुसैन खान ने कहा कि आज हमारे बीच शेख भिखारी नहीं हैं पर उनके वंशज और उनकी याद आज हम सब के दिल में है. उनके सपनों को साकार करना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी.

### मुंडा की जीवन गाथा जन जन तक पहुंचाएं : भारती

**रांची।** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर झारखंड के सबसे प्रतिष्ठित जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार 2023 के सफल आयोजन पर उम्मीद फाउंडेशन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाने, मदद व सहयोग करनेवालों के प्रति आभार जताया. सोमवार को धुमकुड़िया भवन में प्रेस कांफ्रेंस कर फाउंडेशन के सचिव निरंजन भारती ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा की जीवन गाथा, संघर्ष, कहानी को राज्य के खिलाड़ियों और जन-जन तक पहुंचाना है. प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलखो ने कहा कि खिलाडियों को सम्मानित करना जनभावनाओं से जुड़ा है. इस अवसर पर प्रदीप मिर्धा, मुकेश भगत, शंकर दुबे, संगीता तिर्की, राजेश टोप्पो, रवि मुंडा मौजूद थे.

### सुदामा चरित्र के साथ श्रीमद्भागवत कथा संपन्न

**रांची।** श्रीकृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम, पुंदाग में श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को सुदामा चरित्र के व्याख्यान के साथ समापन हुआ. अंतिम दिन कथावाचक संत सदानंद जी ने मुरलीधर की विभिन्न लीलाओं की चर्चा करते हुए रुक्कमणी विवाह और सुदामा चरित्र की विस्तार से जानकारी दी. साथ ही भक्ति और ज्ञान की बातें भी बतायीं. संतश्री ने कहा कि मित्रता करें तो श्रीकृष्ण-सुदामा की तरह. उन्होंने सत्संग की महिमा गाते हुए कहा कि सत्संग से भक्ति मिलती है.



### ठंड को देखते हुए स्कूल बंद करने की मांग

**रांची।** युवा कांग्रेस महासचिव एवं रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल सोमवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन से बरियातू स्थित श्री रामजानकी मंदिर में प्रतिमा तोड़ने व चुराने की उच्चस्तर जांच व असामाजिक तत्वों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो. महासचिव ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि रांची में कड़ाके की ठंड पड़ रही है. सुबह और दिन में भी शीतलहर चल रही है. लगातार ठंड तेजी से बढ़ रही है. बच्चों के स्कूल का समय सुबह 7 - 8 बच्चे से है. कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए स्कूल के शीतकालीन अवकाश को बढ़ाने की जरूरत है.



### आरयू : एनसीसीएफ के कार्यालय में लटका ताला

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय ने परीक्षा कराने से लेकर मार्कशिट जारी करने तक का काम भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) को सौंप दिया है. 8 जनवरी को रांची विवि (पीजी टू) कैंपस स्थित एनसीसीएफ के कार्यालय में ताला लटका रहा. एजेंसी के कार्यालय में ताला लगने की वजह से छात्रों के कई कार्य प्रभावित हुए. छात्रों और विवि प्रशासन को भी एनसीसीएफ कार्यालय बंद होने की सूचना नहीं थी. विवि परीक्षा विभाग को भी पता नहीं था कि एजेंसी का कार्यालय क्यू बंद है. बता दें कि जब से आंदोलन चल रहा था, तब से यहां ताला लगा हुआ था. रांची विवि के वीसी से वार्ता होने के बद एजेंसी कार्यालय का ताला खुला.

## चेका द रोड ऑफ बोन्स पुस्तक का किया गया विमोचन



संवाददाता। रांची

रांची के करमटोली स्थित प्रेस क्लब में सोमवार को पुस्तक चेका द रोड ऑफ बोन्स विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जॉयदीप मुखर्जी इसके लेखक हैं. आजाद हिंद फौज को बनाने वाले एवं फौज का नेतृत्व करने वाले सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु कब हुई, यह एक रहस्य बना हुआ है. कुछ कहते हैं कि उनकी मृत्यु प्लेन क्रैश में हो गई तो कुछ का कहना है कि गुमनामी बाबा के नाम का शख्स सुभाष चंद्र बोस थे.

इन्हीं रहस्यों को बता रहा हैं चेका द रोड ऑफ बोन्स. बता दें कि इस किताब को लिखने में लेखक जॉयदीप मुखर्जी वर्तमान में सुप्रीम कोट के वकील हैं. उन्होंने इस किताब को 20 सालों की शोध के बाद लिखा है. उन्होंने यह भी कहा कि 23 जनवरी नेता जी के जन्मदिन के अवसर पर छुट्टी का दिन होना चाहिए. उन्होंने स्वर्गवासी सत्य नारायण सिन्हा, जिन्होंने तेजा जी मिस्ट्री लिखी थी, उनकी सराहना की. पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि उनके दादा जी स्वतंत्रता सेनानी थे. नेता जी के बारे में जानकर बड़े हुए. वहीं से उनकी यह इच्छा जगी. अपनी पुस्तक चेका द रोड ऑफ बोन्स में एडवोकेट जॉयदीप मुखर्जी ने इस बात का समर्थन करने के लिए तथ्य और सिद्धांत प्रस्तुत किए हैं कि सुभाष चंद्र बोस को जोसेफ स्टालिन के सोवियत रूस में आश्रय दिया गया था. इस विमोचन कार्यक्रम में शंभू गवारे, संत नीलेश सिंहपाल, चेतन राजहंस एवं अन्य उपस्थित थे.

### केरली स्कूल में 'गरुड़न परवा' की हुई प्रस्तुति

**रांची।** एचईसी आवासीय परिसर के धुर्वा सेक्टर-2 स्थित केरलि स्कूल में केरल से आए कलाकारों द्वारा 'गरुड़न परवा' प्रस्तुत किया गया. इस अनुष्ठान कला में गरुड़ के रूप में तैयार पुरुष चेंडा, इलथालम जैसे पारंपरिक संगीत वाद्य यंत्रों की संगत में अनुष्ठानिक नृत्य करते हैं. केरल से आये 9 कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. बता दें कि गरुड़ भगवान विष्णु का सवारी है और गरुड़न परवा केरल का एक लोकप्रिय अनुष्ठान कला है.

### ऑलिव स्कूल की लॉन्चिंग का ऐलान

**रांची।** अंजुमन प्लाजा की पहली मंजिल स्थित कार्यालय में ऑलिव इंटरनेशनल स्कूल के लॉन्चिंग का ऐलान हुआ. इस अवसर पर स्कूल के निदेशक ने कहा कि भाषा, शिक्षा और उन्नत तकनीक को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता के साथ स्कूल की शुरूआत की जा रही है. हम छात्रों को उनके सबसे उच्च पूर्णता की दिशा में प्रेरित करेंगे. इस मौके प्रमुख शिक्षिका शाइस्ता जबीन ने छात्रों के उच्चतम विकास के लिए एक सुरक्षित और सहायक माहौल की सुनिश्चितता दी.

### हर्षिका बनी सुपर मॉडल डिजाइनर सर्च की विजेता

**रांची।** रांची के एक इवेंट कंपनी के द्वारा आयोजित सुपर मॉडल डिजाइनर सर्च सीजन 5 के ग्रैंड फिनाले में डिवाइन पब्लिक स्कूल की कक्षा यूकेजी में पढ़ने वाली हर्षिका किड्स कैटेगरी में विनर बनी. इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए हुए बाल कलाकारों ने भाग लिया था. इससे पहले भी लगातार हर्षिका विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर कई पुरस्कार अपने नाम कर चुकी है. हाल में ही उसे रांची में किड्स आर्टिस्ट के लिए जनहित सर्वोच्च सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया था. हर्षिका रांची ही नहीं बल्कि रांची से बाहर भी राष्ट्रीय स्तर पर अपना लोहा मनवा चुकी है. वह पढ़ाई के साथ-साथ कला में भी अपनी रुचि रखते हुए अपने परिवार सहित राज्य का नाम रोशन कर रही है.



### हॉकी अंडर 17 बालिका में झारखंड चैंपियन

**रांची।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में कोडागु कर्नाटक में 4 से 8 जनवरी तक आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल के हॉकी अंडर 17 बालिका स्पर्धा में झारखंड चैंपियन बनी. प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए चंडीगढ़ को 7-1 से रौंद कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम किया. प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट एवं टॉप स्कोरर का अवॉर्ड राज्य की जमुना कुमारी को मिला एवं रीना कुमारी को बेस्ट कैप्टन और अनुप्रिया सोरेंग को बेस्ट डिफेंडर का अवॉर्ड से नवाजा गया. अंडर 17 बालिका वर्ग में राज्य की बालिकाओं ने शुरु से ही शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले राजस्थान को 5-0 से, जम्मू कश्मीर को 11-0 से, प्री क्वार्टर फ़ाइनल में बिहार को 8-0 से, क्वॉर्टरफाइनल में ओडिशा को 8-1 से सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश को 8-0 से एवं फाइनल में चंडीगढ़ को 7-1 से रौंदा. इस उपलब्धि पर शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग व अन्य बधाई दी है.






## दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर निकली प्रभातफेरी

# जनम-जनम के दुख निवारै सूका मन साधारै...

संवाददाता। रांची

राजधानी में इन दिनों सिखो के दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व पर नित्य प्रभातफेरी निकाली जा रही है. इसी कड़ी में सोमवार को भी रातू रोड गुरुद्वारा साहिब से फेरी निकली. इसमें बड़ी संख्या में साध संगत हिस्सा लिया. विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण कर वापस लौटे. सुबह छह बजे गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट से निकलकर सरदार सुरजीत सिंह, हरीश नागपाल,अजय अरोड़ा, नीरज ग्रोवर,पूर्व पार्षद देवराज खत्री, सुभाष बजाज, हीरा झंडई, मनीष सरदाना के घरों से होते हुए होलाराम तेहरी की गली से घूमकर विवेकानंद अस्पताल होते हुए गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिउड़ी गेट पहुंचकर विसर्जित हुई.



यात्रा के दौरान स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, नीता मिड्ढा, इंदु पपनेजा, मंजीत कौर, रेशमा गिरधर ने जनम-जनम के दुख निवारै सूका मन साधारै, दरसन भेट होत निहाला हर का नाम बिचारै.... और सूरा सो पहचानिए जो लरे दीन के हेत, पूरजा-पूरजा कट मरे कबहू न छाड़े खेत...जैसे कई शबद गायन कर श्रद्धालुओं को गुरवाणी से जोड़ा. पिंदे सरदार भूपेंद्र सिंह निशान साहब उठाकर प्रभातफेरी की अगुवाई कर रहे थे. मनीष मिड्ढा ने घरों के सामने अरदास कर सब के लिए मंगल कामनाएं की.

**फेरी में थे शामिल:** प्रभातफेरी में द्वारका दास मुंजाल,अर्जुन देव मिड्ढा, अशोक गेरा, हरगोबिंद सिंह, डॉ सतीश मिड्ढा, मोहन काठपाल, सुरेश मिड्ढा, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिड्ढा, महेंद्र अरोड़ा, बसंत काठपाल, प्रकाश नागपाल आदि शामिल थे.

### खास बातें

- प्रभातफेरी में काफी संख्या में साध-संगत शामिल हुए
- संगत के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया



# कोयला लदे ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)

राष्ट्रीय राजमार्ग-22 के रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर गोनिया ग्राम के डाकबंधी के समीप कोयला लदे ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गयी. घटना रविवार देर शाम की बतायी जा रही है. सोमवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को शव सौंपा गया. मृतक की पहचान गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र स्थित रबदा गांव के अनिल कुमार चंद्रवंशी के रूप में हुई है. उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं. इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

### बाइक से देवघर काम करने जा रहा था अनिल

बताया जाता है कि अनिल कुमार चंद्रवंशी देवघर में एयरटेल कंपनी में टावर लगाने का काम करता था. वह बाइक से देवघर काम करने जा रहा था. इसी दौरान वह एक कोयला लदे ट्रक की चपेट में आ गया. मौजूद लोगों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक और हेलमेट के परखच्चे उड़ गये. लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. सूचना पाकर बारियातू थाना के एएसआई नीरज कुमार दुबे और मिथिलेश कुमार सिंह घटना स्थल पहुंचे. उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेजा.

## पिण्ड्राजोरा सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

संवाददाता। बोकारो



बोकारो जिले के पिण्ड्राजोरा थानाक्षेत्र के आजादनगर कुशटांड़ के पास सोमवार को एक बाइक सवार युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है. शव की पहचान विस्थापित क्षेत्र कुलटांड़ भवानीपुर साइड निवासी लंकेश कुमार (पिता स्व नुनाराम महतो) के रूप में किया गया है. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक लंकेश कुमार बरमेसिया में एक होटल चलाता था. रविवार को वह अपने घर से बुलेट मोटर साइकिल से होटल के लिए निकला था.

इस क्रम में सोमवार को कुशटांड़ के पास उसका शव बरामद हुआ. संभवतः किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. पुलिस शव व बुलेट मोटर साइकिल को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है.

### आओ जानें

## विभिन्न राज्यों में महिला कैदी

| | | | |
|---|---|---|---|
| राजस्थान | : 998 | कर्नाटक | : 100 |
| तमिलनाडु | : 2018 | महाराष्ट्र | : 262 |
| केरला | : 232 | मिजोरम | : 96 |
| आंध्रप्रदेश | : 280 | ओडिशा | : 55 |
| बिहार | : 202 | पंजाब | : 320 |
| गुजरात | : 410 | तेलंगाना | : 260 |
| उत्तरप्रदेश | : 540 | पश्चिम बंगाल | : 314 |
| दिल्ली | : 680 | | |



### ब्रीफ खबरें

#### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना अंतर्गत जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के पास सोमवार सुबह एक अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे धातकीडीह निवासी मो फहीम को टक्कर मार दी. घटना को अंजाम देने के बाद वाहन तेजी से मौके से फरार हो गया. इधर, घायल अवस्था में फहीम को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है. फहीम का दाहिना पैर टूट गया है जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट आई है.

#### स्कूटी से गिरकर महिला घायल, भर्ती

**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड के कुंडालुका में सोमवार को स्कूटी सवार महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई. प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष भागात बास्के घायल महिला को अस्पताल पहुंचाने में जुटे थे. 108 एंबुलेंस विलंब होने से महिला को अस्पताल पहुंचाने में देरी हो रही है. बीस सूत्री अध्यक्ष ने बताया कि प्रशासन को घटना की जानकारी दी गई है. घायल महिला की पहचान प्यारी कुदादा लखाईडीह निवासी के रूप में हुई है. जानकारी के मुताबिक महिला बैंक से पैसे की निकासी के लिए डुमरिया जा रही थी.

#### आग लगने से हजारों के सामान जलकर राख

**खूंटी।** मुरहू थाना क्षेत्र के दारला गांव निवासी राम महतो के घर में सोमवार की सुबह करीब छह बजे बिजली के शॉर्टसर्किट से आग लग गई. आग लगने से 20 हजार रुपये नकद सहित काफी सामान जलकर खाक हो गए. घटना की जानकारी मिलने पर खूंटी के विधायक प्रतिनिधि और भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो पीड़ित के घर पहुंचे और घटना की जानकारी ली. काशीनाथ महतो ने बताया कि घटना की जानकारी मुरहू के बीडीओ और सीओ को दे दी गई है.

#### युवती ने रांची में फांसी लगाकर की खुदकुशी

**रांची।** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित इंद्रपुरी इलाके में पलामू की रहने वाली श्रुति श्रीवास्तव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. श्रुति श्रीवास्तव पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली थी. बताया जाता है कि युवती दुपट्टा से फंदा लगाकर आत्महत्या की है. युवती सुखदेव नगर के इंद्रपुरी रोड नंबर-12 में नारायण प्रसाद के यहां मकान लेकर किराए पर रह रही थी. सोमवार को मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है.

#### छापेमारी में 7 टन कोयला जब्त

**ललमटिया।** रविवार रात अनुमंडल पदाधिकारी महागामा राजीव कुमार के नेतृत्व में कोयला चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया. जिसमे तेलगामा मोड़ के पास कोयला से लदे चार जुगाड़ गाड़ी को पकड़ा गया. जिसपर लदे लगभग सात टन चोरी का कोयला को भी जब्त कर लिया गया. छापेमारी अभियान के दौरान एक कोयला तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि कई कोयला चोर मौके पर से भागने में सफल रहे.

#### कार की चपेट में आने से छात्र की मौत

**गुमला।** थाना क्षेत्र के कोनबीर पालकोट पथ पर तेतरा गांव के समीप एक अज्ञात कार की चपेट में आने से 15 वर्षीय छात्र की मौत हो गई. घटना सोमवार शाम लगभग 6:30 बजे की है. छात्र अंकित कुल्लू, पिता कर्मा कुल्लू, गांव तेतरा बांडुल टोली का रहने वाला था, जो सोमवार को कोनबीर से अपने घर जा रहा था. इसी दौरान पीछे से आ रहे एक कार ने टक्कर मार दी. घटना के बाद घायल अंकित को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल बसिया लाया गया जहां जांच के बाद मृत घोषित कर दिया.

#### एसडीओ ने की छापेमारी, हाईवे जब्त

**धनवार (गिरिडीह)।** धनवार प्रखण्ड क्षेत्र में अवैध उत्खनन करने वालों का अब खैर नहीं है. खोरीमहुवा एसडीओ मनोज कुमार सोमवार को खोरीमहुवा कोडरमा मुख्य मार्ग के डोरंडा के पास पत्थर लोडेड हाइवा को पकड़ा तथा चालक से चालान मांगा गया. चालक ने बताया कि चलान नहीं है. एसडीओ ने हाइवा व चालक समेत घोरथम्बा ओपी को सुपुर्द कर दिया. इसके बाद एसडीओ व सीओ नरेश कुमार वर्मा पारोडीह पत्थर खदान पहुंचे.

### धनबाद व सरायढेला के सीमा क्षेत्र पर पानी भरे खेत में मिला शव

# प्रेम प्रसंग में युवक की पत्थर से कूच कर हत्या

संवाददाता। धनबाद

#### डीएसपी विधि व्यवस्था समेत कई पदाधिकारी पहुंचे, छानबीन में जुटी पुलिस

धनबाद थाना क्षेत्र के दामोदरपुर सोमनगर नाले के पास में सोमवार को नुतनडीह सरायढेला निवासी रोहित रवानी की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी गई. वारदात को देर रात अंजाम दिया गया है. सुबह करीब 11 बजे शव को देखा गया और मामले की खबर पुलिस तक पहुंची. साथ ही लाश की खबर पाकर आस पास के लोगों की भीड़ मौके पर पहुंच गई. पुलिस ने शव को नाले के पास खेत से बाहर निकाला और छानबीन शुरू की. रोहित के भाई रोशन ने बताया कि उसके भाई के साथ एक शादीशुदा महिला का प्रेम संबंध था, दो माह पूर्व उसके पति के साथ भाई का विवाद हुआ था. इसी कारण उसकी हत्या हुई है. मौके पर डीएसपी विधि व्यवस्था समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे.

सोमवार सुबह करीब 11 बजे दामोदरपुर में शव होने की सूचना के बाद जब पुलिस पहुंची तो देखा कि पानी से भरे खेत में एक शव पड़ा हुआ है. उसके सिर के पीछे तीन बड़े चोट के निशान थे और चेहरे को भी पत्थर से कूच दिया गया था. दांत भी टूटे थे और चेहरा खून से लतपथ था. इलाका धनबाद व सरायढेला दो थाना के सीमा क्षेत्र का था, इस कारण दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंची. हालांकि वारदात धनबाद थाना क्षेत्र में हुआ था, इस कारण धनबाद पुलिस ने कार्रवाई आगे बढ़ाई, मृतक का चेहरा खून से सना था, इस कारण तीन बजे तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई. पंचनामा करने के दौरान जब चेहरे को साफ किया गया, तो पता चला कि नुतनहीह का रहने वाला रोहित रवानी है. वो दिहाड़ी मजदूर का काम करता था. इसके बाद उसके परिजनों को खबर दी गई. खबर पाकर उसके पिता विजय प्रसाद रवानी मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर रोने-बिलखने लगे. इधर, पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है. आज उसका पोस्टमार्टम होगा.



#### मौका-ए-वारदात से खून सना पत्थर जब्त

धनबाद पुलिस ने छानबीन के क्रम में मौका-ए-वारदात से खून से सना एक पत्थर जब्त किया है. पास में दो जगहों पर जमीन से पत्थरों को उखाड़ने के निशान भी मिले हैं. खून से सना पत्थर ठीक लाश के करीब पड़ा था. इस पत्थर के अलावा रोहित की जेब से एक मोबाइल फोन, पांच सौ रुपये नगद मिले थे. नया सिम का एक खाली पैकेट मिला है. साथ ही पास में ही एक जोड़ी लेडीज चप्पल भी मिले हैं. पुलिस ने मोबाइल के कॉल डिटेल समेत अन्य जानकारी की मांगी तकनीकी विभाग से मांगी है.



#### भाई ने बताया प्रेम प्रसंग में मारा गया

मृतक रोहित के भाई रोशन रवानी ने बताया कि उसके बड़े भाई का तेलीपाड़ा में रहने वाली एक शादीशुदा महिला के साथ संबंध था. उक्त महिला और उसका पति पहले नुतनडीह में ही रहते थे. जब महिला के पति को इस बात की खबर हुई तो उसने भाई के साथ झगड़ा किया था, उसकी पत्नी और वो खुद उनके घर आ गया था और विवाद करने लगा. बाद में दोनों नुतनडीह से चले गए और तेलीपाड़ा में रहने लगे. रोशन ने बताया कि उसका भाई रविवार को काम पर नहीं गया था, शाम में चार बजे घर से निकला था, इसके बाद वो घर नहीं लौटा.

## पत्नी से झगड़े के बाद पति ने फांसी लगा कर ली खुदकुशी

**गिरिडीह ।** गिरिडीह जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बनियाडीह निवासी युवक पवन राम ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया. बताया जाता है कि रविवार की रात किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था. इससे नाराज पवन ने फांसी लगा ली. सोमवार की सुबह जब पवन का दरवाजा देर तक नहीं खुला, तो परिजन उसे जगाने गए. दरवाजा अंदर से बंद था और कमरे से कोई आवाज नहीं आ रही थी. परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से किसी तरह दरवाजा खोला, तो पवन को फांसी के फंदे से लटकते देख उनके होश उड़ गए. खबर फैलते ही वहां लोगों की भीड़ जुट गई. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था.

## हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



संवाददाता। रांची

लोअर बाजार थाना क्षेत्र के पानी टंकी के पास देसी कट्टे के साथ पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है. दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां एक युवक हथियार के साथ घूम रहा है. इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक भागने लगा. इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया. पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम आसिफ बताया और बोला कि वह मूल रूप से डोरंडा का रहने वाला है. तलाशी के दौरान लड़के के जैकेट से एक देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ. सोमवार को पीसी पर इसकी जानकारी सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने दी.

# पिकअप वैन से 210 पेटी शराब जब्त

संवाददाता। सरिया (गिरिडीह)

सरिया से अवैध शराब को बड़ी खेप को बिहार ले जा रहे शराब से भरा पिकअप वाहन को सरिया पुलिस ने जब्त कर कार्रवाई में जुट चुकी है. एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह कार्रवाई की गईं.

इन्होंने बताया कि सोमवार सुबह वाहन चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन को चेक करते समय पाया कि वाहन के मुंहाने पर 40 पेटी पानी की बोतल रखा गया था, जिसके पीछे लगभग 210 शराब की अवैध शराब का पेटी में लगभग 2616 शराब की बोतलें पैक कर बिहार ले जाने की तैयारी की गई थी. जिसे जब्त कर लिया गया है, साथ ही एक व्यक्ति की गिरफ्तारी भी की गई है. साथ ही इस अवैध धंधे के पीछे जो भी संलिप्त है, उसकी धरपकड़ जारी है. उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा. मौके पर सरिया थाना प्रभारी अनीश पांडेय,इंस्पेक्टर भी शामिल थे.



## दुष्कर्म करने वाले को उम्रकैद की सजा

**साहिबगंज।** सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय पोक्सो के स्पेशल जज वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी लखी चंद्र तुरी को आजीवन कारावास की सजा सहित 50000 जुर्माना किया है. मिली जानकारी के अनुसार बरहेट थाना क्षेत्र के पचकटिया गांव की महिला 30 सितंबर 2022 को सुबह शौच करने जा रही थी. उसकी नाबालिग 14 साल की पुत्री घर में थी. शौचकर वापस आने पर रेलवे लाइन के किनारे उसे अपनी पुत्री के चीखने की आवाज सुनाई दी. वहां जाने पर उसने देखा कि लखीचंद तूरी उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म कर भाग रहा था. उसने अपनी पुत्री से इस बाबत पूछताछ की तो उसने बताया कि उसे अकेला पाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया है. इस मामले में सुनवाई के दौरान आठ गवाह गुजरे. मामले में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी ने 164 के तहत बयान कलमबद्ध किया था. अभियोजन पक्ष की ओर से आनंद कुमार चौबे ने भाग लिया.

## अनियंत्रित गाड़ी पलटी, किशोर की मौत, माता-पिता घायल



संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)

डुमरी थाना क्षेत्र के कल्हाबार पंचायत अंतर्गत केबी रोड के तेलखारा पुल में रविवार की रात अनियंत्रित होकर एक बोलेरो पलट गई. हादसे में दंपती घायल हो गये, वहीं 13 वर्षीय सागर यादव की मौत घटना स्थल पर ही मौत हो गई. घायलों को मुखिया नूरउद्दीन अंसारी ने रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद एक को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया. इस संबंध में बताया जाता है कि सरिया निवासी ज्ञानचंद महतो अपनी पत्नी बेबी यादव पुत्र सागर के साथ बोलेरो से सरिया से चिरकी के चिरुडीह जा रहे थे. तेलखारा पुल पर बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें सागर की मौत घटना स्थल पर हो गई. वहीं उसके माता-पिता घायल हो गये. प्राथमिक इलाज के बाद बेबी यादव को धनबाद रेफर कर दिया. मौके पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो को हटवाया.

## अज्ञात महिला के शव की दूसरे दिन भी नहीं हो पाई शिनाख्त

संवाददाता। कुड़ू (लोहरदगा)

कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत बढकी चापी क्षेत्र के कलवा ढोंढा शमशान घाट से कुडू पुलिस ने करीब 50 वर्षीय एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया था. इस महिला की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है. शिनाख्त के लिए महिला का शव पोस्टमार्टम गृह रांची में रखा गया है. शिनाख्त न होने से महिला की मौत की गुत्थी उलझी हुई है. हालांकि चिकित्सकों की मानें तो प्रथम दृष्टया महिला की मौत ठंड लगने से हुई होगी. रविवार की शाम पुलिस को बढकी चापी में महिला का शव पड़े होने की जानकारी मिली. पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लोहरदगा भेज दिया गया. थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा. फिलहाल शव के शिनाख्त की कोशिशें की जा रही हैं.

## शादी का प्रलोभन देकर किया नाबालिग से दुष्कर्म, केस दर्ज

- करीब डेढ़ वर्षों से वह लगातार शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाते रहा

संवाददाता। गुमला

सदर थाना क्षेत्र के एक नाबालिग किशोरी के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है. घटना को लेकर पीड़िता ने गुमला थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपी के ऊपर कानूनी कार्रवाई किये जाने व न्याय दिलाने की मांग की है.

थाना को दिये आवेदन में पीड़िता ने कहा है कि आज से डेढ़ वर्ष पूर्व से सदर थाना क्षेत्र के टोटो गांव निवासी शाहबाज खान उसके साथ छेड़छाड़ करता था. साथ ही वर्ष 2022 के सितंबर माह में जब वह अपनी भाभी के घर पर थी. तब शाहबाज खान वहां आ धमका था. इसके बाद वह अकेला पाकर जबरदस्ती मेरे साथ दुष्कर्म किया. दुष्कर्म का विरोध करने पर वह उससे शादी कर लेने व घटना की जानकारी किसी को नही देने की बात कही. जिस पर वह सोचने समझने में असमर्थ रहने के कारण घटना की जानकारी किसी को नहीं दी. इसके बाद आरोपी को जब भी मौका मिलता उसे अकेला पाकर शादी का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा.

करीब डेढ़ वर्षों से वह लगातार शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाते रहा. अब वह शादी से इंकार कर रहा है. साथ ही मुझे जान से मारने की धमकी भी दे रहा है. पीड़िता ने कहा कि इन सब बातों को लेकर वह अपने गांवों के सामाजिक संस्था में भी न्याय की गुहार लगाई. सामाजिक संस्था के द्वारा बैठक भी किया गया. मगर बैठक में भी आरोपी शहबाज खान ने शादी से इनकार कर दिया. इधर, पूरे मामले को लेकर सदर थाना की पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर घटना की तहकीकात में जुट गई है. वहीं पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर प्रयासरत है.

## स्कॉर्पियो की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला की मौत

**तमाड़ ।** थाना क्षेत्र के रांची-टाटा मार्ग पर जोजोड़ीह बाबा ढाबा के निकट स्कॉर्पियो की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक महिला की मौत घटनास्थल पर हो गयी. घटना सोमवार सुबह 9 बजे की है. धुंध के कारण स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार महिला को टक्कर मार दी. मृतका की पहचान शांति मुक्ता बारला के रूप में हुई. जो जमशेदपुर महिला कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थी और गुमला की रहने वाली थी. बताया जाता है कि उक्त महिला अपनी सहेली सीता कुमारी के साथ अपनी स्कूटी पर सवार होकर जमशेदपुर से गुमला जा रही थी. जोजोडीह के निकट उसकी स्कूटी पंक्चर हो गया. जिसे बाबा ढाबा के पास दुकान में ठीक करा कर डिवाइडर पार किया. तभी उसे याद आया कि बैग पंचर दुकान में छूट गया है. वह अपनी सहेली को स्कूटी लेकर डिवाइडर से सड़क पार करने के दौरान जोजोडीह गांव के पास स्कॉर्पियो की चपेट में आ गयी.

**अभियान** कोयला चोरी के खिलाफ महगामा एसडीओ ने चलाया छापेमारी अभियान

# सात टन अवैध कोयला जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

संवाददता। गोड्डा ललमटिया (गोड्डा)

रविवार देर रात अनुमंडल पदाधिकारी महगामा राजीव कुमार के नेतृत्व में कोयला चोरों के खिलाफ संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया. सिविल एसडीओ महगामा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ललमटिया महगामा मुख्य सड़क पर ग्राम तेलगामा के समीप कोयला चोरी के खिलाफ यह छापेमारी अभियान चलाया गया. जिसमें तेलगामा मोड़ के पास कोयला से लदे टमटम (जुगाड़ गाड़ी) को पकड़ा गया. जिसपर लदे लगभग सात टन चोरी का कोयला को भी जब्त कर लिया गया. छापेमारी अभियान के दौरान जुगाड़ गाड़ी के साथ एक कोयला तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया गया. वहीं कई कोयला चोर मौके पर से भागने में सफल रहे. जब्त किए गए कोयला को ईसीएल के जिम्मे दे दिया गया है. मौके पर पकड़े गए चोर की पहचान ग्राम सरौतिया थाना महगामा के मो. अशरफ के रूप में हुई है.



ललमटिया थाना के जेके वर्मा के अनुसार बीते रात्रि अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में कोयला चोरी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया था. जहां छापेमारी अभियान में लगभग सात टन चोरी का कोयला और टमटम के साथ एक कोयला चोर मौके से पकड़े गए. कोयला चोरी के आरोप में पकड़ाए मो. अशरफ के खिलाफ महगामा थाना कांड संख्या 03/24 के तहत मामला दर्ज कर सोमवार को गोड्डा जेल भेज दिया गया है. संयुक्त छापेमारी अभियान में ईसीएल के सुरक्षा पदाधिकारी दिनेश ओझा, ललमटिया थाना की पुलिस एवं सीआईएसएफ के जवान शामिल थे. ज्ञात हो कि राजमहल कोल परियोजना अंतर्गत ललमटिया कोलियरी क्षेत्र के आसपास कई ऐसे अवैध खनन एरिया है, जहां से कोयला की लगातार चोरी कर कारोबार किया जाता रहा है. कोयला तस्कर कोयला डंप कर का इसको अगल-बगल के राज्यों में भेजते हैं. इसमें छोटे से लेकर कई बड़े कारोबारी तक शामिल हैं. कोयला तस्करों के खिलाफ बीच-बीच में खानापूर्ति के तौर पर कार्रवाई की जाती है. कुछ दिनों के बाद फिर सब कुछ सामान्य हो जाता है.

### खास बातें

- गुप्त सूचना पर ललमटिया महगामा सड़क पर चला अभियान
- जब्त कोयले को ईसीएल के जिम्मे सौंप दिया गया

## अनियंत्रित होकर ऑटो पलटा सात यात्री घायल, दो रेफर



संवाददाता। हुसैनाबाद (पलामू)

हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला-छतरपुर मुख्य मार्ग पर गम्हरिया गांव के नाग बाबा के पास एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया. इस हादसे में ऑटो में सवार सात लोग घायल हो गये. घायलों में कृत रजवार (70 वर्षीय), कबूतरी देवी (65 वर्षीय), लखन चौहान (60 वर्षीय), सुकुल पासवान, काजल कुमारी (16 वर्षीय), उनिता कुमारी (17 वर्षीय) और मधु कुमारी (17 वर्षीय) शामिल हैं. सभी को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इनमें से लखन चौहान व सुकुल पासवान की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने रेफर कर दिया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि ऑटो सवारी लेकर जपला की ओर आ रहा था. उसी क्रम में कुत्ता सड़क पर आ गया. जिसको बचने के क्रम में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** मानसिक तनाव होगा. दिन उलझन वाला होगा. कार्य, व्यवसाय एवं नौकरी में रुकावटें होंगी. पर किया गया परिश्रम सार्थक होगा. वहीं परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे. परिवारिक जीवन सुखमय होगा.

**वृषभ** व्यापार में लाभ का योग है. पर जीवनसाथी से विवाद हो सकता है. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. कामकाज के लिए अच्छा रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा. मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं.

**मिथुन** किया गया कार्य लाभ देगा. संतान के कार्य में विशेष ध्यान देने का समय है. किसी पुराना रोगों का इलाज संभव है. भाग्योदय संभव है. पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा. मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है.

**कर्क** यात्रा में थोड़ी परेशानी होगी. कामकाज सामान्य रहेगा. मन प्रसन्न रहेगा. नवीन मित्रता हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है. बजरंग बली का पूजन ध्यान करें.

**सिंह** स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखें. किसी से कहा सुनी हो सकती है. परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा. आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा. शुभफलों की प्रधानता रहेगी. विवाद से दूर रहें. सूर्य को जल दें.

**कन्या** अति क्रोध से बनी बनाई बात बिगड़ सकती है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. कामकाज सामान्य रहेगा. परीक्षा एवं प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं. किसी से मनमुटाव हो सकता है. सोच विचार कर बोलें.

**तुला** कामकाज सामान्य रहेगा. आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा. आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते हैं. परिवार या मित्र से मतभेद हो उत्पन्न हो सकते हैं. किसी अपनों से विवाद से बचें.

**वृश्चिक** मन प्रसन्न रहेगा. कामकाज में सफलता मिलेगी. दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती है. वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है. गाय का दूध गरीब को दान करें.

**धनु** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. आर्थिक स्थिति अच्छी होगी. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें. कोई लंबी यात्रा से बचें. खर्चे में बढ़ोत्तरी होगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. अन्न का दान किसी वृद्ध ब्राह्मण को करें.

**मकर** कार्य नहीं होने से मानसिक तनाव होगा. कार्य योजना में विस्तार हो सकता है. कामकाज में सफलता मिलेगी. शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा.

**कुंभ** पिता से कुछ विवाद भी हो सकता है. जीवन साथी की भावनाओं की कद्र करें. शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी. परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा. किसी प्रकार के विवाद में ना पड़े.

**मीन** भाग्य का साथ मिलेगा. पर किसी से विवाद हो सकता है. करीबियों की भावनाओं की कद्र करें. आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. कामकाज में लाभ होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. मिठाई का दान करें

## जमशेदपुर के टाटा जू में घड़ियाल और मगरमच्छ को मिला अब नया घर



**जमशेदपुर** । जमशेदपुर के टाटा स्टील जूलोजिकल सोसाइटी द्वारा संचालित टाटा जू में घड़ियाल और मगरमच्छ को नया घर दिया गया है. सोमवार को टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने इसका उद्घाटन किया. मौके पर चाणक्य चौधरी ने बताया कि टाटा जू में कई बड़े बदलाव किए जा रहे है. बीते साल ही जू में आने के लिए नए इंट्री गेट का उद्घाटन किया गया था. इसी के तहत घड़ीयाल और मगरमच्छ के रहने की जगह को नए तरह से बनाया गया है. इसके साथ ही बड्‌र्स के लिए भी नया घर बनाया जा रहा है. चाणक्य चौधरी ने बताया कि देश के अन्य शहरों में मौजूद जू से जानवरों के अदला-बदली भी की जाएगी. अन्य जू में जो जानवर ज्यादा मौजूद है उसकी अदला-बदली के लिए भी जू प्रबंधन प्रयासरत है. संभवतः जल्द ही जू में नए जानवरों को देखा जा सकेगा.

## समाजसेवी सुजीत सिंह बने झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो यूनियन के संरक्षक

**रांची।** रविवार को झारखंड प्रदेश डीज़ल ऑटो यूनियन की रांची महासभा में समाजसेवी सुजीत सिंह को संरक्षक नियुक्त किया गया, जिसमे दिनेश सोनी को पांचवीं बार अध्यक्ष नियुक्त किया गया. इस महासभा में सुजीत सिंह ने कहा कि वह डीज़ल ऑटो यूनियन के लिए हमेशा तत्पर और तैयार रहेंगे. जो भी समस्याएं सामने आएंगी, उनके समाधान के लिए तत्पर रहेंगे.



### तुलसी भवन बिष्टुपुर में 13-14 जनवरी को होगा अधिवेशन, तैयारी को लेकर बैठक हुई आयोजित

# मारवाड़ी महिला सम्मेलन के अधिवेशन में शामिल होंगी 250 महिलाएं

संवाददाता | जमशेदपुर

झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन का दो दिवसीय ग्यारहवां प्रांतीय अधिवेशन मंथन 13-14 जनवरी को तुलसी भवन बिष्टुपुर में होने जा रहा है. जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है. इस अधिवेशन मंथन में रांची से संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल और राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल भी शामिल रहेंगी. इस अधिवेशन को सफल बनाने के लिए मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा अध्यक्ष बीना अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को बिष्टुपुर तुलसी भवन में एक बैठक संपन्न हुई. बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित प्रांतीय अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल ने बताया कि अब तक इस अधिवेशन में झारखंड के सभी जिलों से 250 महिलाओं के शामिल होने की स्वीकृति मिल गयी है. सभी महिलाओं के ठहरने की व्यवस्था तुलसी भवन, राजस्थान भवन एवं सत्यनारायण मंदिर बिष्टुपुर में की गई है. बैठक का सफल संचालन करते हुए प्रांतीय सचिव प्रभा पाड़िया ने बताया कि इस अधिवेशन को सुचारू एवं सुंदर रूप से संपन्न करने के लिए महिलाओं को अलग-अलग विभाग की जिम्मेदारी दी गई है.

यातायात व्यवस्था में सुशीला खीरवाल, अनु मित्तल, संस्कृतिक प्रमुख बीना खीरवाल एवं संतोष धूत, सभागार प्रमुख सीमा अग्रवाल एवं सरस्वती अग्रवाल, भोजन विभाग प्रमुख मंजू मुसद्दी एवं सीमा जवानपुरिया, आवास विभाग सीमा जवानपुरिया एवं रानी अग्रवाल तथा रजिस्ट्रेशन विभाग सुशीला खीरवाल एवं सरस्वती अग्रवाल को सौंपा गया है. ये सभी अपने साथ चार पांच महिलाओं से सहयोग लेगी. सभी मिलजुल कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगीं हुई हैं. इस अवसर पर विगत दो वर्षों में किए गए कार्यों के आधार पर शाखाओं को पुरस्कृत किया जाएगा. इसी अधिवेशन में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सत्र 2024-26 के लिए मंजू बगड़िया (करकेंद, धनबाद) को पदभार दिया जाएगा. साथ ही आगामी सत्र (2026-28) के लिए प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी. मंथन के दौरान क्या कमी रह गई है, उसे कैसे सुधारा जा सकता है इस पर भी चर्चा की जाएगी. यह जानकारी प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुशीला खीरवाल ने प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी. सुशीला खीरवाल के अनुसार यह अधिवेशन दो वर्षों में होता है, इसलिए महिलाएं एक साथ मिलकर कहां हमारी क्या कमी रह गई है उसे कैसे सुधारा जा सकता है आदि विषय पर मंथन करेगी.

**जुटेंगी महिलाएं**

- राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल भी होंगी अधिवेशन में शामिल
- इस समारोह में शाखाओं को पुरस्कृत किया जाएगा



### शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस मनाया गया

# शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमरांव की एकता की मीनार का होगा निर्माण

संवाददाता । रांची

ग्रामीण मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि आज शहीद शेख भिखारी व शहीद टिकैत उमराव सिंह की शहादत दिवस है. इनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है. अमर शहीद शेख भिखारी समारोह समिति की मांग जायज है. देश को आजादी दिलाने वाले महान योद्धा शहीद शेख भिखारी की प्रतिमा स्थापित की जायेगी. इस दिशा में जल्द ही सरकारी स्तर पर पहल की जायेगी. इससे पूर्व मंत्री ने शहीद मैदान धुर्वा स्थित शेख भिखारी चौक के समक्ष उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. अमर शहीद शेख भिखारी समारोह समिति मुड़मा नयासराय के तत्वावधान में सोमवार को शहीद शेख भिखारी व शहीद टिकैत उमराव सिंह की 166वीं शहादत दिवस मनाई गई. मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि जिस मूल्यों की रक्षा के लिए शहीद शेख भिखारी व शहीद टिकैत उमराव सिंह ने हंसते हंसते अपने प्राणों की आहुति दी है, उसे आज तार- तार किया जा रहा है. एक भाई को दूसरे भाई से लडाने का साजिश हो रही है, हम अपनी एकता को बनाए रखें. वहीं राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि देश की आजादी को बचाए रखना ही शहीद शेख भिखारी व शहीद टिकैत उमराव सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी. उन्होंने कहा कि शहीद शेख भिखारी व शहीद टिकैत उमराव सिंह की एकता की मीनार का निर्माण निश्चित होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि शहीद शेख भिखारी व शहीद टिकैत उमराव सिंह की जीवनी को पाठ्यक्रमों में शामिल करने व इनके नाम शैक्षणिक संस्थानों के निर्माण की दिशा में पूर्ण मदद की जायेगी.

इस अवसर पर लोगों ने उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया. वहीं वक्ताओं ने शहीद शेख भिखारी व शहीद टिकैत उमराव सिंह के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विचार प्रकट करते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं झारखंड की साझी विरासत को बचाने का संकल्प लिया. वक्ताओं ने कहा कि शहीद शेख भिखारी का जन्म 1819 में ओरमांझी स्थित खुदीया लुटवा गांव में हुआ था. बचपन से ही उनके अंदर सैन्य क्षमता अपार थी. झारखंड के अमर शहीद स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी ठाकुर विश्वनाथ शाही के प्रमुख सेना नायकों में शेख भिखारी एक थे, जो सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता के गतिमान नायक थे. मौके पर सीपीआई के जिला सचिव अजय सिंह, एनुल हक, पत्रकार सैयद आलम, पुष्कर महतो, भवन सिंह, भुवनेश्वर केवट, यासमीन लाल, हकीम नाज, फिरोज अंसारी, हरिराम रिजवार, फरहाना खातून, उबैश आजाद,कैलाश यादव, कारी जान मोहम्मद, राजकुमार यादव, कुदुस अंसारी, अर्जुन बैठा, संतोष महतो, बिंदे मुंडा, राजेंद्रकांत महतो, इजहार हक, मैजुल हक, जाबिर हुसैन, खुर्शीद आलम आदि ने शहीद शेख भिखारी व शहीद टिकैत उमराव सिंह के सपनों को साकार करने का दृढ़संकल्प लिया.

**लिया संकल्प**

- शहीद शेख भिखारी की प्रतिमा स्थापित की जायेगी
- दोनों नायकों का 166वां शहादत दिवस मनाया गया



## प्रदेश में सरकारी भवनों का नाम अमर सेनानियों के नाम पर हो : राजकिशोर

**रांची** । भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह का शहादत दिवस पर सोमवार को हटिया स्थित शहादत स्मारक स्तंभ के बड़कागढ के मानिंदजनों और हटिया के प्रबुद्धजनों ने अमर शहीदों के तैल चित्रों पर श्रद्धांजलि अर्पित की. ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने अमर सेनानी के इतिहास को संक्षिप्त रूप में सभा के बीच रखी. राजकिशोर गुप्ता ने मांग रखा कि रांची शहर के गोलम्बरों, सड़कों, भवनों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, सरकारी-अर्द्ध सरकारी भवनों का नाम अमर सेनानियों के नाम पर हो. हटिया चौक से बिरसा चौक सड़क का नाम अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के नाम पर हो व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धुर्वा का नाम अमर सेनानी ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के नाम पर हो. सभी सेनानियों के वंशजों को निःशुल्क स्वास्थ्य कार्ड दिया जाए. अमर सेनानियों के ग्रामों को आदर्श ग्राम की दर्जा देते हुए ग्राम की आवश्यकताओं से संपन्न की जाएं. वही वरिष्ठ सदस्य श्री नागेन्द्र तिवारी ने अमर सेनानियों के ग्रामों में स्थित ऐतिहासिक आवासों की मरम्मत यथाशीघ्र हो. सभी सेनानियों के बेरोजगारों को सरकार योग्यता अनुसार नौकरी दे. स्मार्ट सिटी का जो निर्माण एचईसी के प्रांगण में हो रहा है उसमें अमर सेनानियों के वंशजों को आवास आवंटित की जाए. स्मार्ट सिटी का नाम अमर शहीदों के नाम पर हो। कांके डैम का नाम नामकरण अमर सेनानी टिकैत उमराव सिंह के नाम पर रखी जाए. गेतलसूद डैम का नाम अमर शहीद शेख भिखारी के नाम पर रखी जाए. नया विधानसभा के मुख्य द्वार पर अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की प्रतिमा लगाई जाए और इन्हें सम्मान दी जाए. श्रद्धांजलि सभा में राजकिशोर गुप्ता व सुधीर सिंह समेत कई मौजूद थे.

## शहीदों के पदचिह्नों पर चलकर ही सशक्त झारखंड राज्य का निर्माण होगा : मोमिन

**रांची** । झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के तत्वावधान पर महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह की शहादत दिवस रामगढ़ मार्ग स्थित शहीद स्थल चुटूपालू घाटी, ओरमांझी में सोमवार को मनाई गई. मौके पर अमर शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई. मौके पर मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली ने कहा कि झारखंड के वीर सपूत शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह का देश की स्वतंत्रता आंदोलन में अहम योगदान रहा है. 8 जनवरी 1858 को आजादी के दीवाने शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह ने हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गए थे, उनकी शहादत को देश का हर नागरिक सच्चे दिल से सलाम करता है. उनकी शहादत अतुल्य है. झारखंड महापुरुषों,वीरों एवं शहीदों का राज्य है. इनके पदचिन्हों पर चलकर ही सशक्त झारखंड राज्य का निर्माण किया जा सकता है. राष्ट्रीय महासचिव सगीर अंसारी ने कहा कि अमर शहीद शेख भिखारी व शहीद टिकैत उमराव सिंह के योगदानों को याद रखने व अपने हक-अधिकार के लिए हमेशा सचेत रहने की जरूरत है. मौके पर अनवर अहमद, अब्दुल्लाह अंसारी, गुलाम यजदानी, शमीम अख्तर आजाद, काजिम अंसारी व हाजी सिकंदर अंसारी मौजूद थे.



## निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिल पाई. जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने सोमवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई की अगली तारीख 11 मार्च मुकर्रर की है. बता दें कि पूजा सिंघल को खूंटी में मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था. इसके पहले एजेंसी ने उनके आवास सहित विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की थी. इस दौरान उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार के आवास से 20 करोड़ नगद बरामद किए थे. जेल भेजे जाने के बाद झारखंड सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया था. कोर्ट ने उन्हें पुत्री के इलाज के लिए कुछ दिनों के लिए जमानत दी थी, लेकिन बाद में उन्हें फिर सरेंडर करने का आदेश दिया गया था. इसके बाद सिंघल ने 12 अप्रैल 2023 को रांची ईडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर किया था. तब से वह रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं.

## ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए डीटीओ को भेजें सुझाव

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और प्रबंधन में सुधार लाने के लिए एक विशेष पहल की शुरुआत की है. इसके तहत उन्होंने जिले के नागरिकों से और सिविल सोसायटी से सुझाव मांगे है. यह सुझाव जिला परिवहन पदाधिकारी के ईमेल आईडी dto-es-jhr<bha>@</bha>nic.in या फिर लिखित माध्यम से जिला परिवहन कार्यालय में 15 जनवरी तक जमा किए जा सकते हैं. नागरिकों से मिले सुक्षाव को जिले प्रशासन अमल में लाने का प्रयास करेगी और ट्रैफिक सुधार में उसे अपनाएगी.

### समाज विकास केंद्र सभागार में हुआ एकदिवसीय राज्यस्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन, पांच जिलों के किसान हुए शामिल

# रासायनिक उर्वरक के प्रयोग से खेत हो रहे बंजर : कृषि वैज्ञानिक

संवाददाता । रांची

पुरुलिया रोड स्थित समाज विकास केंद्र सभागार में रोमन कैथोलिक सोशल विंग की ओर से एक दिवसीय राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें पांच जिलों खूंटी, रांची, सिमडेगा, गुमला और हजारीबाग के 100 प्रगतिशील किसान शामिल हुए. मौके पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक रवि कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग के कारण भूमि की उर्वरता कम होती जा रही है. मौसम में काफी बदलाव हो रहा है, जिससे धीरे-धारे खेती का मौसम भी शिफ्ट हो गया है. आनेवाले समय में लोगों को खाद्यान्न संकट से जूझना पड़ेगा. इससे उबरने के लिए जैविक खेती ही विकल्प है, क्योंकि कम समय में फसल की ज्यादा पैदावार की जरूरत है. जैविक खेती कम पानी में हो जाती है.



**कम पानी में है मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने की जरूरत**

कृषि वैज्ञानिक कुमार ने बताया कि कम पानी में मोटे अनाज मड़ुआ, गोंदली, ज्वार, कोदो की खेती को बढ़ावा देने की जरूरत है. ये पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं. इन खेती में कम पानी में बढ़िया फसल होती है. उन्होंने कहा कि यदि श्री विधि और एरोबिक विधि से खेती की जाए तो बहुत कम पानी में ही बढ़िया उपज प्राप्त कर सकते हैं. संस्था के निदेशक फादर बिपिन पानी ने कहा कि किसानों को परंपरागत कृषि को संरक्षित करने की जरूरत है

**खेती के साथ सुकरपालन से होता है दो गुना लाभ : महतो**

बड़कागांव के किसान नकुल महतो ने किसानों को सुकरपालन से संबंधित जानकारी साझा की. उन्होंने कहा कि यदि किसान खेती कार्य के साथ-साथ सुकरपालन का भी कार्य करें, तो उन्हें इससे दो गुना लाभ प्राप्त हो सकता है. सुकर से प्राप्त मल एवं गाय के गोबर से जो खाद तैयार होता है, वह खेतों के लिए बहुत ही लाभदायक होता है और पैदावर भी दोगुना होती है. सम्मेलन में वाल्टर केरकेट्टा, मनीष टोप्पो, अर्चना कुजूर और संजय टोप्पो मौजूद थे.

**इन किसानों को किया गया सम्मानित**

नितरन धान, तिनतुस केरकेट्टा, रेमिस रुंडा, नीलमणि टोप्पो, नारायण इंदवार, लियो डुंगडुंग, प्रकाश बरवा, राजो एक्का और विंसेंट ओडेया को उत्कृष्ट किसान संस्था के निदेशक फादर बिपिन पानी ने स्मृति चिह्न देकर और शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया.

**सम्मान दिवस** समारोह में संस्कृति मंत्रालय के साहित्य अकादमी द्वारा सम्मानित 18 साहित्यकारों ने हिस्सा लिया

# धूमधाम से मनाया गया संताली भाषा सम्मान दिवस समारोह

राजेश चौबे । घाटशिला

घाटशिला कालेज में सोमवार को संताली विभाग द्वारा धूमधाम से संताली भाषा सम्मान दिवस समारोह मनाया गया. इसमें भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के साहित्य अकादमी द्वारा सम्मानित 18 साहित्यकारों ने हिस्सा लिया. जिन्हें संताली साहित्य सेवी सम्मान से विभूषित किया गया. समारोह में साहित्य के साथ संस्कृति का अद्भुत समागम हुआ. सभी साहित्यकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया. समारोह का विधिवत उद्घाटन पद्मश्री जमुना टुडू, कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजेंद्र भारती एवं प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने पंडित रघुनाथ मुर्मू एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया. समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने किया. समारोह में सभी अतिथियों का सम्मान प्राचार्य डॉ चौधरी ने अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया. उन्होन् में सभी अतिथियों, साहित्यकारों आदि का स्वागत करते हुए संताली भाषा के विकास यात्रा को बताते हुए कहा कि संताली भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में जो शामिल किया गया, वह भारतीय गजट में 8 जनवरी 2004 को प्रकाशित हुआ था. प्राचार्य ने अपने संबोधन में विधायक रामदास सोरेन के विधायक निधि से बने भव्य मुख्य द्वार की सराहना करते हुए यह मांग किया कि वे महाविद्यालय के बाउंड्री वॉल का भी निर्माण अपने विधायक निधि से करवा दें. समारोह में पद्मश्री जमुना टुडू, कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजेंद्र भारती एवं पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा में अपने संबोधन में इस आयोजन की सराहना करते हुए संताली भाषा सम्मान दिवस पर सबों को शुभकामनाएं दी. वहीं विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत ने अपने संबोधन में प्राचार्य के मांग पर बताया कि कॉलेज की टूटी बाउंड्रीवाल का निर्माण विधायक निधि से शीघ्र करवाया जाएगा. वहीं समारोह में संताली भाषा के क्षेत्र में सेवा कार्य के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित मूल पुरस्कार प्राप्तकर्ता भोगला सोरेन, भुजंग टुडू, युवा पुरस्कार प्राप्त श्याम सी टुडू, रानी मुर्मू, सालगे हांसदा, बाल पुरस्कार प्राप्त पीतांबर हांसदा, जोबा मुर्मू, शोभा हांसदा, मानसिंह माझी, अनुवाद पुरस्कार प्राप्त सारो हांसदा, मंगल माझी, सोभानाथ बेसरा, जोबा मुर्मू, गणेश ठाकुर हांसदा, सूर्य सिंह बेसरा, रविंद्र नाथ मुर्मू, ताला टुडू एवं चंद्र मोहन किस्कू को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया.

**विद्यार्थियों ने किया सामूहिक नृत्य :** समारोह में संताली विभाग की छात्र-छात्राएं अपनी संस्कृति पर केंद्रित समूह नृत्य प्रस्तुत किया. नृत्य में सभी सम्मानित साहित्यकारों ने शामिल होकर सांस्कृतिक समागम का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया. इससे पूर्व संताली विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए अपनी संस्कृति पर केंद्रित प्रदर्शनी का सभी अतिथियों ने निरीक्षण किया और उसे सराहनीय बताया. कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रीति-रिवाज से छात्रों ने किया. कार्यक्रम के अंत में दिलचंद राम ने धन्यवाद ज्ञापन किया. समारोह का संचालन संताली विभाग के शिक्षक मानिक मार्डी एवं बसंती मार्डी ने किया. वहीं इस अवसर पर जिला पार्षद दिव्यानी मुर्मू, काजल डॉन, डॉक्टर पीके गुप्ता व डॉक्टर एस के सिंह समेत कई लोग मौजूद थे.

**जुटे साहित्यकार**

- समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने किया
- अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह देकर किया गया



## मोदी सरकार ने गरीबों को मुख्यधारा से जोड़ा : मरांडी



संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश बाबूलाल मरांडी सोमवार को गिरिडीह के ग्राम पंचायत बलहारा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले साढ़े नौ साल में गांव, गरीब, किसान, वंचित, युवा, महिला, आदिवासी, दलित, सभी वर्गों को मोदी सरकार ने विकास की मुख्यधारा से जोड़ा. शौचालय निर्माण, पीएम आवास में पक्का घर, किसान सम्मान निधि हो, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड पेंशन योजनाएं, गैस सिलेंडर सहित सभी योजनाओं ने आम आदमी के जीवन स्तर को ऊंचा किया है.

**योजनाओं से जोड़ा जाएगा जन जन को :** मरांडी ने कहा कि आज भी काफी लोग योजना से जुड़ नहीं पाए हैं, जिसका समाधान विकसित भारत संकल्प यात्रा में पूरा किया जा रहा है. विकसित भारत का संकल्प जन-जन को योजनाओं से जोड़कर ही पूरा किया जा सकता है.

2024
लोकसभा चुनाव

# ईवीएम की गुणवत्ता को लेकर चर्चा जारी
## चुनाव आयोग सवालों पर गौर करे
# हल होना चाहिए ईवीएम का मुद्दा



ईवीएम को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है. लोग इसकी गुणवत्ता को लेकर सवाल उठा रहे हैं. हर बार ऐसा उस समय होता है जब चुनाव नजदीक आते हैं. 2024 में लोकसभा के चुनाव होने हैं. ऐसे में ईवीएम को लेकर फिर आवाजें उठने लगी हैं. इस पर राजनीतिक पार्टियों के नेताओं की मिलीजुली प्रतिक्रियाएं आ रहीं हैं. सत्ता पक्ष के लोग इसे उपयोगी बता रहे हैं, वहीं विपक्ष इसकी विश्वसनीयता पर संदेह जता रहा है. गौर करने की बात यह है कि आखिर ईवीएम का प्रयोग चुनाव में क्यों किया जा रहा है. क्योंकि इससे कम समय में परिणाम मिल जाते हैं. भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में ऐसी मशीन की बहुत जररुत है,यानी यह उपयोगी है. क्योंकि इससे चुनाव के परिणाम कम समय में मिलते हैं. साथ ही बैलेट पेपर की तुलना में खर्च भी कम आता है. इस समय ईवीएम का मुद्दा राजनीतिक रुप ले चुका है. अब तक यही देखा गया है कि चुनाव हारने वाली पार्टी अपना ठीकरा ईवीएम पर फोड़ती है. उसे लगता है कि ऐसा करने से उनकी छवि आम जनता के सामने सुधरी नजर आएगी और अगले चुनाव में उसका फायदा मिल जाएगा. पर बात वैसी नहीं है. पर जब सवाल उठ ही रहे हैं तो चुनाव आयोग को भी इस पर गौर कर जांच करा ही लेना चाहिए ताकि इस मुद्दे का समाधान हो जाए. शुभम संदेश की टीम ने इस मामले पर विभिन्न जिलों में राजनीतिक दलों के नेताओं की राय जानी है. पेश है रिपोर्ट

**लोगों ने कहा**

- हारने वाली पार्टी ईवीएम का राग अलापती ही है
- मशीन है तो खामियां भी हो ही सकती हैं
- मतदान से पहले ईवीएम का मॉक टेस्ट होता है
- बड़ी जनसंख्या वाले देश के लिए यह बहुत उपयोगी
- इसके इस्तेमाल से चुनाव खर्च में कमी भी आती है

**जमशेदपुर**

### ईवीएम चिप आधारित मशीन छेड़छाड़ की गुंजाइश नहीं : गुंजन



भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि ईवीएम पर बिल्कुल विश्वास किया जा सकता है. चुनाव आयोग ने भी कहा है कि ईवीएम में कोई खामी या अनियमितता नहीं है. सुप्रीम कोर्ट से लेकर देश की विभिन्न अदालतों में इस संबंध में कई बार यह स्पष्ट किया जा चुका है. उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 में चुनाव आयोग ने वैसे सभी दलों के लोगों को बुलाया था, जो यह दावा किया करते थे कि वे ईवीएम को 'हैक' कर देंगे. लेकिन उनमें से कोई कुछ नहीं कर सका. लिहाजा, अब ईवीएम की 'हैकिंग' का दावा या उसपर शंका बेबुनियाद है. विपक्षी दल जिस राज्य में जीत दर्ज करते हैं वहां पर ईवीएम पर कोई दोषारोपण अथवा सवाल नही करते हैं. ईवीएम और वीवीपैट की पारदर्शिता के मद्देनजर दिल्ली हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई थी. कोर्ट ने न केवल उसे खारिज किया बल्कि इसे पब्लिसिटी स्टंट बताते हुए 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया था. विपक्षी दलों को ईवीएम की जांच से अधिक उन्हें जनता वोट क्यों नहीं दे रही है, इसपर चिंतन और मनन करना चाहिए. ईवीएम चिप आधारित मशीन है, जिसे सिर्फ एक बार प्रोग्राम किया जा सकता है. उसी प्रोग्राम से तमाम डेटा स्टोर किए जा सकते हैं.

### इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को किया जा सकता हैक : मोहन कर्मकार



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सह जिला बीस सूत्री कमेटी उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार ने कहा कि किसी भी डिजिटल उपकरण को, खासकर चुनाव जैसे संवेदनशील मुद्दों पर विश्वास नहीं किया जा सकता है. किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को बेशक हैक किया जा सकता है. जापान जैसे विकसित देशों में ईवीएम मशीन को बैन कर दिया गया है, जिस देश ने ही ईवीएम का आविष्कार किया था. क्योंकि यह उपकरणों में डिजिटल चिप लगा होता है जिससे डाटा प्राप्त होता है. अतः किसी भी चिप को आसानी से टैंपर या हैक किया जा सकता है. विपक्षी दलों की मांग बिलकुल जायज है. यदि भाजपा बहुमत प्राप्त करके अन्य दलों को मात देते आ रही हैं, तो प्रथम स्थान होते हुए, उन्हें किसी प्रकार की आपत्ति नहीं होनी चाहिए. ईवीएम मशीन को हटा कर बैलट बॉक्स के माध्यम से चुनाव घोषित करने की. उन्होंने कहा कि पूर्ण रूप से ईवीएम की जांच होनी चाहिए. जांच बिलकुल सक्रिय एवं निष्पक्ष संगठन के द्वारा होनी चाहिए.

### ईवीएम के दम पर 'आप' ने कई बार जीत हासिल की : प्रेम झा



भाजपा जमशेदपुर महानगर प्रवक्ता प्रेम झा ने कहा कि बिल्कुल ईवीएम की वोटिंग प्रणाली पर मुझे ही नहीं बल्कि संपूर्ण देशवासियों को पूरा भरोसा है. वोटिंग मशीनों के इस्तेमाल से चुनावी घोटालों और मानवीय गलतियों में कमी आई है जिससे लोकतंत्र को लाभ हुआ है. विपक्षी दल चुनाव से पहले ऐसे मुद्दे लाकर जनता को दिग्भ्रमित करने की कोशिश करते हैं. ईवीएम को हैक करने पर उन्होंने कहा कि यह हास्यास्पद है. आज से पहले भी कई राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने ईवीएम मशीनों से छेड़छाड़ के आरोप लगाए थे, लेकिन अदालत में ये आरोप साबित नहीं किए जा सके और सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे मामले को खारिज कर दिया था. बार-बार हार के बाद विपक्ष द्वारा इस मुद्दे को उठाना सिर्फ उनकी विफलताओं को छिपाने का जरिया मात्र रह गया है. इसी ईवीएम के दम पर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में तीन बार और पंजाब में एक बार चुनाव जीता, 2012 में समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला, बहुजन समाज पार्टी बसपा को 2007 में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला. राजस्थान, छत्तीसगढ़ और झारखंड में विपक्षी गठबंधन की सरकार बनी और हाल में कांग्रेस ने तेलंगाना जीता है. जब आप चुनाव जीतते हैं तब ईवीएम की मशीन सही होती है और हारने पर आपको लगता है कि मशीन के साथ छेड़छाड़ की गई है. चुनाव आयोग बार-बार कह चुका है कि भारत में इस्तेमाल होने वाली ईवीएम से किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं हो सकती.

**आदित्यपुर**

### ईवीएम की विश्वसनीयता शुरू से संदिग्ध : अर्जुन



अर्जुन यादव, प्रदेश महासचिव राजद का कहना है कि इसमें दो राय नहीं कि ईवीएम की विश्वसनीयता शुरू से संदिग्ध रही है. खुद भाजपा वाले ही इसे संदिग्ध मानकर शुरू में विरोध करते रहे हैं. आज जितने भी विकसित राष्ट्र हैं वहां ईवीएम और वीवी पैट को मान्यता नहीं है. ऐसे में सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनाव आयोग आखिर क्यों ईवीएम को ही अपना सर्टिफिकेट देकर चुनाव कराना चाहता है. मेरा मानना है कि इस पर भी चुनाव आयोग को देश के जितने भी राजनीतिक दल हैं उनके बीच जनमत संग्रह करा लेना चाहिए, फिर कोई निर्णय लेना चाहिए, नहीं तो भारत की चुनाव प्रणाली पर सदैव सवालिया निशान लगते रहेंगे.

### आयोग को फिर से विचार करना चाहिए : फूलकांत झा



कांग्रेस पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष फूलकान्त झा का कहना है कि ईवीएम और वीवी पैट को किस आधार पर और किसके इशारे पर चुनाव आयोग दूध का धुला बता रहा है. अगर चुनाव में भाग लेने वाला दल इसका विरोध कर रहा है तो चुनाव आयोग को भी इसपर पुनर्विचार करना चाहिए. विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत है और उसकी साख पर यहां के लोग बट्टा लगाएं यह किसी देशवासी को मंजूर नहीं होगा. मेरे ख्याल से राजनीतिक दलों के बीच जनमत कराकर चुनाव आयोग को इस बार चुनाव में ईवीएम और वीवी पैट का इस्तेमाल करना चाहिए. अन्यथा उसके क्रियाकलाप पर सवाल उठते रहेंगे. एक बार इसकी जांच हो जाए तो विपक्ष फिर इस तरह का राग नहीं अलापेगा. सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए.

**किरीबुरु**

### ईवीएम में किसी तरह की गड़बड़ी हो सकती है : एमएसएस कुजूर



मेघाहातुबुरु के सेलकर्मी सह मजदूर नेता एम एस एस कुजूर ने बताया कि ईवीएम मशीन से गड़बडी.हो सकती है. उन्होंने बताया कि एक चुनाव में वह खुद ईवीएम मशीन लेकर पश्चिम सिंहभूम के सोनुवा क्षेत्र में मतदान कराने गए थे. मतदान से पहले ईवीएम मशीन की जांच की गई तो पाया कि एक पार्टी प्रत्याशी के नाम का बटन दबाने पर दूसरे प्रत्याशी को वोट पड़ते पैड मशीन में दिखा रहा था. हालांकि हमलोग उक्त मशीन को तुरंत बदल दिये और दूसरी मशीन ठीक काम कर रही थी. यह स्थिति तकनीकी खराबी या विशेष वजह से उत्पन्न हुई यह तो नहीं कह सकते हैं. लेकिन हमारे साथ ऐसा हुआ था. इस मामले पर चुनाव आयोग को गंभीरता से सोंचते हुए इसमें पारदर्शी लाने की जरुरत है.

### ईवीएम से गड़बड़ी होने का सवाल ही नहीं है : राकेश



सेलकर्मी राकेश निषाद ने कहा कि हम ईवीएम से कई चुनाव करा चुके हैं. ईवीएम मशीन में मतदान से पहले सभी राजनीतिक पार्टी के एजेंट के सामने मौक पोल होता है. कम से कम जांच के लिए पांच-पांच वोट डालकर जांच की जाती है. सबकुछ सही होना के बाद मशीन को रीसेट कर सभी एजेंट के सामने हस्ताक्षर लेकर मशीन सील कर वोटिंग शुरू की जाती है. वोटिंग खत्म होने के बाद पुनः सभी के सामने मशीन सील की जाती है. ऐसे में ईवीएम मशीन से सेटिंग या गड़बड़ होने का सवाल नहीं उठता. राजनीतिक पार्टियां जहां हारती है, वहां ईवीएम बदनाम होती है. जहां जितती है वहां सवाल खडा.नहीं होता है. नेता पहले जनता की सेवा कर उनका विश्वास जीते. उन्हें कोई हरा नहीं सकता. ईवीएम भी बदनाम नहीं होगी.

**बोकारो**

### तकनीकी तौर पर प्रमाणित है ईवीएम : डॉ. लंबोदर महतो



गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने कहा कि ईवीएम पूरी तरह से टेक्निकली और साइंटिफिक तरीके से प्रमाणित किया गया है, इसलिए विपक्षी दलों का इसकी विश्वसनियता पर सवाल उठाना बिल्कुल बेबुनियाद है. ईवीएम तकनीकी रूप से इतना प्रमाणित रहता है कि वीवीपैट में चुनाव से पूर्व एवं बाद में सभी लोग इसकी गतिविधियों को अपनी नजर के सामने देख परख सकते हैं. दुनिया चांद तारे पर जा रहा है, सूर्य तक पहुंचने की कोशिश चल रही है, फिर भी विपक्ष लकीर का फकीर बनने की राह पर है. उसे हैक करने का कोई सवाल ही नहीं है, क्योंकि वह एक ऑपरेशनल मशीन है, कोई मोबाइल या कम्प्यूटर तो नहीं है. विपक्ष द्वारा इसकी प्रमाणिकता पर सवाल उठाना गलत है. कर्नाटक और तेलंगाना के चुनाव के बाद विपक्ष ने क्यों नहीं ईवीएम की प्रमाणिकता पर सवाल उठाया. कुल मिलाकर विपक्ष जब चुनाव हारता है या हार से भयभीत होता है तो इस तरह के बेबुनियाद सवाल उठाकर लोगों को भ्रमित करता है. इससे कोई फायदा नहीं है. राजनीतिक दलों के नेताओं के अच्छी तरह जन सेवा करनी चाहिए. ताकि ईवीएम की आलोचना की नौबन न आए.

### विश्वसनीयता पर हमेशा उठते रहे हैं सवाल : योगेंद्र



गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मशीनों को कभी भी हैक किया जा सकता है, इसलिए विपक्ष की मांग शत प्रतिशत जायज है. कई बार ऐसा देखा गया है कि बैंक एकाउंट से लेकर सोशल मीडिया के एकाउंट हैक कर लिए जाते हैं, तो फिर ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल तो निश्चित तौर पर उठाना लाजिमी है. जब देश में कॉंग्रेस गठबंधन की सरकार थी तो भाजपा ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया है. कई ऐसे समृद्ध देश हैं जो ईवीएम पर विश्वास नहीं करते. उन देशों में आज भी बैलेट पेपर पर ही निष्पक्ष तरीके से चुनाव हो रहे हैं. उन्होंने बताया कि ईवीएम पर चुनाव न होकर देश में पुराने तरीके से बैलेट पेपर पर चुनाव हों तो निश्चित तौर पर चुनाव में चौंकाने वाले परिणाम आएंगे. उन्होंने कहा कि मशीनरी चीजों की कोई विश्वसनीयता नहीं है, इसलिए विपक्ष ने जो मांग उठाया है, वह शत प्रतिशत जायज है. इसलिए चुनाव आयोग को इस पर गौर करने की जरुरत है. आयोग को चाहिए कि इसकी किसी स्तरीय एजेंसी से कराकर लोगों के भ्रम को दूर करना चाहिए.

**धनबाद**

### चंद नेताओं के मुंह से ही आवाज उठती है : राज सिन्हा



धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा ने कहा कि ईवीएम पर विपक्षी हमेशा अनर्गल आरोप लगाते है जो चंद नेताओं के मुंह से ही आवाज उठती है . लेकिन जहां विपक्षी पार्टियों की ईवीएम के माध्यम से जीत होती है, वहां किसी प्रकार का सवाल नहीं उठाता है. इससे विपक्षियों की मंशा साफ दर्शाती है कि उनकी सोच क्या है.उन्होंने कहा कि ईवीएम के माध्यम से कराए जा रहे चुनाव से आम जनता भी सन्तुष्ट हैं .इसलिये बैलेट पेपर से चुनाव कराने का सवाल ही नहीं उठता है.

### जग जाहिर है कि यह हैक हो सकती है : मथुरा महतो



जेएमएम के टुंडी विधायक मथुरा महतो ने कहा कि 2024 का चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से ही होना चाहिए . क्योंकि ईवीएम को लेकर जग जाहिर है कि इसे भी हैक किया जा सकता है .इसलिए सभी पार्टियां आज इस पर सवाल उठा रही है . इलेक्शन कमीशन को भी ईवीएम के बढ़ते विवाद को देखते हुए इस पर फिर से विचार करना चाहिए और पूर्व की भांति ही चुनाव कराना चाहिए .

### विकसित देश पुराने मोड पर ही करा रहे हैं चुनाव : अरूप चटर्जी



निरसा मासस के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि ईवीएम पर आँख बंद कर विश्वास नही किया जा सकता है. यही वजह है कि आज सभी विकसित देश ईवीएम को हटा कर पुराने मुड़ पर चुनाव करा रहा है. यहां भी चुनाव आयोग को बैलेट पेपर के माध्यम से ही चुनाव कराना चाहिए .विपक्षियों की मांग पूरी तरह जायज है. इसलिए सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरुरत है. ताकि भ्रम दूर हो सके.

### गुणवत्ता पर शक है तो इसकी जांच करा ले : श्रवण राय



भाजपा के जिला महामंत्री श्रवण राय ने कहा कि विपक्षियों को ईवीएम की गुणवत्ता पर अगर किसी प्रकार का कोई शक है तो वह इसकी जांच किसी भी संस्था से कर ले ताकि वह इससे संतुष्ट हो सके. उन्होंने कहा कि बैलेट पेपर पर चुनाव होने से काफी लंबी प्रक्रिया चलती है जिससे चुनाव में विभागीय अधिकारी व आम जनता को थकाऊ प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है .इसलिये ईवीएम से चुनाव कराना ही सही है .कांग्रेस ने भी ईवीएम के माध्यम से केंद्र में दो बार सरकार बनाई लेकिन भाजपा ने इस पर कभी सवाल नहीं उठाया है.

**घाटशिला**

### ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं हो सकती : साकेत अग्रवाल



ईवीएम मशीन के संबंध में पूछे जाने पर भाजपा नेता सह भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष साकेत अग्रवाल ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं हो सकती और चुनाव होने से पूर्व चुनाव में पूरी तरह पारदर्शिता रहती है. मतदान शुरू होने से पूर्व भी सभी राजनीतिक दल मतदान एजेंट की मौजूदगी में मॉक टेस्ट किया जाता है इसके बाद ही उक्त ईवीएम में मतदान की प्रक्रिया आरंभ की जाती है. ईवीएम से किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं हो सकता ऐसी स्थिति में ईवीएम पर सवाल उठना सही नहीं है.

### ईवीएम शत प्रतिशत सुरक्षित नहीं : करुणाकरण महतो



ईवीएम मशीन के संबंध में पूछे जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता करुणाकरण महतो ने बताया कि एवं किसी भी परिस्थिति में ईवीएम शत प्रतिशत सुरक्षित नहीं है. ईवीएम को लेकर हजारों लोगों ने चुनाव आयोग के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई है. इसके बावजूद इस पर रोक नहीं लगाया गया है विश्व के किसी भी देश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से चुनाव नहीं होती है एवं की बात भाजपा को छोड़कर सभी पार्टी सवाल उठा रहे हैं इसमें कोई भी बात जरूर होगी तभी जाकर लोग आवाज उठा रहे हैं.

### अवसर नहीं मिल पर विपक्ष में बौखलाहट है : कौशिक कुमार



घाटशिला प्रखंड निवासी भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कौशिक कुमार ने कहा कि बैलट पेपर से चुनाव होने के कारण ही वर्षों से कांग्रेस देश पर राज किया. इसके कारण भाजपा ने निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए ईवीएम मशीन शुरू की है इस पर 100 प्रतिशत विश्वास किया जा सकता है. इसको कभी भी हक नहीं किया जा सकता है. जिस पर चुनाव आयोग ने भी भरोसा जताया है. पूर्व में बैलट पेपर के माध्यम से चुनाव होता रहा जिससे पूरे देश ने देखा कि किस तरह से गरीबों के वोट को खरीद कर वर्षों तक कांग्रेस ने देश पर राज किया.

### ईवीएम में गड़बड़ी पैदा की जा सकती है : काजल डान



झारखंड मजदूर यूनियन के प्रखंड अध्यक्ष काजल डॉन ने कहा कि बड़े-बड़े टेक्नीशियन विशेषज्ञ एवं जानकार इस बात को उठाते रहे हैं कि ईवीएम में गड़बड़ी की जा सकती है. उसे कभी भी हैक किया जा सकता है. यहां तक कि जिन देशों ने इसे विकसित किया है उसने भी माना है कि इसे आसानी से हैक किया जा सकता है . लोकतंत्र की भलाई के लिए हर हाल में इसकी जांच की जानी चाहिए जिससे लोकतंत्र मजबूत हो. इसलिए सरकार को इस पर विचार करना चाहिए. जम्मू के बड़े नेता तथा विपक्षी नेताओं ने भी देश का प्रबुद्ध नागरिक भी इसकी मांग कर रहे हैं.

**चक्रधरपुर**

### ईवीएम पर सवाल उठाना बिलकुल गलत: गुरुचरण



मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक गुरुचरण नायक ने कहा कि ईवीएम पर सवाल उठाना बिलकुल गलत है. उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी जब चुनाव हारती है तो ईवीएम पर सवाल उठाती है.तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की हुई जीत से विपक्ष घबरा गयी है. ईवीएम का प्रयोग सही है.नई पद्धती में ईवीएम का उपयोग हो रहा है.पुराने तकनीक से मतदान कराने व मतगणना में देरी भी होती थी.ईवीएम को किसी प्रकार से हैक नही किया जा सकता. विपक्षी पार्टी मनगढ़त बातें बनाकर लोगों को बरगलाने का काम कर रही है.

### बैलेट पेपर पर होना चाहिए अगला चुनाव: बहादुर उरांव



चक्रधरपुर के पूर्व विधायक बहादुर उरांव ने कहा कि बैलेट पेपर पर ही चुनाव होना चाहिए. कई संपन्न देशों में भी चुनाव के दौरान बैलेट पेपर का ही उपयोग होता है. बैलेट पेपर से अगर चुनाव कराया जाएं तो भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव में जीतना संभव नहीं हो पाएगा, इसलिए भाजपा बैलेट से चुनाव नहीं कराना चाहती है.विपक्ष की मांग जायज है. ईवीएम से ही मतदान होना चाहिए.जब अन्य चुनाव बैलेट पेपर के जरिये किये जा सकते हैं तो लोकसभा व विधानसभा चुनाव में बैलेट से चुनाव कराने में परेशानी नहीं होनी चाहिए.

### चुनाव हारने के डर से विपक्ष उठा रहा सवाल: शशिभूषण



चक्रधरपुर के पूर्व विधायक शशिभूषण समाड ने कहा कि विपक्ष पार्टी चुनाव हारने के डर से ईवीएम पर सवाल उठा रही है.तीन राज्यों में भाजपा की जीत हुई है. तेलांगना में कांग्रेस पार्टी की जीत हुई है. अगर ईवीएम गलत होता तो तेलांगना में कैसे जीत होती है.जब कांग्रेस पार्टी या विपक्षी पार्टी जीत दर्ज करती है तो ईवीएम के बारे में बात नहीं करती है. विपक्ष स्वयं को कमजोर समझ रही है, इसलिए ईवीएम को हैक करने से जैसे बातें बनायी जा रही है.देश में ईवीएम के जरिये चुनाव कराया जाना चाहिए.

**लातेहार**

### विपक्ष जीतता है तो ईवीएम ठीक रहती है: राकेश दुबे



भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे ने कहा कि जहां- जहां कांग्रेस व उसके सहयोगियों की सरकार बनती है वहां ईवीएम ठीक रहती है. जब वह कहीं हार जाती है तो ईवीएम हैक हो जाती है. यह इंडिया गठबंधन के दोहरे चरित्र का परिचायक है. इससे पहले मध्यप्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी. उस समय ईवीएम सही सलामत काम कर रही थी. ईवीएम की निष्ठा पर उन्हें कोई शक नहीं था और जैसे ही इन राज्यों में वह हारी ईवीएम हैक होने लगी. ईवीएम को नकारना विपक्षी दलों की हताशा को दर्शाती है.

### ईवीएम मशीन है, हैक हो सकती है: समशुल होदा



झामुमो के जिला सचिव समशुल होदा ने कहा कि ईवीएम एक मशीन है और इसे हैक किया जा सकता है. इस पर 100 प्रतिशत विश्वास नहीं किया जा सकता है. केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार अपने नियंत्रण में लेकर इसे कराती है. जब ईडी व सीबीआई जैसी स्वतंत्र एजेंसियों को दुरूपयोग हो सकता है तो ईवीएम को कंट्रोल करना बड़ी बात नहीं है. भाजपा को जब भी लगता है कि वह चुनाव हारेगी. केंद्र में बैठी सरकार इवीएम में छेड़छाड़ कर उसे हैक करवाती है. असल में देश में भाजपा तानाशाह हो गयी है. उसे लगता है कि वह भी सिर्फ देश को चला सकती है.

### विकसित देशों में बैलेट से होते हैं चुनाव: आफताब



युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि विदेश के कई देशों में आज भी बैलेट पेपर से चुनाव होते हैं. कई विकसित देश जो पहले ईवीएम से चुनाव कराते थे, आज वे बैलेट पेपर से चुनाव करा रहे हैं. इसका अर्थ है कि ईवीएम में गड़बड़ियां होती है तभी विकसित देश भी ईवीएम छोड़ कर बैलेट पेपर में चुनाव करा रहे हैं. बैलेट पेपर से चुनाव पारदर्शी होता है. मतदाता भी संतुष्ट होता है कि उसका मत सही जगह गया है. चुनाव आयोग व सरकार को फिर से बैलेट पेपर से चुनाव कराना चाहिए. आखिर ईवीएम से पहले बैलेट पेपर पर ही चुनाव होते थे.

### इस समय विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है: बंशी यादव



भाजपा जिला महामंत्री बंशी यादव ने कहा कि आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है. इसलिए ईवीएम- ईवीएम का खेल खेल रही है. हालिया चुनाव में अपनी हार को देख कर कांग्रेस व इंडिया गठबंधन दलों के नेता घबरा गये हैं. इस कारण वे अपनी हार का ठिकरा ईवीएम पर फोड़ रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश विकास की राह पर अग्रसर है. पूरे विश्व मे भारत का डंका बज रहा है. इसे कांग्रेस व उसके सहयोगी दल पचा नहीं पा रहे हैं. आगामी लोकसभा चुनाव में भी उनका यही हश्र होगा.

### ईवीएम पर शत प्रतिशत भरोसा नहीं : प्रभात कुमार



लातेहार के झामुमो विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने कहा कि ईवीएम पर शत प्रतिशत भरोसा नहीं है. चुनाव के दिन भी अक्सर ईवीएम खराब होती है. खराब होती है या कराई जाती है यह जांच का विषय है. ईवीएम हैक होने की घटनाएं कई जगहों से आती है. अक्सर सुना जाता है कि वे किसी और चुनाव चिह्न पर बटन दबाते हैं, लेकिन वोट किसी और चुनाव चिह्न पर चला जाता है. यह सब ईवीएम हैक होने की वजह से होता है. अच्छा तो यही है कि फिर से बैलेट पेपर से चुनाव कराया जाये.



**गोड्डा**

### ईवीएम में वोट की प्रक्रिया सरल होती है : हेमलाल मुर्मू



लोकतंत्र में वोट देने की प्रक्रिया सरल होनी चाहिए. बैलेट पेपर में वो बात नहीं थी जो ईवीएम मशीन में है. झामुमो के दिग्गज नेता सह पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू कहते हैं कि मेरी राय बाकी नेताओं से भिन्न है. जो सही है तो उसकी आलोचना क्यों की जाए. ईवीएम में समय कम लगता है .खर्च भी कम होता है. परिणाम तुरंत मिल जाते हैं.

### ईवीएम पर सौ प्रतिशत विश्वास करता हूं : अमित



ईवीएम पर पूरी तरह से विश्वास करता हूं और जो नाविश्वास कर रहे हैं वह वोट लूटने में नाकामयाब रह रहे हैं, इस वजह से अनर्गल आरोप लगा रहे हैं. भाजपा विधायक अमित मंडल कहते हैं कि ईवीएम का वर्तमान में कोई विकल्प नहीं है. खुले मन से जनता जनार्दन के आदेश को स्वीकार करने की आदत सभी नेताओ को डाल लेनी चाहिए.

### सवाल नहीं पर चर्चा तो हो ही सकती है : प्रदीप यादव



पोरेयाहाट विधानसभा से कांग्रेसी विधायक प्रदीप यादव कहते हैं कि ईवीएम पर चर्चा कराने का पक्षधर हूं, अगर किसी के मन में कोई शंका है तो उसे दूर किया जाना चाहिए. इसने किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए. ईवीएम पर सवाल तो भाजपा भी पहले उठाती रही है. सवाल अगर उठ रहे है तो आयोग को संज्ञान लेना चाहिए .

**गिरिडीह**

### निष्पक्ष होता है ईवीएम से चुनाव कराना : रविंद्र राय



बीजेपी के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार राय ने कहा कि ईवीएम से चुनाव निष्पक्ष होता है . ईवीएम से चुनाव कांग्रेस की सरकार में शुरू किया गया था. बीजेपी की सरकार आने के बाद से विपक्षी दल के नेता ईवीएम पर सवाल खड़ा कर रहे हैं जो सारा असर गलत है. जिस सीट से विपक्षी दल के नेता चुनाव जीते हैं वहां से वे सवाल नहीं खड़ा करते हैं. चुनाव हारने के बाद विपक्षी दल के नेता ईवीएम मशीन की विश्वसनीयता पर सवाल करते हैं.

### ईवीएम को हैक किया जा सकता है : निजामुद्दीन अंसारी



जेएमएम के पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि ईवीएम मशीन को हैक किया जा सकता है . ईवीएम मशीन की उपयोगिता पर पूरा विश्वास नहीं किया जा सकता है . पक्षी दल के नेता ईवीएम मशीन पर सवाल खड़ा कर रहे हैं तो मत_पत्र से चुनाव करवाना चाहिए . भारत एक लोकतांत्रिक देश है . यहां पर आम जनता वोट देकर अपने प्रतिनिधि का चुनाव करती है . प्रतिनिधि के चुनाव में पूरी पारदर्शिता बढ़ती जा सके इस दिशा में कारगर कदम उठाना चाहिए .

### निर्वाचन आयोग को संज्ञान लेना चाहिए : चंद्रिका महथा



पूर्व विधायक चंद्रिका महथा ने कहा कि लोकसभा या विधानसभा का चुनाव किस निष्पक्ष रूप से संपन्न करना चाहिए . विपक्षी दल के नेता ईवीएम मशीन की सत्यता पर सवाल खड़े कर रहे हैं तो इस पर निर्वाचन आयोग को संज्ञान लेना चाहिए .जब से ईवीएम मशीन से चुनाव करवाया जा रहा है तब से इस पर सवाल खड़ा हो रहा है . निर्वाचन आयोग देश की स्वतंत्र इकाई है . इस दिशा में उन्हें कारगर कदम और आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए .

**बेरमो**

### चुनाव में भरोसे वाली पद्धति अपनाई जानी चाहिए : माधव लाल सिंह



राज्य के पूर्व मंत्री सह गोमिया के पूर्व विधायक माधव लाल सिंह ने कहा कि जनता को जिस पर भरोसा हो वैसा ही पद्धति से चुनाव कराया जाना चाहिए. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से मतदान जल्द हो जाता है. साथ ही गिनती भी जल्दी संपन्न हो जाती है. लेकिन पिछले कई वर्षों से उस पर संदेह किया जा रहा है. जब ईवीएम मशीन को कांग्रेस लाई थी उस समय भारतीय जनता पार्टी के नेता इसका विरोध कर रहे थे. अब भारतीय जनता की पार्टी की सरकार सत्ता में है तो विपक्ष सवाल कर रही है. बहरहाल वैलेट पेपर पर वोट देने से पूरा विश्वास होता है कि जिस पार्टी और जिस व्यक्ति को मुहर लगाया है, वह संतोष जनक होता है. इसलिए मतदान की प्रक्रिया भरोसे के अनुसार होना चाहिए.



### ईवीएम पर पूरा भरोसा नहीं किया जा सकता : रामचंद्र ठाकुर



माकपा राज्य सचिव मंडल के सदस्य रामचंद्र ठाकुर ने कहा कि ईवीएम पर पूरी तरह से भरोसा नहीं किया जा सकता है. ईवीएम मशीन इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से चलती है. उसे हैक किया जा सकता है. विपक्षी दलों द्वारा जो आपत्ति की जा रही है वह पूरी तरह से जायज है. मतदाता ईवीएम मशीन पर बटन दबा देता है लेकिन वोट हकीकत में कहां जाता है इसकी पूरी जानकारी उसे नहीं होती है. इसलिए विरोध विपक्षी दलों का मांग जायज है. ईवीएम मशीन की जांच किया जाना चाहिए जांच से भागना नहीं चाहिए.

## बढ़ते साइबर अपराध के खतरे

साइबर अपराध की समस्या इतना जटिल रूप ले चुकी है कि देश में एक लाख की आबादी पर 129 साइबर अपराध दर्ज किए गए हैं, लेकिन इसकी संख्या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रति लाख आबादी पर 755, चंडीगढ़ में 432 तथा हरियाणा में 381 है. ऑन लाइन सेवाओं के विस्तार ने हमारे जीवन को जितना सुगम व सरल बनाया है, उतना ही खतरा साइबर अपराधों का भी बढ़ा है. दरअसल, देश में साइबर अपराधों पर शिकंजा कसने में देरी और लोगों में जागरूकता की कमी से भी अपराधी अपने मंसूबों में कामयाब हो जाते हैं. यह खबर परेशान करने वाली है कि देश में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ व हरियाणा में साइबर अपराध की दर सबसे ज्यादा है. बल्कि हरियाणा में मेवात साइबर अपराधों के जरिये वसूली का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है. यह स्थिति इतनी चिंताजनक है कि पिछले तीन सालों में वित्तीय धोखाधड़ी में दस हजार तीन सौ नब्बे करोड़ रुपये का चूना लोगों को लगा. कमोबेश साइबर अपराधियों के सुनियोजित गिरोहों द्वारा लोगों के विश्वास के साथ छल करके खून-पसीने की कमाई पर हाथ साफ किया जा रहा है. लोग शातिर अपराधियों के भ्रमजाल में फंस जाते है और उसकी बड़ी कीमत चुकाते हैं. इन स्थानों पर ज्यादा साइबर क्राइम होने की एक वजह यह भी है कि ऑनलाइन विकल्पों के प्रति जागरूकता के चलते अधिक लोग इन सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं. देश की केंद्रीय एजेंसियां लगातार अपराधियों पर नजर रखे हुए हैं और निरंतर इनके खिलाफ अभियान चलाती रहती हैं. दरअसल, साइबर अपराधी पुलिस व जांच एजेंसियों की सक्रियता के बावजूद अपनी गतिविधियों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं. साइबर अपराधों का दायरा इतना विस्तृत व जटिल है कि पुलिस भी उन पर आसानी से हाथ नहीं डाल सकती. असल में, अपराध की दुनिया में साइबर अपराध की शुरुआत एक नया खतरा है, जिसके लिए हम अपनी पुलिस को पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं कर पाए हैं. साथ ही नागरिकों को भी इस भ्रमजाल से बचने के लिए पर्याप्त रूप से जागरूक करने की जरूरत है. वहीं दूसरी ओर अपराध का स्वरूप देखें तो वर्ष 2023 में सभी साइबर अपराधों में 38 फीसदी धोखाधड़ी निवेश से संबंधित थी. इसके बाद ग्राहक सेवा या रिफंड लौटाने के नाम पर जरूरी जानकारी लेकर फ्राड करने अथवा केवाईसी समाप्ति संबंधी झूठी सूचना देकर ठगने के मामले प्रकाश में आए. इतना ही नहीं सेक्सटॉर्शन के जरिये भी धन वसूली के बहुत मामले प्रकाश में आए. इसमें वीडियो कॉल के जरिये लोगों के चित्र को अश्लील दृश्यों से जोड़कर बदनाम करने की धमकी देकर धन वसूला जाता है. देश में साइबर अपराधों का वर्ष 2022 से 2023 में 61 फीसदी की दर से बढ़ना गंभीर चेतावनी है. यह बदलाव है कि इससे पहले वर्ष में यह वृद्धि एक सौ तेरह प्रतिशत थी. यह अच्छी बात है कि वर्ष 2019 में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल लॉन्च होने के बाद लोगों को राहत मिली है.

> साइबर अपराधों का दायरा इतना विस्तृत व जटिल है कि पुलिस भी उन पर आसानी से हाथ नहीं डाल सकती. असल में, अपराध की दुनिया में साइबर अपराध की शुरुआत एक नया खतरा है.

### सुभाषित

**षड् दोषाः पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छता।**
**निद्रा तद्रा भयं क्रोधः आलस्यं दीर्घसूत्रता ।।**

किसी व्यक्ति के बर्बाद होने के 6 लक्षण होते है – नींद, गुस्सा, भय, तन्द्रा, आलस्य और काम को टालने की आदत. नींद में काम करने की प्रवृत्ति गौण हो जाती है, वहीं गुस्सा में ध्वंसात्मक प्रवृत्ति हो जाती है. भय, तंद्रा, आलस में भी कार्य संभव नहीं होता.

# फैसला तो आपको ही करना होगा

**28 दिसंबर को नागपुर में आयोजित 139वें स्थापना दिवस पर 'हैं हम तैयार' का नारा देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वर्ष 2024 के चुनाव का रैली के माध्यम से शंखनाद करते हुए अपने इतिहास को दोहराने का प्रयास किया. सच तो यह है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी होने के साथ ही इसके योगदान को किसी भी रूप में अनदेखा नहीं किया जा सकता है, जबकि सत्तारूढ़ भाजपा ने नारा दिया था कि देश को कांग्रेस मुक्त करा देंगे.**

• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

कांग्रेस ने 2022 के 7 सितंबर को राहुल गांधी के नेतृत्व में जब 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरू की थी, तो उस समय देश उन्हें एक परिपक्व राजनीतिज्ञ के रूप में नहीं जानता था. उन्होंने जब 'भारत जोड़ो यात्रा' की शुरुआत की थी, उस समय वह राहुल गांधी नहीं, बल्कि तथाकथित 'पप्पू' द्वारा निकाली गई 'भारत जोड़ो यात्रा' थी और इसलिए रोज-रोज घोर आलोचना के पात्र वह बनते रहे थे, क्योंकि उनकी छवि बहुत योजनाबद्ध रणनीति के तहत बिगाड़ी गई थी. कुछ दिन पदयात्रा धीरे चली, फिर राहुल गांधी ने प्रतिदिन पच्चीस किलोमीटर पदयात्रा करने की घोषणा कर दी. उसके कुछ दिन बाद मेरी बात कांग्रेस के एक धुरविरोधी भाजपा बीट कवर करनेवाले 'बड़े पत्रकार' से हो रही थी. उन्होंने कहा, यह सब बेकार की यात्रा है. जो अपनी पार्टी को जोड़कर नहीं रख सका, वह देश क्या जोड़ेगा और इसलिए यह यात्रा अपनी पार्टी को पुनर्जीवित करने के लिए है, यह कुछ दिन में खत्म भी हो जाएगी और यदि कुछ दिन और चली, तो वह अकेले भारत जोड़ते दिखेंगे. लेकिन, सच बिल्कुल उलट साबित हुआ और राहुल गांधी का समाज से छुपा दिया गया चेहरा निखरकर सामने आ गया. आज वह राहुल गांधी नहीं हैं, जो पिछले वर्ष 2022 में थे, लेकिन अब जो 14 जनवरी से उनकी दूसरी 'भारत न्याय यात्रा' शुरू होने जा रही है, उनकी आलोचना शुरू हो चुकी है. पार्टी प्रवक्ता के अनुसार, यह यात्रा पूरब से पश्चिम, यानी मणिपुर से मुंबई तक होगी. इसे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इम्फाल में हरी झंडी दिखाकर शुरू कराएंगे. 14 जनवरी से शुरू होने वाली यह यात्रा 20 मार्च तक चलेगी. वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से थोड़े दिन पहले तक. 'भारत न्याय यात्रा' के दौरान राहुल गांधी 14 राज्यों के 85 जिलों से गुजरेंगे. यात्रा मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात से होकर महाराष्ट्र में मुंबई में समाप्त होगी. इस यात्रा में कुल 6500 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी, जबकि 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान राहुल गांधी ने 4000 किलोमीटर की यात्रा की थी. ज्ञात हो कि 'भारत जोड़ो यात्रा' कन्याकुमारी से कश्मीर तक की हुई थी. 28 दिसंबर को नागपुर में आयोजित 139वें स्थापना दिवस पर 'हैं हम तैयार' का नारा देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वर्ष 2024 के चुनाव का रैली के



माध्यम से शंखनाद करते हुए अपने इतिहास को दोहराने का प्रयास किया. सच तो यह है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी होने के साथ ही इसके योगदान को किसी भी रूप में अनदेखा नहीं किया जा सकता है, जबकि सत्तारूढ़ भाजपा ने नारा दिया था कि देश को कांग्रेस मुक्त करा देंगे. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के नेताओं ने कहा था कि कांग्रेस वही पार्टी है, जिसने अंग्रेजों से लोहा लिया. फिर जब अंग्रेज भारत को कांग्रेस मुक्त नहीं करा सके, तो भाजपा कैसे भारत को कांग्रेस से मुक्त करा सकेगी. वह स्वयं कुछ वर्षों में मुक्त हो जाएगी. कांग्रेस अपने स्थापना काल से कई उत्थान-पतन देखे, लेकिन बार-बार गिरने के बावजूद उठकर खड़ा हो जाना और फिर देश की सेवा में जुट जाना इस पार्टी का प्रारब्ध रहा है. पिछले दस वर्षों में भी यही तो हुआ, लेकिन आज भी वह जनहित की समस्या को संसद में अपनी बातों को रखने का प्रयास करता है. आजादी के काल में तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारतीय राजनीतिज्ञ उतने परिपक्व और योग्य नहीं हैं, जो भारत को सुरक्षित रख सकें. लेकिन, कांग्रेस तो अपनी ललक में अपनी गिरी साख को बचाने के लिए सारा प्रयास कर रही है, पर एक गंभीर समस्या जो अब धीरे-धीरे सामने आ रही है, उसने देश को अचंभे में डाल दिया है. भाजपा ने अभी से कहना शुरू कर दिया है कि वह इस बार 400 सीट जीतकर संसद में आएगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही रहेंगे. अब विश्लेषक इस बात के कई मायने निकाल रहे हैं. उनका कहना है कि चुनाव में वोटिंग मशीन हैक कर लिया जाएगा और आप किसी को अपना मतदान करेंगे, वह भाजपा उम्मीदवार के नाम पर चला जाएगा. पता नहीं, ऐसा कौन भविष्यवक्ता दल के भीतर बैठा है, जो अपनी बात किस गणना के तहत कर देता है और सचमुच वैसा ही रिजल्ट आता है. इस स्थिति के लिए सैम पित्रोदा कहते हैं कि ईवीएम से यदि 2024 के चुनाव कराए गए तो भाजपा 400 सीट जीतकर सरकार बनाएगी. सैम पित्रोदा वह व्यक्ति हैं, जिन्हें संचार क्रांति का जनक माना जाता है. साथ ही उन्होंने भारत सरकार को तकनीकी सहयोग देने के लिए राजीव गांधी सहित देश के लगभग आठ प्रधानमंत्रियों के साथ भारत के विकास के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम किया और भारत की संचार क्रांति के नायक कहलाए. उनका कहना है कि ईवीएम मशीन में टेंपरिंग की जा सकती है, इसलिए बैलेट पेपर पर चुनाव कराए जाने चाहिए, लेकिन इसके लिए देश के जागरूक जनता को सामने आना होगा. यदि देश की जनता जागरूक नहीं हुई और सड़क पर उतरकर ईवीएम हटाने की मांग को मूर्त रूप नहीं दिया, तो फिर 2024 का चुनाव विपक्ष के हाथ निकल चुका होगा.

दरअसल, गांधी जी जब स्वदेश आए, तो भारत की दुर्दशा से व्यथित होकर अपने राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले से पूछा कि हिंदुस्तान की सारी समस्या क्या है. गोखले जी ने कहा यदि आप भारतीय राजनीति को समझना चाहते हैं, भारत को समझना और उसके लिए कुछ करना चाहते हैं, तो आपको भारतवर्ष को घूमकर देखना होगा. फिर उन्होंने भारतवर्ष को सबसे पहले करीब से देखने का मन बनाया और यहीं से शुरू होती है उनके महात्मा होने की कथा. इन कार्यों में समय तो लगता है, लेकिन यदि उद्देश्य पारदर्शी हो, तो सफल होने से कोई रोक नहीं सकता.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



### परोपकार

एक बार पचास लोगों का ग्रुप किसी सेमिनार में हिस्सा ले रहा था. सेमिनार शुरू हुए अभी कुछ ही मिनट बीते थे कि स्पीकर अचानक ही रुका और सभी पार्टिसिपेंट्स को गुब्बारे देते हुए बोला , "आप सभी को गुब्बारे पर इस मार्कर से अपना नाम लिखना है." सभी ने ऐसा ही किया. अब गुब्बारों को एक दूसरे कमरे में रख दिया गया. स्पीकर ने अब सभी को एक साथ कमरे में जाकर पांच मिनट के अंदर अपना नाम वाला गुब्बारा ढूंढने के लिए कहा. सारे पार्टिसिपेंट्स तेजी से रूम में घुसे और पागलों की तरह अपने नाम वाला गुब्बारा ढूंढने लगे. पर इस अफरा-तफरी में किसी को भी अपने नाम वाला गुब्बारा नहीं मिल पा रहा था...पांच मिनट बाद सभी को बाहर बुला लिया गया. स्पीकर बोला , " अरे ! क्या हुआ , आप सभी खाली हाथ क्यों हैं ? क्या किसी को अपने नाम वाला गुब्बारा नहीं मिला ?" र्नहीं ! हमने बहुत ढूंढा पर हमेशा किसी और के नाम का ही गुब्बारा हाथ आया", एक पार्टिसिपेंट कुछ मायूस होते हुए बोला. "कोई बात नहीं , आप लोग एक बार फिर कमरे में जाइये , पर इस बार जिसे जो भी गुब्बारा मिले उसे अपने हाथ में ले और उस व्यक्ति का नाम पुकारे जिसका नाम उसपर लिखा हुआ है.", स्पीकर ने निर्देश दिया. एक बार फिर सभी पार्टिसिपेंट्स कमरे में गए, पर इस बार सब शांत थे , और - कमरे में किसी तरह की अफरा-तफरी नहीं मची हुई थी. सभी ने एक दूसरे को उनके नाम के गुब्बारे दिए और तीन मिनट में ही बाहर निकले आये. स्पीकर ने गम्भीर होते हुए कहा ," बिलकुल यही चीज हमारे जीवन में भी हो रही है. हर कोई अपने लिए ही जी रहा है , उसे इससे कोई मतलब नहीं कि वह किस तरह औरों की मदद कर सकता है , वह तो बस पागलों की तरह अपनी ही खुशियां ढूंढ रहा है , पर बहुत ढूंढने के बाद भी उसे कुछ नहीं मिलता. मित्रों हमारा सुख दूसरों के सुख के साथ प्रतिबद्ध है. स्वार्थी मानसिकता त्याग कर दूसरों को अर्पण की गई खुशियाँ हमारी ही ख़ुशी का द्वार होती है. जब हम औरों को उनकी खुशियां देने की प्रवृति बना लेंगे, हमारी खुशियाँ हमें खोजती चली आएंगी. इसीलिए रहीम कवि ने कहा है-यूं सुख होत है उपकारी के अंग, बांटनवारे को लगे ज्यों मेंहदी के रंग. परोपकार के कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाते. उनका सुफल कभी न कभी बाहर आ ही जाता है.

## तीन चौथाई लोग भोजन का खर्च उठाने में अक्षम

• अर्थव्यवस्था

देविंदर शर्मा

यदि आजादी के 76 साल बाद भी, 74 फीसदी से भी अधिक भारतीय स्वास्थ्यवर्धक भोजन का खर्च उठाने में सक्षम नहीं हैं तो कुछ तो है, जो गलत हो रहा है. यह भी तब, जब देश दुनिया की सबसे तेज गति से तरक्की कर रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और संवृद्धि दर अनुमानों के लिहाज से जिन्हें यह लगभग हासिल कर ही लेगा, लगभग 2027 तक भारत के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है. अर्थव्यवस्था का आकार जो भी हो, और वह भी अधिकांश अस्वस्थ आबादी से निर्मित हो तो वह इस बात का स्पष्ट संकेतक है कि ग्रोथ मैट्रिक्स यानी संवृद्धि का सांचा देश के स्वास्थ्य से मेल नहीं खाता है. यह निश्चित तौर पर चिंताजनक है. जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' की अवधि पांच साल और बढ़ाने की घोषणा की, जिसके तहत 81.35 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त राशन मिलना जारी रहेगा, तो इससे पूरी तरह स्पष्ट था कि सरकार ने जरूरत समझी है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत निर्धारित 2-3 रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत पर सब्सिडी वाले खाद्यान्न, जिसके हकदार गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोग हैं, के अलावा 5 किलोग्राम मुफ्त राशन भी दिया जाये. क्योंकि एनएफएसए आबादी के 67 प्रतिशत हिस्से की जरूरत पूरी करता है, इसके साथ ही अन्य 10 फीसदी भाग ऐसा है, जिसके खुराक के स्तर को बेहतर बनाने की तुरंत जरूरत है. संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने अपने खाद्य सुरक्षा और पोषण के क्षेत्रीय अवलोकन 2023 में ये हैरान कर देने वाले आंकड़े उजागर किये. यह वर्ष 2021 के लिए अनुमानों पर आधारित था, जो महामारी का साल था, परंतु अध्ययन बताता है कि क्षेत्र का उसी तरह के प्रभावों के फैलाव से ग्रस्त रहना जारी है. निराशाजनक रूप से, रिपोर्ट बताती है कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पोषण के लिहाज से 37.07 करोड़ गरीब लोग मौजूद हैं, जो वैश्विक स्तर पर कुपोषित जनसंख्या के आधे से ज्यादा है. भारत के अलावा पाकिस्तान में 82.8 प्रतिशत और बांग्लादेश में 66.1 फीसदी आबादी कुपोषित है. जबकि नेपाल में 76.4 फीसदी, श्रीलंका में 55.5 फीसदी और भूटान में 45.2 प्रतिशत जनसंख्या कुपोषण से ग्रस्त है. इस तरह से दक्षिण एशियाई क्षेत्र वैश्विक अल्पपोषित मानचित्र पर हावी है. एफएओ की रिपोर्ट यह भी बताती है कि देश की 53 प्रतिशत महिलाओं में रक्ताल्पता की समस्या है और पांच साल से कम आयु के 31.7 फीसदी बच्चों की हाइट उम्र के लिहाज से कम है, इसके साथ ही 18.7 प्रतिशत बच्चों का वजन तकनीकी तौर पर उनकी ऊंचाई के अनुरूप कम है. रोचक बात यह है कि यही अनुमान पूर्व में वैश्विक भूख सूचकांक (जीएचआई) में चिह्नित किये गये थे, जिन्हें भारत ने यह कहकर नकार दिया था कि इनके लिए अपनाई गयी कार्यप्रणाली सही नहीं है. जबकि एफएओ का कहना है कि जब तक बढ़ रही आय का स्तर बढ़ रही खाद्य कीमतों के बराबर नहीं होता है, अस्वास्थ्यकर भोजन की प्रवृत्ति घटेगी नहीं. जहां तक आय स्तर का संबंध है तो भारत की अधिकांश जनसंख्या लगातार उस स्तर पर है, जो सब-सहारा अफ्रीका में मौजूद है. देश के एक अंग्रेजी दैनिक समाचारपत्र में 10 अगस्त, 2022 में प्रकाशित लेख 'फोकस ऑन द बेस ऑफ ए पिरामिड' में यह अनुमान था कि 90 करोड़ भारतीय उतनी ही आय में निर्वाह कर रहे थे, जितनी आमदनी सब सहारा अफ्रीका में है. इतने निम्न आय स्तर के साथ, जो अर्थव्यवस्था की वृद्धि के बावजूद जारी है, अस्वास्थ्यकर खुराक कायम रहेगी. इसे प्रमाणित करने के लिए, विश्व बैंक की हालिया गणना से मालूम हुआ कि ब्रिक्स देशों में, भारत की 91 प्रतिशत आबादी 280 रुपये रोजाना (4 डॉलर प्रतिदिन) से कम में जीवन यापन करती थी. यह वृद्धिमान अर्थव्यवस्थाओं में सबसे कम है, इतने ही आय स्तर पर 51 प्रतिशत आबादी के साथ दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर आता था. महंगाई नियंत्रण के मकसद से कृषि क्षेत्र को जानबूझकर दरिद्र बनाये रखने के चलते मैक्रो इकनॉमिक नीतियों ने कृषि को व्यवहार्य विकल्प बनाने के प्रयासों को दबा दिया है. यह मुझे राजनीतिक अर्थव्यवस्था पर एक त्रुटिपूर्ण ग्रंथ की याद दिलाता है जिसे नीति आयोग ने साल 2020 में देशभर में एक आम आदमी द्वारा भुगतान की जाने वाले भोजन (थाली) की लागत को मापने के मकसद से तैयार किया था.

> रोचक बात यह है कि यही अनुमान पूर्व में वैश्विक भूख सूचकांक (जीएचआई) में चिह्नित किये गये थे, जिन्हें भारत ने यह कहकर नकार दिया था कि इनके लिए अपनाई गयी कार्यप्रणाली सही नहीं है. जबकि एफएओ का कहना है कि जब तक बढ़ रही आय का स्तर बढ़ रही खाद्य कीमतों के बराबर नहीं होता है, अस्वास्थ्यकर भोजन की प्रवृत्ति घटेगी नहीं.

## कूटनीतिक पहल से होगा क़तर के मसले का हल

• सामयिकी

प्रमोद जोशी

क़तर की जेल में क़ैद भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों की सज़ा-ए-मौत को क़तर की अदालत ने कम कर दिया है. इस खबर से देश ने फिलहाल राहत की सांस ली है. इन आठ भारतीयों के सिर पर मंडरा रहा मौत का साया तो हट गया है, पर यह मामूली राहत है. प्रारंभिक खबरों के अनुसार इन लोगों की सजाएं कम करके तीन से 25 साल की कैद तक में तब्दील कर दी गई हैं. आधिकारिक विवरण आने में कुछ समय लगेगा, इसलिए इन सूचनाओं को अपुष्ट ही मानना चाहिए. इतना स्पष्ट है कि जो भी हुआ है, वह भारत की डिप्लोमेसी के प्रयास से हो पाया है. पीड़ित-परिवार सजा के कम होने को सफलता नहीं मान रहे हैं और वे क़तर की सर्वोच्च अदालत में अपील करने की तैयारी कर रहे हैं. वहां सुनवाई और फैसला होने में भी तीन महीने या उससे भी ज्यादा समय लग सकता है. अंततः देश के शासनाध्यक्ष के पास क्षमादान की याचिका भी पेश की जा सकती है, पर वह सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आने के बाद ही संभव है. क़तर के अमीर (शासनाध्यक्ष) हर साल केवल रमजान और देश के राष्ट्रीय दिवस (18दिसंबर) पर ही क्षमादान करते हैं. उनके सामने क्षमा-याचिका तभी पेश की जा सकती है, जब हर तरह की अदालती प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हों. क़तर में भारत, पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका और फिलीपींस जैसे देशों के नागरिक काम करते हैं. इनमें से कुछ को आपराधिक कारणों से सजाएं भी होती हैं. उनकी ओर से ऐसी क्षमा-याचिकाएं दायर की जाती हैं. सवाल है, उनपर आरोप क्या हैं? मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अभी तक आरोप स्पष्ट नहीं हैं. गत 26 अक्तूबर को जब क़तर की एक अदालत ने इन्हें मौत की सज़ा सुनाई थी, तब पूरे देश में सन्नाटा छा गया था. शुरू में ऐसा लगता था कि भारतीय पक्ष को प्रस्तुत करने का मौका ही नहीं मिल पा रहा है, यहां तक कि इन आठों से भारतीय अधिकारियों का संपर्क भी नहीं हो पा रहा था. उस समय भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा था कि हम इस मामले में अपील दायर करने की दिशा में प्रयास करेंगे. पहली सफलता उच्चतर अदालत में अपील की अनुमति के रूप में मिली. उसके बाद 20 नवंबर को अपीलीय अदालत में पहली और 23 नवंबर को दूसरी सुनवाई हुई. तब तक भी भारतीय राजदूत को कौंसुलर संपर्क की अनुमति भी नहीं मिली थी. सवाल है कि इस मामले में अब क्या हो सकता है. क्या इन पूर्व नौ-सैनिकों को वापस भारत लाया जा सकेगा. फिलहाल 28 दिसंबर को हमारे विदेश मंत्रालय ने बयान जारी करते हुए कहा कि सज़ा को कम कर दिया गया है. हमें पूरे आदेश का इंतज़ार है. गिरफ़्तार किए गए आठ भारतीय नागरिक नौसेना के पूर्व अधिकारी हैं और क़तर की ज़ाहिरा अल आलमी नाम की कंपनी में काम करते थे. यह कंपनी क़तर की नौसेना के लिए काम कर रही थी. यह कार्यक्रम रेडार से बचने वाली हाईटेक इतालवी तकनीक पर आधारित पनडुब्बी हासिल करने के लिए चलाया जा रहा था. कंपनी में 75 भारतीय कर्मचारी काम कर रहे थे. इनमें से ज्यादातर भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी थे. इस पकड़-धकड़ के बाद कंपनी ने अपना काम 31 मई 2023 से बंद कर दिया और उसमें काम कर रहे लगभग 70 भारतीय कर्मचारियों को मई 2023 के अंत तक देश छोड़ने का निर्देश दिया. ग्लोबल मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इन पूर्व नौसैनिकों पर आरोप है कि उन्होंने उन्नत इतालवी पनडुब्बी को ख़रीदने से संबंधित क़तर के ख़ुफ़िया कार्यक्रम के बारे में इसराइल को जानकारी दी थी. दोनों देशों के रिश्तों में सबसे बड़ी भूमिका लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) की है. भारत को एलएनजी का सबसे बड़ा सप्लायर क़तर है. भारत ने 1990 में क़तर के साथ इसका समझौता किया था, जिसके तहत 25साल तक 75लाख टन एलएनजी की हर साल सप्लाई क़तर करेगा. यह समझौता 2028 तक के लिए बढ़ा दिया गया था, जिसके तहत 85 लाख टन की एलएनजी की सप्लाई हो रही है. इसे और आगे बढ़ाने के लिए बातें चल रही हैं. भारत ने 2023 के वर्ष में कुल 1.98 करोड़ टन एलएनजी का आयात किया, जिसमें से 1.07 करोड़ टन क़तर से आई. इसका मतलब है कि क़तर के साथ 85 लाख टन की सप्लाई का जो दीर्घकालीन समझौता है, उसके अलावा क़तर के स्पॉट मार्केट से भी भारत ने एलएनजी की खरीद की. ज़ाहिर है कि क़तर हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण स्थान है.

> पहली सफलता उच्चतर अदालत में अपील की अनुमति के रूप में मिली. उसके बाद 20 नवंबर को अपीलीय अदालत में पहली और 23 नवंबर को दूसरी सुनवाई हुई. तब तक भारतीय राजदूत को कौंसुलर संपर्क की अनुमति भी नहीं मिली थी. सवाल है कि इस मामले में अब क्या हो सकता है. क्या इन पूर्व नौ–सैनिकों को वापस भारत लाया जा सकेगा.

### मीडिया में अन्यत्र

## ईरान में धमाके और उसका परिणाम

कासिम सुलेमानी के बरसी कार्यक्रम में ईरान के दक्षिण-पूर्वी शहर करमन में हुए दोहरे धमाकों ने ऐसे समय में ईरानी शासन की सुरक्षा कमजोरियों को उजागर किया है, जब पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ते जा रहे हैं. इस इस्लामी गणतंत्र के इतिहास में हुए सबसे भयानक आतंकी हमले में कम-से-कम 84 लोग मारे गये. कुद्स फोर्स के कमांडर सुलेमानी की जनवरी 2020 में अमेरिका ने बगदाद में हत्या कर दी थी. 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कोर' (आईआरजीसी) की विदेशी कार्रवाइयों के सूत्रधार सुलेमानी ने अपने जीते जी मिथकीय दर्जा हासिल कर लिया था और बीते चार सालों में वह संकटों से जूझ रहे शासन की दृढ़ता के प्रतीक बन गये. ईरान के शीर्ष नेताओं ने इसे आतंकी हमला करार दिया, लेकिन किसी पर आरोप लगाने से परहेज किया, पर मझोले स्तर के अधिकारियों ने कहा कि हमले की जिम्मेदारी 'अमेरिका और यहूदीवादी सत्ता की' है. हालांकि, गुरुवार को इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने जिम्मेदारी ली. आईएस के लिए, सुलेमानी एक कट्टर दुश्मन थे, क्योंकि सीरिया और इराक में आईएस के खिलाफ शिया नागरिक-सेनाओं (मिलिशिया) को उन्होंने ही गोलबंद किया था. इन समूहों ने इराक में 2018-19 के दौरान शहरी लड़ाइयों में भूमिका निभायी, जिसने आईएस खिलाफत के भौतिक ढांचों को तबाह कर दिया. आईएस ने अपना प्रथम राज्य तो खो दिया, लेकिन इराक, सीरिया और अफगानिस्तान में आतंकवादी संगठन के रूप में बचा रह गया. ईरान के लिहाज से, यह हमला अनिश्चितता के ऐसे दौर में हुआ है जब पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रहा है. बेरूत में ड्रोन हमले में एक वरिष्ठ हमास नेता के मारे जाने के ठीक अगले दिन करमन बरसी कार्यक्रम में बम धमाके हुए. लेबनान के अधिकारियों ने बेरूत में हमले के लिए इजराइल पर आरोप लगाया है. हिज्बुल्ला 7 अक्टूबर के बाद से इजराइली सेनाओं के साथ सीमित तरीके से लड़ाइयों में लगा हुआ है. उसने बदले की कसम खाई हुई है. इसी 25 दिसंबर को, सीरिया में हुए एक इजराइली हमले में आईआरजीसी के सलाहकार सैयद रजी मुसावी की मौत हो गयी. गाजा में जारी इजराइल के हमलों में पहले ही 22,000 लोग मारे जा चुके हैं. वह संघर्ष के पूरे क्षेत्र में फैलने की कीमत पर भी और जोखिम लेने को तैयार लग रहा है.



(द हिंदू)

### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## चौका/चौकी

**श्रद्धेय** बाबा के मुखारविंद से मैंने एक कहानी सुनी थी, जो रह-रह कर याद आती है. और जब याद आती है तो मैं मुस्कराने पर विवश हो जाता हूं. मैं समझता हूं, आप पर भी उस कहानी का वही असर होगा. कहानी यूं है-एक कथावाचक पंडित जी व्यासगद्दी पर बैठ कर प्रवचन कर रहे थे. व्यासगद्दी उस आसन को कहा जाता है, जिसपर आसीन होकर कोई कथावाचक प्रवचन करता है. हां, तो पंडित जी कह रहे थे-श्रद्धालु जनों, बैगन बहुत ही बुरी सब्जी है. शास्त्रों में इसके सभी दोषों का बखान किया गया है. यह तामसी भोजन है और शरीर में कई प्रकार के विकार उत्पन्न करता है. बुद्धि को भ्रष्ट कर देता है. इसलिए इसका सेवन नहीं करना चाहिए. श्रद्धालु श्रोताओं में पंडित जी की धर्मपत्नी भी मौजूद थीं. वह प्रवचन सुनकर गद्गद हो गयीं. घर आयीं और रसोई घर में रखे बैगन को बाहर कूड़े पर फेंक आयी. जब पंडित जी को खाने में बैगन नहीं मिला तो पूछने पर पंडिताइन बोलीं-आपने ही तो उपदेश दिया है कि बैगन नहीं खाना चाहिए. पंडित जी ने गुस्से में थाली पटक दी और बोले-तुम चौकी की बात चौका में ले आयी? वहां जो मैंने कहा वह चौकी की बात थी, लेकिन तुमने जो कर दिया वह चौका की बात है. अब देखते हैं कि चौका और चौकी में क्या अंतर है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार चौका का मतलब है वह स्थान जहां भोजन तैयार किया जाता है, एक ही प्रकार की चार चीजों का समूह, चौखुंटी सिल, पत्थर का चौकोर टुकड़ा, पूजा की बेदी, रोटी बेलने का चकला. इसी प्रकार चौकी का पहला अर्थ है वह आसन जिस पर प्रवचन किया जाता है. इसके साथ ही इस शब्द का अर्थ है लकड़ी, धातु या पत्थर का आयताकार आसन, जिसमें चार पाये होते हैं, पटरी, छोटा तख्त, पुलिस थाने का उपकेंद्र, रखवाली, पहरा, किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति का आसन.

## कद्दू का भी कभी मजाक मत उड़ाइए!

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा



कितनी अजीब बात है कि कद्दू को हमने कभी गंभीरता से ग्रहण नहीं किया. कद्दू नाम लेते ही हंसी आने लगती है. उसे सदैव मज़ाक की तरह ही उपयोग में लाया जाता है. कद्दू गोल-मटोल है तो भला इसमें उसका क्या दोष? न जाने कितने लोग गोल –मटोल होते हैं. उनकी तोंद कद्दू से स्पर्धा करती है और प्रायः कद्दू को मात दे देती है, लेकिन इससे क्या ? उन्हें कद्दू नाम से पुकारा जाना तो सरासर गलत है. आप काने को काना और लंगड़े को लंगडा कहेंगे तो वह नाराज़ तो होगा ही. व्यंग्यकारों का तो यहाँ तक कहना है की आपको कद्दू को भी कद्दू नहीं बोलना चाहिए. कद्दू बेचारा गरीब, निरीह और निरापद है. 'कद्दू' कहकर उसपर छींटाकशी करना, यह कोई अच्छी बात नहीं है. कद्दू को भी कद्दू नहीं कहना चाहिए. उसे सीता-फल कहिए ना ! सीताफल नाम ही कद्दू को सीता की पवित्र रसोई में ले जाता है. लेकिन नहीं. हम तो उसे कद्दू ही कहेंगे ! कितनी गलत बात है ! भले ही प्यार में ही क्यों न कहते हों, हम स्वस्थ और गोल-मटोल बच्चों तक को तो कद्दू कहकर चिढाते हैं. इतना ही नहीं, कोई भी बेकार, बेमतलब की चीज़ देखी नहीं कि उसे कद्दू कह मारा, लेकिन सब्जी के तौर पर भारत में खाई जानेवाली कद्दू एक काफी प्रचलित सब्जी है. कद्दू की बेल होती है. सामान्यतः इसके पेड़ नहीं होते. कद्दू की फसल एक कैश-फसल मानी गई है, इधर मंडी में कद्दू बिका नहीं कि उधर कैश जेब में आ गया. कद्दू बेशक एक सब्जी तो है लेकिन खाने की थाली में कद्दू देखकर ज्यादहतर लोग मुंह बनाने लगते हैं. बहुत ही कम लोग होंगे जिन्हें कद्दू पसंद हो. लेकिन जिन्हें पसंद है वे बड़े शौक से इसका सेवन करते हैं. कद्दू की सूखी और कभी कभी शोरबेदार सब्जी तो बनाई ही जाती है, इसका रायता, भरता और इसकी टिक्कियां भी बनाई जाती हैं. कद्दू के गुलगुले, हलवा, बर्फी और खीर तक बनाई जाती है. और तो और, कद्दू की प्यूरी तक बना ली जाती है. शोरबे को गाड़ा करने के लिए कद्दू की 'ग्रेवी' अच्छी मानी गई है. बिहार में छठ पर्व 'नहाय-खाय' से आरम्भ होता है, और 'खाय' के लिए चने की दाल, भात और कद्दू की ही सब्जी बनाई जाती है. किन्तु प्रतिपदा को कद्दू का सेवन वर्जित माना गया है जब कि व्रत में कद्दू की खीर खाने की सिफारिश की जाती है. पूरियों के साथ कद्दू बड़ा ही स्वादिष्ट लगता है. सब्जी मंडी में इसे बेचने वाले "कदुआ पुरी पुरी चिल्लाय" कहकर इसे बेंचते हुई देखे जा सकते हैं.

**बॉलीवुड के स्टार अपनी फिल्में और अदाकारी ही नहीं, अपने लग्जरीयिस लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहते हैं. कल ऋतिक रोशन का जन्मदिन है. एक फिल्मी घराने में जन्मे और खुद भी सफल स्टार ऋतिक अपने नवाबी शौक की वजह से अक्सर चर्चा में रहते हैं. आइए टेक्नो-रफ़्तार से इनके शौक और कलेक्शन की करें बात**



## रोलेक्स सबमरीनेर डेट जैसी घड़ियां, करोड़ों की कार

# ऋतिक के हैं नवाबी ठाठ

*कल बॉलीवुड के सुपर स्टार्स में से एक ऋतिक रोशन का जन्मदिन है. अपनी अदाकारी के साथ ऋतिक अपनी लग्जरियस लाइफ और टेक्नो-रफ्तार से प्यार को लेकर भी पहचान रखते हैं. जुहू वर्सोवा लिंक रोड स्थित उनके घर में बड़ी सी गैराज है जिसमें करीब दर्जन भर तो लग्जरी कार हैं. उनके कार कलेक्शन में रोल्स-रॉयस घोस्ट सीरिज 2, ऑडी, मर्सिडीज और पोर्श जैसे ब्रांड्स की गाड़ियां शामिल हैं. वहीं ऋतिक महंगी घड़ियों के भी शौकीन हैं. उनके पास रोलेक्स सबमरीनेर डेट, कार्टियर, राडो, और जेज़ेर लुकूल्टर जैसे ब्रांड्स की घड़ियां हैं. इसकी जानकारी पिछले दिनों उन्होंने खुद एक इंटरव्यू के दौरान दी थी. आइए, आज ऋतिक की गाड़ियों और घड़ियों के बारे में जानकारी हासिल करें-*

### रोल्स-रॉयस घोस्ट सीरिज 2

यह ऋतिक की ड्रीम कार थी जिसे उन्होंने 42वें जन्मदिन पर खुद को गिफ्ट की थी. इस लग्जरी गाड़ी को रितिक ने 7 करोड़ रुपये में खरीदा था. जहां तक फीचर्स की बात है, इसकी टॉप स्पीड 250 किलो मीटर प्रति घंटा है और 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पाने में इसे सिर्फ 4.7 सेकंड का समय लगता है

### मर्सिडीज बेंज एस क्लास

करीब सवा करोड़ रुपए की यह सुपर लग्जरी कार भी ऋतिक के गैराज की शोभा है. इस सुपर लग्जरी कार एस क्लास में 4663 सीसी की कैपेसिटी वाला वी8 इंजन लगा है, जो 455 बीएचपी की पावर और 700 एनएम का टार्क देता है. यह कार 4.6 सेकंड में 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ सकती है.





### फरारी मोडेना 360

ऋतिक रोशन के गैराज में मौजूद इस कार का प्रोडक्शन वर्ष 2005 से बंद है. यह 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार सिर्फ 4.5 सेकंड्स में पकड़ लेती है. इस कार की टॉप स्पीड 305 किमी/घंटा है.



### मासेराती स्पाइडर

इस कार को अब मासेराती ग्रैनटूरिज्मो के नाम से जाना जाता है. इस टू-डोर कन्वर्टेबल स्पाइडर को रितिक ने 90 लाख रुपये में खरीदा था. इसकी टॉप स्पीड 280 किमी/घंटा है और यह 5.2 सेकंड्स में 0-100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ लेती है.



### पोर्श कयन टर्बो

पोर्शे काइएन टर्बो टॉप मॉडल कार है जिसकी कीमत करीब 1.93 करोड़ रुपए है. यह 8.6 किमी प्रति लीटर का माइलेज देती है. इसकी टॉप स्पीड 274 किमी प्रति घंटा है. पोर्शे काइएन टर्बो स्वचालित (टीसी) ट्रैंस्मिशन में उपलब्ध है और 8 रंग विकल्पों में ऑफ़र की जा रही है जिसमें मूनलाइट ब्लू मेटेलिक, ब्लैक, क्रोमाइट ब्लैक मैटेलिक, महोगनी मेटालिक, क्वार्जिट ग्रे मेटालिक, डोलोमाइट सिल्वर मेटालिक, व्हाइट और करारा व्हाइट मेटालिक शामिल हैं.



### लैंड रोवर रेंज रोवर स्पोर्ट

ऋतिक एसयूवी के शौकीन हैं. कुछ साल पहले उन्होंने एक 5 सीटर रेंज रोवर स्पोर्ट्स गाड़ी भी खरीदी थी. लैंड रोवर रेंज रोवर स्पोर्ट की कीमत 1.64 करोड़ रुपए से शुरू होती है और 1.84 करोड़ रुपए (एक्स-शोरूम) तक जाती है. लैंड रोवर रेंज रोवर स्पोर्ट के साथ 2 डीजल इंजन और पेट्रोल का ऑप्शन मिलता है. इसके डीजल इंजन 2998 सीसी और 2997 सीसी व्हील पेट्रोल इंजन 2997 सीसी और 4395 सीसी का है. यह ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन के साथ उपलब्ध है. वेरिएंट और फ्यूल टाइप के आधार पर रेंज रोवर स्पोर्ट का माइलेज है. रेंज रोवर स्पोर्ट तीन वेरिएंट्स डायनामिक एसई, डायनामिक एचएसई और ऑटोबायोग्राफी में उपलब्ध है.



ऋतिक रोशन लग्जीरियस घड़ियों के भी बेहद शौकीन हैं और उनके पास घड़ियों का भी बेहतरीन कलेक्शन है. अभिनेता के पास घड़ियों में रोलेक्स सबमरीनेर डेट जैसी घड़ियां है. रोलेक्स सबमरीनेर डेट की कीमत 7.5 लाख रुपए है. एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेता ने अपने घड़ियों के कलेक्शन के बारे में बात की थी. उन्होंने बताया था कि उनके कलेक्शन में कार्टियर, राडो और जेज़ेर लुकूल्टर जैसे ब्रांड्स की घड़ियां भी हैं.



---

**गजेट्स रिव्यू**

## वीवो एक्स 100 और वीवो एक्स 100 प्रो

# सेल्फी के शौकीन हैं तो इस फोन पर आ जाएगा दिल

**वीवो की लोकप्रिय एक्स सीरिज के दो स्मार्ट फोन हाल ही लॉन्च हुए हैं. थोड़ी अधिक कीमत के बावजूद फोन अपने फोटो और वीडियो खासियत के कारण चर्चा और आकषर्ण बटोर रहा.**

*वीवो की नई स्मार्टफोन सीरीज वीवो एक्स100 और वीवो एक्स 100 प्रो को पिछले दिनों अपने देश में लॉन्च किया गया. दोनों फोन के अधिकांश फीचर्स एक समान हैं. शानदार कैमरा फोन की सबसे बड़ी खासियत बताई जाती है. हालांकि इसके अलावा भी इस सीरीज के दोनों फोन की कई खासियत हैं. आइए, इनके बारे में जानकारी हासिल करें-*

### डिस्प्ले

वीवो एक्स 100 प्रो का डिस्प्ले 6.78 इंच का है. इसमें 8टी एलटीपीओ एमोलेड डिस्प्ले दी गई है. स्क्रीन रिफ्रेश रेट 120 हर्ट्ज है. 3,000 नीट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ अच्छी ग्रिप और शानदार एक्सपीरिएंस मिलता है. डिस्प्ले के क्वॉलिटी काफी शानदार है. कलर्स के मामले में कोई शिकायत देखने को नहीं मिलती है.

### बड़ा कैमरा कटआउट

वीवो एक्स 100 प्रो में बड़ा कैमरा कटआउट दिया गया है. बड़े कैमरा कटआउटके बावजूद फोन में अच्छी ग्रिप मिलती है. साथ ही फोन में मेडल डिजाइन मिलती है.

### दमदार बैटरी बैटरी

फोन में मीडिया टेक डार्मेसिटी 9300 एसओसी चिपसेट दिया गया है. इस वजह से मल्टीटास्किंग के दौरान भी वीवो एक्स 100 प्रो हैंग नहीं करता है अच्छे से काम करता है. एक ऐप से जब हम दूसरे में स्विच करते हैं या फिर फोन पर गेमिंग करते हैं तो फोन में लैग या हीटिंग की समस्या नहीं होती. हैवी गेमिंग के दौरान भी फोन का परफॉर्मेंस शानदार रहता है. फोन हायर फ्रेम और ग्रॉफिक्स पर अच्छे से काम करता है.




फोन में फन टच ओएस 14 सपोर्ट दिया गया है. वीवो एक्स 100 प्रो की बैटरी 5400 मेगाहर्ट्ज की है. फोन को सिंगल चार्ज में पूरे दिन आराम से इस्तेमाल किया जा सकता है. फोन के साथ 100 वाट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट मिलता है. वहीं वीवो एक्स स्मार्टफोन में 5000 मेगा हर्ट्ज की बैटरी 120 वाट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ मिलती है. उपयोग करने वालों ने बताया कि फोन मात्र 25 मिनट में चार्ज हो जाता है.

### कैमरा

इस सीरिज के फोन का सबसे बड़ा आकर्षण इसका कैमरा है. इसका कैमरा सबसे अलग है. वीवो एक्स 100 प्रो की बात करें तो इसमें 50 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा दिया गया है. साथ ही पेरिस्कोपिक जूम कैमरा दिया गया है. फोन का जूम 100 एमएम लेंस 50 मेगा पिक्सल सेंसर के साथ आता है, जो जेस एपीओ सर्टिफिकेशन के साथ आता है. फोन में 50 मेगा पिक्सल अल्ट्रा वाइड कैमरा भी है, वहीं फ्रंट में एक 32 मेगा पिक्सल कैमरा सेंसर मिलता है. वीवो एक्स 100 में पीछे की तरफ ट्रिपल कैमरा सेटअप मिलता है, जिसमें ओआईएस के साथ 50 मेगापिक्सल प्राइमरी कैमरा, 50 मेगापिक्सल अल्ट्रा-वाइड-एंगल कैमरा और 100एक्स डिजिटल जूम के साथ 64मेगापिक्सल टेलीफोटो कैमरा है. सीरिज के दोनों फोन से ली गई तस्वीरों में शानदार कलर्स मिल जाते हैं. इसके अलावा पोर्टेट मोड का ऑप्शन भी है. इसके अलावा बैकग्राउंड सैपरेशन का ऑप्शन मिल जाता है. वीवो एक्स 100 प्रो स्मार्टफोन में सिनेमैटिक मोड मिलता है, जिससे फिल्मों की तरह शूट कर पाएंगे. साथ ही फोटो और वीडियो में वाइब्रेंट कलर्स, शार्पनेस मिलती है.

### कीमत

वीवो ने बेस मॉडल (एक्स100) को दो स्टोरेज ऑप्शन- 12जीबी प्लस 256 जीबी और 16जीबी + 512जीबी में पेश किया है जिसकी कीमत क्रमशः 63,999 रुपए और 69,999 रुपए है. दूसरी ओर, वीवो एक्स100 प्रो को सिंगल वेरिएंट (16जीबी प्लस 512जीबी) में लॉन्च किया गया है, जिसकी कीमत 89,999 रुपए है. बेस वेरिएंट एस्ट्रॉइड ब्लैक और स्टारगेज ब्लू कलर ऑप्शन में उपलब्ध है तो वहीं प्रो वेरिएंट सिर्फ एस्ट्रॉइड ब्लैक कलर में उपलब्ध है.

## हालो ऑर्बिट में इंसर्ट हुआ अपना आदित्य

इसरो नए साल में लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहा है. नई खबर है कि इसरो का आदित्य सौर यान 126 दिनों में अंतरिक्ष में 15 लाख किलोमीटर का सफर तय कर एल वन प्वाइंट के हालो ऑर्बिट में इंसर्ट हो गया है. इसके साथ ही देसी यान आदित्य नासा के चार अन्य सैटेलाइट समूह में शामिल हो गया है. गौरतलब है कि करीब 400 करोड़ की लागत वाली भारत की पहली सोलर ऑब्जरवेटरी देश समेत पूरी दुनिया के तमाम सैटेलाइट्स को सौर तूफानों से बचाएगी. आदित्य एल वन के मिशन की लाइफ 5 साल 2 महीने है. जिसमें से 129 दिन खत्म हो चुके हैं. हालांकि ये जरूरी नहीं कि इतने दिन ही काम करे. इससे ज्यादा या कम भी काम कर सकता है.

इसरो के मुताबिक एल वन प्वाइंट के चारों ओर सोलर हालो ऑर्बिट में कोई भी सैटेलाइट सूर्य पर लगातार नजर रख सकता है. इसमें ग्रहण भी बाधा नहीं बनेगा.

## आया ई मिट्टी का जमाना

अब बिना मिट्टी की फसल उगेगी और वह भी प्राकृतिक खेती की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक फसल और अधिक पौष्टिकता की गारंटी के साथ. लिंकपिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इलेक्ट्रॉनिक सॉइल बनाने में सफलता हासिल की है.

इस टेक्निक को हाईड्रोपोनिक्स कहते हैं. इसमें फसल उगाने के लिए मिनरल्स, पानी और बालू का इस्तेमाल किया जाता है. हाईड्रोपोनिक्स में मिनिरल न्यूट्रियंट साल्यूशन की मदद से फसल उगाई जाती है. यह तकनीक पहले भी उपयोग में लायी जाती थी. नया यह है कि लिंकपिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इस खेती की टेक्निक में एक नए तरह के सब्सट्रेट (सतह जिसपर पौधा बढ़ेगा) का इस्तेमाल किया है जिसमें लाइट की मदद से इस सब्सट्रेट को उत्तेजित किया जाता है.






बीते रविवार को रांची मॉर्निंग राइडर के सदस्य अपनी-अपनी बाइक से पहुंचे सिकीदरी वाटर फॉल. रांची के फिराया लाल चौक से करीब 39 किमी दूर यह वॉटर फॉल प्राकृतिक नजारों से मोह लेता है. यहां कुछ पल गुजार कर उन्होंने खुद को रिफ्रेश किया. तस्वीर में नजर आ रहे हैं पंकज शर्मा, दीपक मुरारका, मुकेश कुमार, सतीश महतो, ईशान मिड्ढ़ा, अभिरंजन और अमर कुमार.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### ब्रीफ खबरें

#### पत्नी बनाती थी रील्स पति ने रोका तो मार डाला

**बेगूसराय।** पत्नी द्वारा टिक-टॉक और रील्स बनाने का विरोध करने पर एक पति को फांसी लगाकर हत्या कर दिया गया. घटना खोदाबंदपुर थाना क्षेत्र के फफौत गांव की है. मृतक विभूतिपुर थाना क्षेत्र स्थित नरहन निवासी रामप्रवेश राय का पुत्र महेश्वर कुमार राय है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया तथा पत्नी को हिरासत में लेकर मामले की जांच रही है. घटना के संबंध में मृतक के पिता रामप्रवेश राय ने बताया कि उनके पुत्र महेश्वर की शादी छह-सात वर्ष पूर्व फफौत निवासी पंडित जी की पुत्री रानी कुमारी के साथ हुई थी.

#### छौड़ादानो में 7 वर्षीय बच्चे का शव बरामद

**पूर्वी चंपारण।** जिले के छौड़ादानो थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव के तीसरी कक्षा में पढ़ने वाला एक सात वर्षीय बच्चे का क्षत-विक्षत शव अरहर के खेत से बरामद किया गया है. ऐसी आशंका है कि हत्यारों ने ईंट-पत्थर से कूचकर उसकी हत्या कर दी है. वहीं शव मिलने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने मामले की छानबीन की. मृत बच्चे की पहचान गांव के बीरत राम के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है.

#### वाहन ने बाइक सवार को युवकों को रौंदा

**छपरा।** कोहरे और रफ्तार के कहर ने सोमवार को जिले के दो युवकों की जान ले ली. यह घटना सारण जिले के भेल्दी थाना अंतर्गत राजा चौक के समीप हुई है, जहां अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक फाइनेंस कर्मी समेत दो युवक की मौत हो गई. फाइनेंस कर्मी की मौत जहां मौके पर ही हो गई, वहीं उसके साथ बाइक पर मौजूद युवक को गंभीर स्थिति में पीएमसीमच रेफर किया गया, जहां पीएमसीएच ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई. मृतक फाइनेंस कर्मी जिले के अवतार नगर थाना क्षेत्र के हराजी गांव निवासी 28 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार वर्मा है.

### बक्सर में उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 50 लाख की शराब जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता। बक्सर**



बक्सर में उत्पाद विभाग की टीम ने वीर कुंवर सिंह सेतु से 50 लाख की शराब लदे कंटेनर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. एक सप्ताह के अंदर उत्पाद विभाग की टीम को यह दूसरी बड़ी सफलता मिली है, जिससे शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है. चंडीगढ़ से लेकर आ रहे इस शराब को तस्कर पटना में खपाने की तैयारी में थे, उससे पहले ही उत्पाद विभाग की टीम ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है. वहीं, उत्पाद विभाग के एसपी देवेंद्र प्रसाद ने बताया कि रविवार देर रात से ही उत्पाद विभाग की टीम इस ट्रक को पकड़ने के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ एक-एक वाहनों की जांच कर रही थी. इसी दौरान यह बड़ी सफलता मिली है. गुप्त सूचना मिली थी कि शराब की बड़ी खेप लेकर कंटेनर बक्सर के रास्ते पटना जा रहा है. वहीं उन्होंने बताया कि शराब के इस गोरख धंधे में पकड़ी गई गाड़ियों और तस्करों के आधार पर जब इसके तह तक अधिकारी पहुंचे, तो पता चला कि बड़े लोग इस कारोबार से जुड़े हैं, जिनका नेटवर्क काफी बड़ा है. कई कंपनियों से उनलोगों ने डील कर रखी है. एक वाहन को एक दर्जन लोगों के हाथों बेचने के लिए कागजात तैयार किए जाते हैं. जिससे उन तक पुलिस न पहुंच सके लेकिन पुलिस उनके जड़ों तक पहुंच चुकी है और उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है.

#### बांका से 2763 बोतल के साथ एक पकड़ाया

**बांका।** जिले के चांदन प्रखंड के चांदन-कटोरिया पक्की सड़क पर एक महेंद्रा पिकअप बोलेरो से पुलिस ने 2763 बोतल विदेशी शराब बरामद किया है. साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. थानाध्यक्ष विष्णुदेव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार देर रात को वे खुद अपने कुछ आरक्षी बलों के साथ देवघर चांदन पक्की सड़क पर गश्ती करते हुए वाहन जांच भी कर रहे थे. इसी दौरान जब वे पांडेडीह मोड़ पर वाहन जांच कर रहे थे, उसी दौरान देवघर की तरफ से सफेद रंग की महेंद्रा कंपनी की बोलेरो पिकअप वाहन को संदेह होने पर उसे रोकने का इशारा किया गया.

### आओ जानें

#### बिहार : सामान्य ज्ञान

1. किस शहर को 'इलेक्ट्रॉनिक नगरी' कहा जाता है? – हाजीपुर
2. किस शासक के काल में तृतीय बौद्ध संगीत हुआ था– अशोक
3. किस शासक के काल में प्रथम बौद्ध संगीति हुआ था? – अजातशत्रु
4. किस शासक के काल में वैशाली में द्वितीय बौद्ध संगीति का आयोजन किया गया था? – कालाशोक
5. किस शासक ने नंद वंश के शासक घनानंद को पराजित कर मौर्य वंश की स्थापना की थी? – चंद्रगुप्त मौर्य
6. किस सुल्तान ने दरभंगा का नाम बदलकर 'तुगलकपुर' रख दिया था? – मोहम्मद बिन तुगलक
7. किसके शासनकाल में बिहार में नूहानी वंश का उदय हुआ था? – सिकंदर लोदी
8. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के राज्यों में बिहार का कौन सा स्थान है? – बारहवां
9. गुप्त वंश के किस शासक ने 'महाराजाधिराज' की उपाधि धारण की थी? – समुद्रगुप्त

### शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर का एक और विवादित बयान, बोले-

# मंदिर का रास्ता गुलामी का व शिक्षा प्रकाश का है रास्ता

**संवाददाता। रोहतास**

शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर का एक और विवादित बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि मंदिर का रास्ता गुलामी का और शिक्षा प्रकाश का रास्ता है. शिक्षा मंत्री ने राजद विधायक फतेह बहादुर का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी नहीं बल्कि हमारी माता सावित्रीबाई फुले की बात को दोहराया था. रविवार को राजद की ओर से डेहरी में सावित्रीबाई फुले जयंती समारोह का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के साथ ही राजद विधायक फतेह बहादुर भी मौजूद रहे. मंच से उपस्थित लोगों को संबोधित करते समय शिक्षा मंत्री ने भी मंदिर को लेकर विवादित बयान दिया. शिक्षा मंत्री ने कहा कि राजद विधायक द्वारा दिया गया बयान कहीं से गलत नहीं है.

साथ ही चंद्रशेखर ने सोशल साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा है कि ईश्वर किसी जाति के दास नहीं हैं, अगर ऐसा होता तो मनुवादियों द्वारा अछूत कुल में पैदा हुई माता सावित्रीबाई फुले नारी शिक्षा की प्रतीक व भारत की पहली महिला शिक्षिका नहीं हो पाती. माता



सावित्रीबाई फुले की जयंती के उपलक्ष्य में डेहरी ऑन सोन में आयोजित समारोह में उद्‌घाटन का सौभाग्य प्राप्त हुआ. समारोह में उमड़े जनसैलाब नफरतवाद और सम्प्रदायवाद के अंत का संकेत है. सावित्रीबाई फुले की जयंती समारोहः रोहतास में सावित्रीबाई फुले की जयंती समारोह के बहाने राजद के कद्दावर नेताओं का जमावड़ा देखने को मिला.

दरअसल, जिले के डेहरी में राजद विधायक फतेह बहादुर की तरफ से जयंती समारोह का आयोजन किया गया था. इस मौके पर बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर व भूमि सुधार व राजस्व मंत्री आलोक मेहता, मंत्री अनिता चौधरी ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्‌घाटन किया.

### जदयू प्रवक्ता ने मंत्री-विधायक पर निकाली भड़ास, कहा-

## श्रीराम पर टिप्पणी करना गलत है

**पटना।** श्रीराम मंदिर पर विवादित बयान देने वाले राजद विधायक और मंत्री को जनता दल यूनाईटेड ने खूब खरी खोटी सुनाई है. जदयू ने स्पष्ट कहा कि टीआरपी के लिए दिए गए ऐसे बयानों से बचें. जदयू के मुख्य प्रवक्ता और एमएलसी नीरज कुमार ने कहा कि अब इस तरह के बयान का कोई औचित्य नहीं है. सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर अयोध्या में राम लला के मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा हो रही है. वहां से 27 किलोमीटर दूर बाबरी मस्जिद के जमीन का आवंटन किया गया है. भगवान श्रीराम के बारे में इस तरह की टिप्पणी करना गलत है. भगवान श्रीमान मानक हैं. 14 वर्ष तक राजपाठ का त्याग कर वह वन चले गए. नई पीढ़ी के लिए वह हमारे प्रेरणास्रोत हैं. टीआरपी के लिए कुछ भी बयानबाजी करते हैं. जानकारी के अभाव में कुछ भी बोलते रहते हैं. ऐसे में जनता उन्हें बटोर लेगी. नीरज कुमार ने कहा कि ऐसा बयानबाजी करने वालों से हम अनुरोध करते हैं, अपने अपने इलाकों में ठाकुरबाड़ी तरफ मत देखिएगा. वहीं प्रो. चंद्रशेखर के बयान पर कहा कि अयोध्या तो रामलला के पूजन के लिए जाना जाता है. जो लोग आलोचना करते हैं, हम उनसे पूछना चाहते हैं सीएम नीतीश कुमार देश के पहले ऐसे नेता हैं जो मंदिर की घेराबंदी करवाते हैं. पुनौरा धाम और बड़ी पटन देवी के लिए सीएम नीतीश कुमार ने बजट से राशि का आवंटन करवाया. हम तो सबका सम्मान करते हैं. ज्ञान के लिए मनुष्य को धार्मिक गंथ्रो का सम्मान करना चाहिए. बता दें कि राजद विधायक अजय यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी पर विवादित टिप्पणी की थी. इससे पहले विधायक फतेह बहादुर सिंह ने अयोध्या और राम मंदिर पर विवादित बयान था. वहीं शिक्षा मंत्री प्रो चंद्रशेखर ने राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह के बयान का समर्थन किया था.



# ताड़ी को लेकर युवक की हत्या

**संवाददाता। हाजीपुर**

ताड़ी के ठेके पर हुए विवाद में एक युवक की रविवार की रात हत्या कर दी गई, वहीं दूसरे युवक की हालत गंभीर है. उसे पीएमसीएच रेफर किया गया है. मामला हाजीपुर के महुआ थाना क्षेत्र के गोविंदपुर सिंघाड़ा गांव का है. मृतक का नाम विवेक कुमार है जबकि घायल हुए युवक का नाम सोनू कुमार बताया जा रहा है. उसका इलाज पीएमसीएच में चल रहा है. घटना के संबंध में यह बात सामने आई है कि रविवार की रात ताड़ी के ठेके पर दो युवक पहुंचे. ताड़ी पीने के बाद जब बेचने वाले ने पैसे मांगे तो विवाद शुरू हो गया. ताड़ी बेचने वाले दिनेश चौधरी और युवक विवेक के बीच कहासुनी होने लगी. बात मारपीट तक पहुंच गई. इसी बीच दिनेश चौधरी ने विवेक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया. विवेक का पेट बुरी तरीके से फट गया और घटनास्थल पर ही मौत हो गई. दिनेश चौधरी और विवेक के बीच विवाद होता देख बीच-बचाव करने पहुंचे सोनू कुमार भी घायल हो गया. दिनेश चौधरी ने उस पर भी जानलेवा हमला किया और गले पर वार कर दिया. घटना को अंजाम देकर दिनेश चौधरी मौके से फरार हो गया. घटना के बाद जख्मी सोनू कुमार को इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल लाया गया. यहां उसकी हालत को देखते हुए डॉक्टर ने पीएमसीएच रेफर कर दिया.

सोनू कुमार की हालत नाजुक बताई जा रही है. ठेके पर हत्या की खबर मिलते ही मौके पर स्थानीय थाना की पुलिस पहुंची. महुआ एसडीपीओ सुरभि सुमन ने बताया कि सिंघाड़ा गांव में तीन व्यक्ति के बीच आपस में मारपीट की घटना हुई. विवाद बढ़ा तो एक व्यक्ति ने दो युवकों पर हमला कर दिया है. इस हमले में एक की मौत हो गई.

## इनामी अपराधी गुप्तेश्वर पासवान बेंगलुरु से गिरफ्तार

**संवाददाता। औरंगाबाद**

औरंगाबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. इनामी अपराधी गुप्तेश्वर उर्फ बूढ़ा पासवान को पुलिस ने कर्नाटक के बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है. वह बंगलुरु के एक निजी कंपनी में मजदूर का काम कर रहा था. गुप्तेश्वर पासवान मूल रूप से ओबरा थाना क्षेत्र के भरुब गांव का रहने वाला है. उसका नाम जिले के टॉप टेन अपराधियों की लिस्ट में शामिल है. उसके खिलाफ औरंगाबाद के दाउदनगर में दो, ओबरा में तीन, अरवल जिले के मेहंदिया में दो और झारखंड के पलामू जिले के हरिहरगंज में एक मामला दर्ज है. जिसको लेकर पुलिस काफी दिनों से उसकी तलाश कर रही थी. पुलिस महानिरीक्षक गया ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था.

दाउदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषिराज ने बताया कि इनामी अपराधी गुप्तेश्वर उर्फ बूढ़ा पासवान को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया है. बताया कि एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दाउदनगर के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था. छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक व थाना अध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा, तकनीकी शाखा के सिपाही मुन्ना कुमार और विशाल कुमार भी शामिल थे.

#### पुलिसकर्मियों को जिंदा जलाने की कोशिश

**पटना।** दरभंगा के मोरो थाने को कुछ असामाजिक तत्वों ने रविवार की रात आग लगा दिया. पुलिस वालों को थाने के अंदर ही जलाने की कोशिश की गई है. हालांकि, पुलिसकर्मियों की सजगता के कारण समय रहते आग पर काबू पा लिया गया. असामाजिक तत्वों की करतूत सीसी कैमरा में कैद पाए गई है. सीसीटीवी फुटेज में एक बाइक भी दिखा है. सीसीटीवी फुटेज एक युवक डब्बे से कुछ ज्वलनशील पदार्थ छिड़कता हुआ नजर आ रहा है. इसकी भी जांच की जा रही है क्या? छिड़ककर आग लगा ने का प्रयास कर रहा है. घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी सागर कुमार ने मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच की. थाना में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज का अवलोकन किया.

## कारोबार

#### एसीसी ने हिस्सेदारी का किया अधिग्रहण

**नयी दिल्ली।** अडाणी समूह की कंपनी एसीसी ने एशिया कंक्रीट्स एंड सीमेंट्स में शेष 55 प्रतिशत हिस्सेदारी मौजूदा प्रवर्तकों से खरीद ली है. यह सौदा 775 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर किया गया है. इसके साथ यह अब उसकी पूर्ण अनुषंगी इकाई बन गयी है. अम्बुजा सीमेंट्स की अनुषंगी एसीसी लि. अडाणी सीमेंट की इकाई है. अबतक, एसीसी के पास एशियन कंक्रीट्स एंड सीमेंट्स प्राइवेट लि. में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी थी. कंपनी ने एसीसीपीएल में 55% हिस्सेदारी का सफलतापूर्वक अधिग्रहण कर लिया है.

#### अशोक लीलैंड ने बीते साल बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लीलैंड ने बीते साल यानी 2023 में 1,98,113 वाहनों की बिक्री का नया रिकॉर्ड बनाया है. इससे पहले कंपनी ने एक साल में सबसे अधिक 1,96,579 वाहन बेचे थे. यह आंकड़ा कंपनी ने 2018 में हासिल किया था. अशोक लीलैंड ने सोमवार को बयान में कहा, यह रिकॉर्ड उपलब्धि कंपनी के उत्पादों के स्तर और मजबूत बाजार उपस्थिति को दर्शाती है. कंपनी ने घरेलू के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी स्थिति मजबूत की है.

#### शेयर आवंटित करने को रिकॉर्ड तिथि 19 तय

**नयी दिल्ली।** टाटा स्टील ने विलय योजना को लेकर टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लि. (टीसीआईएल) के शेयरधारकों को कंपनी का शेयर आवंटित करने के लिए रिकॉर्ड तिथ 19 जनवरी तय की है. टाटा स्टील अपनी कई अनुषंगी इकाइयों के विलय की योजना बना रही है. इसमें टीसीआईएल भी शामिल है. कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, निदेशक मंडल ने टीसीआईएल के शेयरधारकों को शेयर आवंटित करने के लिए रिकॉर्ड तिथि 19 जनवरी, 2024 तय की है. शेयरधारक विलय योजना के तहत शेयर विनिमय अनुपात के अंतर्गत कंपनी के पूर्ण रूप से चुकता शेयर पूंजी प्राप्त करने के हकदार होंगे.

### व्हिस्की में घरेलू कंपनियों ने पहली बार विदेशी ब्रांड्स को पछाड़ दिया

# भारत में तेजी से बढ़ रहा मार्केट : कार्तिक महिंद्रा

**भाषा। नयी दिल्ली**



जब से भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी आई है तब से देसी उत्पादों की महत्ता भी बढ़ी है. इसमें व्हिस्की भी शामिल हो गया है. व्हिस्की की बिक्री के मामले में भी अब मेड इन इंडिया का डंका बजने लगा है. देश में सिंगल माल्ट्स व्हिस्की की बिक्री में घरेलू कंपनियों ने पहली बार विदेशी ब्रैंड्स को पछाड़ दिया है. कनफेडरेशन ऑफ इंडियन अल्कोहॉलिक बेवरेज कंपनीज (सीआईएबीसी) के शुरुआती अनुमान के मुताबिक बीते साल यानी 2023 में सिंगल माल्ट्स की कुल बिक्री में घरेलू ब्रैंड्स की हिस्सेदारी 53 प्रतिशत पहुंच गई. इस दौरान देश में कुल 6,75,000 केसेज सिंगल माल्ट्स की बिक्री हुई. इनमें घरेलू ब्रैंड्स की बिक्री 3,45,000 केस रही जबकि स्कॉटिश और दूसरे विदेशी ब्रैंड्स की सेल 3,30,000 केस रही. एक केस में नौ लीटर शराब होती है. सिंगल माल्ट वह व्हिस्की होती है जिसे एक ही डिस्टिलरी में केवल एक अनाज से बनाया जाता है.

सीएआईबीसी के डायरेक्टर जनरल विनोद गिरि ने कहा कि हमारे अनुमान के मुताबिक 2023 में घरेलू ब्रैंड्स की बिक्री करीब 23 प्रतिशत बढ़ी जबकि आयातित शराब की बिक्री में 11 परसेंट तेजी रही. यह उपलब्धि घरेलू ब्रैंड्स के लिए मील का पत्थर मानी जा रही है. अमृत डिस्टिलरीज के जॉइंट एमडी त्रिविक्रम निकम ने कहा कि ऐसी उपलब्धियों रोज-रोज हासिल नहीं होती हैं. कुछ साल पहले हमारा मजाक उड़ाया जाता था लेकिन अब हम क्वालिटी और रिफाइनमेंट में किसी से कम नहीं हैं. ग्लेनलिवेट, मैक्कालन, लागावुलिन और तालिस्कर जैसे ब्रैंड्स पर अब अमृत, पॉल जॉन, रामपुर, इंद्री और ज्ञानचंद जैसे देसी ब्रैंड्स भारी पड़ रहे हैं. मेड इन इंडिया का सुरूर अब इस कदर लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है कि डियाजिओ और परनोड रिकार्ड जैसी दिग्गज कंपनियां भी लोकल ब्रैंड्स लॉन्च कर रही हैं. डियाजिओ ने 2022 में गोडावान ब्रैंड लॉन्च किया जबकि परनोड ने हाल ही में अपना पहला देसी सिंगल माल्ट लौंगीट्यूड 77 उतारा था. परनोड इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर कार्तिक महिंद्रा ने कहा कि भारत तेजी से बढ़ रहा मार्केट है और विविधताओं से भरा है. युवा प्रयोग कर रहे हैं. उन्हें एकदम अलग तरह का प्रॉडक्ट चाहिए. कंज्यूमर्स को नयापन चाहिए.

गोवा में सिंगल माल्ट्स व्हिस्की बनाने वाली कंपनी जॉन डिस्टिलरीज के चेयरमैन पॉल पी जॉन ने कहा कि घरेलू कंपनियों के बढ़ते दबदबे से विदेशी कंपनियों में खलबली मची हुई है. उन्होंने कहा कि वे सोई हुई थीं और अचानक नींद से जागी हैं. अब वे हमें पकड़ने की कोशिश कर रही हैं. दुर्भाग्य से वे शॉर्ट कट रास्ता अपना रही हैं. वे ऐसा माल बना रही हैं जिसे वे समझते ही नहीं हैं. भारत का समय आ चुका है. सिंगल माल्ट्स बनाने वाली भारतीय कंपनियों ने स्कॉटिश ब्रैंड्स के इस दंभ को भी तोड़ा है कि यूरोपियन ब्रैंड्स को कोई जवाब नहीं है. जम्मू में व्हिस्की बनाने वाली कंपनी दीवान्स मॉडर्न ब्रेवरीज के चेयरमैन और एमडी प्रेम दीवान ने कहा कि भारतीय माल्ट्स की क्वालिटी बहुत अच्छी है. यही वजह है कि उनकी डिमांड बढ़ रही है. स्कॉटिश ब्रैंड्स परंपरा से हटने को तैयार नहीं हैं जबकि भारतीय ब्रैंड्स नए-नए प्रयोग करते रहते हैं.

**बढ़ी बिक्री**

- 2023 में घरेलू ब्रांड्स की हिस्सेदारी 53 प्रतिशत पहुंची
- देश में 6,75,000 केसेज सिंगल माल्ट्स की बिक्री हुई
- इनमें घरेलू ब्रांड्स की बिक्री कुल 3,45,000 केस रही
- एक केस में कुल नौ लीटर शराब होती है
- अमृत, पॉल जॉन, रामपुर और इंद्री हैं देसी ब्रांड्स

## मर्सिडीज बेंज इस साल भारत में करेगी 200 करोड़ का निवेश

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता मर्सिडीज बेंज नए उत्पाद पेश करने, विनिर्माण परिचालन और डिजिटलीकरण पर इस साल 200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पिछले साल भारत में उसने रिकॉर्ड 17,408 गाड़ियां बेची हैं. मर्सिडीज बेंज इंडिया 2024 में तीन इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) समेत 12 से ज्यादा नए वाहन बाजार में उतारेगी. इनमें से आधे मॉडल शीर्ष वाहन खंड (टीईवी) होंगे, जिनकी कीमत 1.5 करोड़ रुपये से ज्यादा होगी. मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह साल विशेष है क्योंकि हम भारत में मर्सिडीज बेंज के 30 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं.

हम पुणे में अपने कारखाने में 200 करोड़ रुपये और निवेश करने जा रहे हैं. इससे अब भारत में हमारा कुल निवेश 3,000 करोड़ रुपये हो जाएगा. उन्होंने कहा कि ये निवेश विनिर्माण कार्यों, नए उत्पाद स्टार्टअप और विनिर्माण प्रक्रिया के डिजिटलीकरण की दिशा में होंगे.



अय्यर ने कहा कि पिछले साल कंपनी ने 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ भारत में अपनी अबतक की सर्वाधिक 17,408 गाड़ी बिक्री का रिकॉर्ड बनाया. मर्सिडीज बेंज की इससे पहले सर्वाधिक बिक्री 2022 में 15,822 इकाई रही थी.

इस साल को लेकर अय्यर ने कहा कि कंपनी आपूर्ति और मांग में अस्थिरता के बावजूद दहाई अंक में वृद्धि की उम्मीद कर रही है. इस समय कंपनी के पास 3,000 गाड़ियों की बुकिंग है. नए उत्पादों पर अय्यर ने कहा, हम 2024 में 12 से ज्यादा नई कार लाइन पेश करने पर विचार कर रहे हैं और उनमें से 50 प्रतिशत टीईवी होंगी. इनमें तीन नए इलेक्ट्रिक वाहन शामिल होंगे.

### प्रदर्शन | एसो. ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने सोमवार को जारी किया आंकड़ा

# 2023 में म्यूचुअल फंड की परिसंपत्तियां 27% बढ़ी

**संवाददाता। नयी दिल्ली**



औसत प्रदर्शन से उबरते हुए म्यूचुअल फंड उद्योग ने वर्ष 2023 में पर्याप्त तेजी देखी और इसका परिसंपत्ति आधार लगभग 11 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया. इस विस्तार के पीछे शेयर बाजार में तेजी के दौर, स्थिर ब्याज दरों और एक मजबूत आर्थिक वृद्धि की अहम भूमिका रही है. एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2023 में फंड योजनाओं में समग्र निवेश में खासी तेजी दर्ज की गई है. इस दौरान म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन-अधीन संपत्तियां (एयूएम) 2023 में 10.9 लाख करोड़ रुपये यानी 27 प्रतिशत बढ़ गई. यह एक साल पहले 2022 में म्यूचुअल फंड के एयूएम में 2.65 लाख करोड़ रुपये यानी 5.7 प्रतिशत की वृद्धि से काफी अधिक है. इसके पहले वर्ष 2021 में परिसंपत्ति आधार सात लाख करोड़ रुपये के साथ लगभग 22 प्रतिशत बढ़ा था. एम्फी के आंकड़ों से पता चलता है कि संपत्ति का आधार 2022 में 39.88 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2023 में 50.78 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया. दिसंबर, 2021 के अंत में परिसंपत्ति आधार 37.72 लाख करोड़ रुपये और दिसंबर, 2020 में 31 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह 2023 में उद्योग के परिसंपत्ति आधार में लगातार 11वें साल बढ़ोतरी हुई. इस वर्ष उद्योग में वृद्धि को इक्विटी योजनाओं, खासकर व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) के जरिये निवेश से समर्थन मिला. उद्योग विशेषज्ञों ने परिसंपत्ति आधार में भारी वृद्धि का श्रेय बढ़ते हुए इक्विटी बाजार, स्थिर ब्याज दरों और बढ़ती आर्थिक वृद्धि को दिया है. म्यूचुअल फंड उद्योग में बीते साल 2.7 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ जबकि एक साल पहले 71,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रवाह रहा था.

## देश का कृषि निर्यात 2030 तक दोगुना हो जाएगा

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**

देश का कृषि निर्यात 2030 तक दोगुना होकर 100 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है. वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने सोमवार को यह बात कही. फिलहाल भारत का कृषि निर्यात 50 अरब डॉलर का है. उन्होंने कहा कि भारत वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को 2030 तक 2,000 अरब डॉलर पर पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है.

बर्थवाल ने यहां इंडसफूड मेला-2024 में कहा, मुझे पूरा यकीन है कि आज भारत का 50 अरब डॉलर का निर्यात 2030 तक दोगुना होकर लगभग 100 अरब डॉलर हो जाएगा. यह दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी खाद्य और पेय प्रदर्शनी है. सचिव ने कहा कि 'रेडी-टू-ईट' खाद्य खंड जैसे क्षेत्रों में बढ़ने की काफी संभावनाएं हैं. उन्होंने उद्योग जगत से आयातक देशों की तकनीकी मानक जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया.

मेले का उद्‌घाटन करते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि चावल, गेहूं और चीनी सहित कुछ प्रमुख वस्तुओं की खेप पर लगाए गए अंकुशों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में देश का कृषि निर्यात पिछले साल के 53 अरब डॉलर के स्तर से अधिक रहेगा. इससे पहले एक अधिकारी ने कहा था कि निर्यात प्रतिबंध और अंकुशों की वजह से इस वित्त वर्ष में लगभग चार से पांच अरब डॉलर का निर्यात प्रभावित होगा.

## ब्रीफ खबरें

### 12 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को किया नष्ट

**राहे।** एसएसबी और अनगड़ा पुलिस ने क्षेत्र कोन्ताटोली,कोचेटोली, रामडेरा गांव के आसपास जंगल में अभियान चलाकर 12 एकड़ में लगी पोस्ते की खेती को नष्ट किया. एसएसबी 26 वी बटालियन के ए कम्पनी के जवान और राहे पुलिस के संयुक्त रूप से अभियान चलाकर पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया गया है.इस अभियान में ए कम्पनी के निरीक्षक शशि कुमार, सहायक उपनिरीक्षक भूपेंद्र कुंअर,हरदीप सिंह ,अनगड़ा के थाना प्रभारी दिलेश्वर कुमार, सहायक उपनिरीक्षक एमडी मुख्तार इस अभियान में शामिल थे.

### आठवीं कक्षा की छात्रा ने की आत्महत्या

**लापुंग ।** लापुंग थाना क्षेत्र के डिम्बा गांव की राजेन्द्र पाईक की 15 वर्षीया पुत्री प्रीति कुमारी ने अपने ही घर मे ही रस्सी के सहारे रविवार की शाम में आत्महत्या कर ली. सूचना मिलने पर लापुंग पुलिस ने सोमवार को मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. मृतका दोलैचा के राजकीय मध्य विद्यालय में वर्ग आठवीं की छात्रा थी. प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त बच्ची की मानसिक स्थिति ठीक नही थी. पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को देर शाम में शव गांव पहुंचा जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया.

### विहिप ने सिल्ली में निमंत्रण पत्र बांटे

**सिल्ली/मुरी।** सोमवार की शाम विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों द्वारा अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर छोटा मुरी में घर घर जाकर निमंत्रण पत्र और अक्षत दिया गया. साथ ही इस शुभ दिन के अवसर पर अपने अपने घरों में संध्या को दीप जला कर घरों को दीपक से जगमग करने का आग्रह भी किया. इसके अलावे 22 जनवरी की शाम माँ वैष्णवी दुर्गा मन्दिर में होने वाले भजन कीर्तन में शामिल होने का नेवता भी दिया.अयोध्या का निमंत्रण पाकर रिटायरमेंट् कॉलोनीवासी काफी उत्साहित होकर जय श्री राम के नारे लगाए.

### एसएसबी ने 22 एकड़ में लगे गांजा की खेती को नष्ट किया

**तमाड़।** सशस्त्र सीमा बल 26 वीं वाहिनी कमांडेंट एसडी शेर खान के निर्देश पर ''ई'' समवाय डुंगरडीह उप कमांडेंट सुनील कुमार की अगुवाई में एक विशेष दस्ता निकाला गया. इस दौरान लैंकेया गांव व उसके आसपास के इलाके में अफीम की लगभग 17 एकड़ तथा 5 एकड़ गांजा की अवैध खेती को नष्ट किया गया. इसी दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीणों को मादक पदार्थों के जगह अन्य उपजाऊ फसलों की खेती करने के लिए प्रेरित किया. तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए नशा मुक्ति अभियान में साथ देने का आग्रह किया.

### पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना का लाभ ले युवा : सन्नी

**लापुंग ।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के तहत शिल्पियों एवं कारीगरों को प्रशिक्षण एवं रोजगार के लिए ऋण दिया जाएगा. इसके लिए 18 क्षेत्रों के शिल्पियों एवं कारीगरों की पहचान की गई है. कारपेंटर, नाव बनाने वाला, वस्त्र बनाने वाला, लोहार, ताला बनाने वाला, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, धोबी, झाड़ ,टोकरी, एवं चटाई बनाने वाला, हथौड़ा एवं टूल किट, राजमिस्त्री, मोची, पारंपरिक गुड़िया एवं खिलौने बनाने वाला,नाई, मालाकार, धोबी दर्जी एवं मछली का जाल बनाने वालों को योजना में शामिल किया गया है.

# डीसी ने की उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा, दिये निर्देश

## खास बातें

- क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र को अपग्रेड कर साइंस सिटी बनाये
- 50 एकड़ भूमि राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के लिए उपलब्ध कराए

संवाददाता। रांची

डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को उच्च, तकनीकी शिक्षा विभाग से सम्बंधित मामलों की समीक्षा बैठक की. समीक्षा करते हुए सम्बंधित सभी अधिकारियों से अघतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देते हुए कहा की सभी सम्बंधित मामलों में तेजी लाने को कहा गया.

### 10 प्रमुख मामलों की उपायुक्त ने समीक्षा की

**1. झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय**
डीसी ने नामकुम स्थित साइंस सिटी (वर्तमान में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का परिसर) अवस्थित भवन के दूसरा तल्ला तथा Co-Ordination Centre of Science & Technology भवन के दूसरे तल्ले के अंतिम विपत्र के भुगतान के संबंध में जांच है, उसे जल्द पूरा करने को कहा गया.

**2. झारखंड विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद कार्यालय हेतु अतिरिक्त भूमि की अधियाचना**
स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल एवं झारखंड विज्ञान प्रौद्यौगिकी एवं नवाचार परिषद के कार्यालय हेतु नामकुम स्थित जेयूटी के परिसर के आस-पास 3-5 एकड़ अतिरिक्त भूमि उपलब्ध कराने को कहा गया.

**3. चिरौंदी मोरहाबादी स्थित क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र रांची, के लिए चिन्हित एवं हस्तांतरित भूमि पर अतिक्रमण संबंधी**
डीसी ने चिरौंदी मोरहाबादी स्थित क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र रांची, के लिए चिन्हित एवं हस्तांतरित भूमि पर अतिक्रमण संबंधी मामलों में हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया.

**4. क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र रांची को अपग्रेड कर साइंस सिटी के रूप में विकसित करने हेतु**



डीसी ने अंचल अधिकारी बड़गाई को निर्देश देते हुए कहा की क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र रांची को अपग्रेड कर साइंस सिटी के रूप में विकसित करने हेतु चिन्हित एवं हस्तांतरित अतिरिक्त भूमि का सीमांकन कर अतिक्रमण को चिन्हित करने को कहा गया.

**5. राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय रांची के लिए भूमि की अधियाचना की स्थिति**
राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के लिए भूमि की अधियाचना की स्थिति की समीक्षा करते हुए अंचल अधिकारी कांके को निर्देश देते हुए कहा की 50 एकड़ भूमि राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के लिए उपलब्ध कराए.

**6. राजकीय पोलटेक्निक बुंडू की स्थापना**
राजकीय पोलटेक्निक बुंडू, की स्थापना एवं निर्माण हेतु भूमि की अधियाचना एवं अघतन की समीक्षा करते हुए अंचल अधिकारी बुंडू को निर्देश देते हुए कहा की 10 एकड़ भूमि राजकीय पोलटेक्निक बुंडू के लिए देने को कहा गया.

**7. राजकीय पोलटेक्निक, रांची के लिए चिन्हित एवं हस्तांतरित भूमि एवं अतिक्रमण मुक्त करना**
राजकीय पोलटेक्निक, रांची के लिए चिन्हित एवं हस्तांतरित भूमि एवं अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया.

**8. रांची जिला के चेड़ी मनातु में प्रस्तावित रांची विश्वविद्यालय रांची परिसर निर्माण**
रांची जिला के चेड़ी मनातु में प्रस्तावित रांची विश्वविद्यालय रांची परिसर निर्माण हेतु चिन्हित भूमि में अतिक्रमण की जाँच करते हुए इसे चिन्हित करते हुए आगे की प्रक्रिया करने का निर्देश सम्बंधित अंचल अधिकारी को दिया गया.

**9. झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय रांची के लिए कांके क्षेत्र में भूमि**
डीसी ने अंचल अधिकारी अनगड़ा को निर्देश देते हुए झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय रांची के लिए कांके क्षेत्र में 10 एकड़ भूमि झारखण्ड राज्य को देने को कहा गया.

**10. केंद्रीय विश्वविद्यालय रांची को भूमि उपलब्ध कराते हुए जलाआपूर्ति**
केंद्रीय विश्वविद्यालय रांची को भूमि उपलब्ध कराने एवं जलाआपूर्ति के लिए गैर मजूरवा भूमि चिन्हित करने का निर्देश सम्बंधित अंचल अधिकारी को दिया गया.

## शहीद शेख़ भिखारी व टिकैत उमरांव सिंह की शहादत दिवस मनायी गयी

# शहीदों की कुर्बानियों से सीख लेने की जरुरत : शिल्पी तिर्की

संवाददाता। मांडर

मांडर ब्लाक के फोरेस्ट मैदान में सोमवार को रांची जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में शहीद शेख़ भिखारी और टिकैत उमराव सिंह की शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की समेत सभी अतिथियों ने शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि शेख भिखारी और टिकैट उमराव सिंह के द्वारा किए गए कार्यों को हम सब को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है. उन्होंने ने ये भी कहा कि अपने आने वाले पीढ़ियों को शहीदों की जीवनी बतानी चाहिए. साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी, और योजना का लाभ लेने को कहा. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी आरिफ हसन ने कहा कि शहीदों की कुर्बानियों को हमें बेकार नहीं जाने देना चाहिए. आबिद अंसारी ने कहा कि शहीदों को हर मल्यार्पण कर देने मात्र से श्रद्धजलि नहीं होती. बल्कि उनके सपनों को साकार करना ही अच्छी और सच्ची श्रद्धांजलि है. उनकी जो चाहत थी वह हमारे समाज तक पहुंचे यही सच्ची श्रद्धांजलि है.



### बलिदानी शेख भिखारी के पैतृक गांव में मना बलिदान दिवस

**सिकिदिरी।** शेख भिखारी के बलिदान दिवस पर सोमवार को बलिदानी के पैतृक गांव खुदिया-लोटवा में बलिदान दिवस मनाया गया.इस अवसर पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप,पूर्व सांसद रामटहल चौधरी,ओरमांझी प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी,पंसस अमीर हमजा अंसारी,पूर्व उपप्रमुख मुंतजिर अहमद रजा,मुखिया नाजरीन परवीन,विधायक के सलाहकार रमेश उरांव,जिप सदस्य कमिशनर मुंडा,प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष तुलसी खरवार,युवा दस्तक ओरमांझी के अध्यक्ष सह भाजपा युवा नेता आशीष साहू,सफीउल्लाह अंसारी, मुबारक अंसारी, हरिमोहन महतो, हुसैन अंसारी, सुरेश साहू, रीना मुंडा, रवि साहू सहित अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेता और सामाजिक संगठन के लोगों ने शेख भिखारी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया.



### शेख भिखारी के वंशजों का क्या है कहना

बलिदानी शेख भिखारी के वंशज शेख सूरज पठान,शेख असगर,शेख जुमरेज,शेख सुहैल का कहना है कि हर साल बलिदान दिवस के अवसर पर विधायक, सांसद, अधिकारी और सामाजिक संगठन के लोग गांव आते हैं. इस दौरान हर बार की तरह गांव में विकास की घोषणाओं का अंबार लगाकर चले जाते हैं. आज तक न वर्तमान और न ही पूर्व विधायकों व सांसदों ने शेख भिखारी के पैतृक गांव का विकास करने की दिशा में रुचि ली है.

### किराए के ड्राइवर की मौत पर भी मुआवजा दे बीमा कंपनी

**रांची ।** झारखंड हाइकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि बीमा एजेंसी वाहन दुर्घटना दावे के लिए किराए के ड्राइवर की मृत्यु की स्थिति में भी मुआवजा की राशि देने के लिए उत्तरदायी है, भले ही वह दुर्घटना चालक की लापरवाही के कारण हुई हो. यह दायित्व तब बनता है, जब बीमाकर्ता वाहन मालिक की क्षतिपूर्ति को कवर करने के लिए अतिरिक्त प्रीमियम स्वीकार कर लेता है. झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने यह फैसला बजाज आलियांज की ओर से मोटर वाहन अधिनियम के तहत दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया. दरअसल, एमएसीटी (मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल) गुमला द्वारा पारित अवार्ड के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत वाहन दुर्घटना में मृत ड्राइवर के परिजनों को 6,08,540 रुपए ब्याज सहित का मुआवजा देने का आदेश दिया गया था. अदालत ने अपने आदेश में कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि चालक की लापरवाही के कारण दुर्घटना में उसकी मृत्यु हो गई. लेकिन फिर भी बीमा कंपनी को मुआवजे का भुगतान करना होगा, क्योंकि इसके लिए कंपनी ने अतिरिक्त प्रीमियम लिया है.

### नागेश प्रसाद की ईमानदारी विद्यालय में झलकती है : शशिकांत

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के लतरातु पंचायत अन्तर्गत सरसा संकुल के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय तेतरा में पूर्व प्रधानाध्यापक नागेश प्रसाद को उनकी सेवानिवृत्ति पर विद्यालय परिवार ने सोमवार को भावभीनी विदाई दी. इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक व शिक्षाविद शशिकांत सिंह ने कहा कि नागेश प्रसाद की ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा विद्यालय में झलकती है. सुदूरवर्ती तेतरा जैसे गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में बाउंड्री, भवन, कैंपस सहित बेहतर एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा ही नागेश प्रसाद की पहचान रही है. वहीं राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया के प्रधान शिक्षक प्रकाश उरांव तथा उत्तम कुमार मंडल ने कहा कि नागेश प्रसाद 24 घंटे हर किसी के मदद के लिए तैयार रहते हैं. इस दौरान नागेश प्रसाद की धर्मपत्नी लक्ष्मी देवी, पुत्री रिंकी कुमारी, पुत्र अविनाश कुमार, पोती मुस्कान कुमारी, खुशी रानी, पोता आर्यन राज को भी सम्मानित किया गया. इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि सहायक शिक्षक राजेश कुमार, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के राणा जितेंद्र, राजकीय मध्य विद्यालय दोलैचा के उपेंद्र सिंह सहित कई लोगों ने सम्बोधित किया.

### वाराणसी में सम्मानित होंगे पर्यावरण विद् सत्यदेव मुंडा



**अनगड़ा ।** अखिल भारतीय सारस्वत परिषद द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले सारस्वत सम्मान समारोह में भाजपा नेता प्रोफेसर सत्यदेव मुंडा को सम्मानित किया जाएगा. उक्त कार्यक्रम 24 जनवरी को वाराणसी में होना है. बताते चले कि अखिल भारतीय सारस्वत परिषद का उद्देश्य समाज और राष्ट्र की भलाई के लिए समर्पित व्यक्तियों को बढ़ावा देना है. जिससे समाज में निस्वार्थ और उत्कृष्ट विचार वाले गुणों को बढ़ावा मिल सके. बीसा पंचायत के बेंती निवासी प्रोफेसर सत्यदेव मुंडा रांची विश्वविद्यालय रांची के जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा से एमए,नेट व ,बीएड के छात्र रहे हैं. उन्हें लोग पर्यावरण विद शिक्षाविद व कुशल नेता के रूप में जानते हैं. बीते कई वर्षों से उनके नेतृत्व में सैकड़ो एकड़ जंगल को हराभरा कर बचाने का काम किया जा रहा है.

### बाघवार अकादमी के बच्चों ने दशम फॉल में उठाया आनंद

**चान्हो।** शनिवार को बाघवार अकादमी चान्हो के कक्षा 7 ,8 एवं 9 के बच्चों को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा वन भोज सह शैक्षणिक यात्रा के लिए झारखंड के अनेक पर्यटन स्थलों में से एक दशम जलप्रपात ले जाया गया . सभी बच्चे विद्यालय के बस से गए. जाने से पूर्व विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य, अरुण बाघवार सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक गण एवं स्टाफ के द्वारा सभी बच्चों को आवश्यक निर्देश दिया गया. इस वन भोज को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अजय उरांव , प्राइमरी सेक्शन इंचार्ज हरे कृष्णा सिंह,शिक्षिका संगीता एक्का, फरहत जहां,पिंकी कुमारी मीनाक्षी कुमारी, शिवानी चौधरी,शालिनी टोप्पो ,शिक्षक विकास गुप्ता , मुकेश विश्वकर्मा, सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा, वरुण गुप्ता, पीयूष चक्रवर्ती एवं अनुज टोप्पो सहित विद्यालय के अन्य कर्मचारी गण मौजूद थे.

### तनाव आपकी मौलिकता छीनती है : चौहान



**कर्रा।** सोमवार को राजकीयकृत उवि जरियागढ़ और राजकीयकृत उवि लापागारी में खुशी क्लास का आयोजन हुआ. जबकि लापा,जोजोदाग गांव में खुशी चौपाल का आयोजन हुआ. लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्था के संस्थापक सह संचालक संचालन मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन को अपने जिंदगी में आस-पास भी फटकने नहीं देनी है.सकारात्मकता से खुशी जगाती है और यही खुशी मंजिल तक ले जाती है.चौहान ने सकारात्मकता के ताकत से सम्बंधित कहानी भी सुनाई. लाइफ लेयर हॉस्पिटल, रांची के खुशी दूत संदीप शाह धन्यवाद ज्ञापन करते हुए स्वास्थ्य के छेत्र में निःशुल्क आयुष्मान योजना की जानकारी भी दी.

# गोल प्रतिभा खोज परीक्षा का सम्मान समारोह

संवाददाता। रांची

जमशेदपुर के बिरसा मुंडा टाउन हॉल, टिस्को कॉलोनी, सिदगोड़ा में सोमवार को गोल कोचिंग संस्थान की प्रतिभा खोज परीक्षा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. जमशेदपुर जोन से सभी क्वालीफायड और अवार्ड विनर्स स्टूडेंट के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था. बता दें कि गोल संस्थान ने 26 वर्षों का अपना सफर इस साल पूरा कर लिया है. पिछले 14 वर्षों से प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन छह राज्यों बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, प. बंगाल, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में किया जाता रहा है. जीटीएसई-2023 के दो चरणों के इस परीक्षा के प्रथम चरण में जहां 40, 000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, वहीं मुख्य परीक्षा में लगभग 8340 छात्र क्वालीफाई किये थे. सेमिनार के माध्यम से उन चयनित छात्रों को रिजल्ट दिया गया.



**जिन्हें मिला टैब :** वर्ग 6 के वंशिका राज, 7वीं के मोहित राज, 8वीं के संजीव कुमार, वर्ग 9वीं के संजीत कुमार, वर्ग 10वीं के तेजस झा.

**इन्हें मिली कलाई घड़ी :** वर्ग 6 की रितिका सिंह, विक्रांत, 7वीं के गौरव कश्यप, दिव्योम चौहान, 8वीं के शौर्य जायसवाल, आर्यन, 9वीं के प्रियंका कुमारी, नवीन कुमार, वर्ग 10वीं के सुधांशु कुमार व अनुराधा सिन्हा.

**इन्हें मिला बैग :** वर्ग छह के नाहा इम्तियाज़, रिशु कुमार, लक्ष्मीकांत, कविता कांत, अमित पुर्ती, शिव शंकर, लिपेश महतो, वर्ग 7वीं के सिद्धार्थ शर्मा, पूर्णिमा पटनायक, चंदन कुमार, नेहा प्रीत, खुशी पडिहारी, स्वीटी कुमारी, श्रुति कुमारी, वर्ग 8वीं के शुभंकर दास, सूरज कुमार, रूपा, विशाल दीप, आदित्य राज, नेहा महतो, जुवेरिया एम्बर, वर्ग 9वीं के रितेश महतो, ख़ुशी गुप्ता, सचिन प्रसाद, राहुल रंजन, सुनीता लुगुन, कुमार आर्यन सोनी,प्रिंस कुमार रवि, वर्ग 10वीं के अनुराग कुमार, जीत साव, फ़ख़रा तहरीम, आरुषि प्रिया, अनुभवी विश्वकर्मा, मोने अंगारिया, संजय महतो.

## न्यूज अपडेट

### हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है



**राहे।** प्रखंड के दोकाद ,रंगामाटी ओर बदालु गांव में हाथियों का झुंड ने जम कर उत्पात मचाया है. दोकाद गांव के किसान विशेश्वर महतो, रंगामाटी गांव के किसान रमन महतो,मनबोध महतो,पारना लोहरा और डोमन महतो के खलिहान में रखे धान को खाया और नष्ट किया है.मनबोध महतो के घर का दरवाजा को तोड़ कर घर मे घुस कर चावल को खाया है. बदालु गांव के किसान मृगेन्द्र नाथ महतो के 2 एकड़ में लगे मटर और आलू को मन भर खाया. हरिनाथ लोहरा के खलिहान में रखे धान को खाया. चिरुडीह गांव में खलिहान में आग लगा कर हाथी को भगाया गया.

### एकदिवसीय मेला सह फुटबॉल खेल का हुआ आयोजन



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पिस्का पंचायत के कुसुमटिकरा मैदान में रविवार के दिन एक दिवसीय स्व डॉ सुखदेव बेदिया चैंपियंस ट्रॉफी सह मेला का आयोजन हुआ. एकदिवसीय मेला का संचालन संतोष महतो ने किया. मेला में अलग अलग महिला वर्ग फुटबॉल एवं पुरुष वर्ग फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया था जिसमें महिला वर्ग फुटबॉल की विजेता एस टी स्पॉटिंग कुसुमटिकरा एवं उपविजेता महादानी क्लब बिसिरिया रही. पुरुष फुटबॉल वर्ग के विजेता महावीर ब्रदर्स टेटेबांधा और उपविजेता एल एक्स क्लब असुरकोडा रहा.

### राहे में दीपोत्सव मनाने का किया गया आह्वान



**राहे।** अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आम लोगों को आमंत्रित करने हेतु सोमवार को अक्षत वितरण का कार्य रामदूतों के द्वारा किया गया. अक्षत वितरण के साथ आम लोगों में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा जा रहा है. अक्षत वितरण कार्यक्रम राहे गांव के हर गलियों में घर-घर जाकर किया गया. लोगों से अपील किया गया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर घरों में दीपोत्सव मनाये. अक्षत वितरण कार्यक्रम राहे सोलह आना समिति के सदस्यों के साथ धार्मिक लोगों ने सहयोग दिया.

### चाइल्डलाइन के पूर्व कर्मियों ने जयंत सिन्हा को मांग पत्र सौंपा



**रांची।** चाइल्डलाइन बच्चों की देखभाल एवं सुरक्षा की आवश्यकता के लिए एक आपातकालीन सेवा है . 31 अगस्त 2023 से झारखंड के सभी ज़िलों में चाइल्डलाइन के तीन व्यक्तियों से कार्य लिया जा रहा था. विभाग द्वारा तीन कर्मियों को दो माह ( सितम्बर,अक्टूबर) के लिए पत्र प्राप्त हुआ था परंतु तीन कर्मियों को सभी जिला में 4 महीने कार्य करवाया गया . जिसका भुगतान कर्मियों को अभी तक नहीं किया गया है. विभाग ने एजेंसी के माध्यम से बिना किसी सूचना बिना किसी वेकेन्सी के नए लोगों को नियुक्ति कर ली, और जो पूर्व में तीन कर्मियों को रखा गया था उन्हें सेवा मुक्त कर दिया गया है.

### 27 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ मेडिकल छात्र रंगेहाथ गिरफ्तार

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल के पास से सोमवार को पुलिस ने 21 वर्षीय मेडिकल के छात्र को 27 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा है. चक्रधरपुर थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार को गुप्त सूचना मिली कि अस्पताल के पास रहने वाले एक युवक के पास भारी मात्रा में ब्राउन शुगर है. इसके बाद थाना प्रभारी तुरंत अस्पताल के पास पहुंचे और गेलन भट्टी के पास अभि कुमार नामक युवक को पकड़ा. पकड़े गए युवक के पास से पुलिस ने 27 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया. युवक नशे में भी था. इसके बाद सीओ गिरजानंद किस्कू की मौजूदगी में युवक के खिलाफ कागजी कार्रवाई करते हुए उसके पास से ब्राउन शुगर, मोबाइल को जब्त कर लिया. युवक को थाने ले जाया गया. इस संबंध में थाना प्रभारी ने कहा कि युवक को 27 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा गया है. पूछताछ की जा रही है.

### भाषा संस्कृति की सुरक्षा कवच है पड़हा व्यवस्था : प्रकाश



**नामकुम ।** प्रखंड के लाली पंचायत अंतर्गत गाढ़ा टोली गांव में खुखरा पड़हा जतरा का आयोजन पड़हा समिति अध्यक्ष चूमना पहान का नेतृत्व में किया गया . मुख्य अतिथि आजसू पार्टी जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने बताया पड़हा व्यवस्था एक ऐसी व्यवस्था है,. खुखरा पड़हा जतरा समिति लाली गढ़ाटोली में आयोजक समिति का सफल संचालन में जयपाल होरो आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, आजसू पार्टी राँची जिला महिला मोर्चा की अध्यक्षा वीणा कुमारी,महिलौंग पंचायत प्रभारी अमृत लाल महतो,सोहन महतो,दिलीप महतो, रंजित महतो का अहम योगदान रहा .

**विरोध** गाढ़ाटोली गांव रांची जिला मुख्यालय से करीब 15-20 किलोमीटर की दूरी पर ही स्थित है

# नामकुम के गाढ़ाटोली के ग्रामीणों को आज भी है पुल का इंतजार

अर्जुन कु. प्रामाणिक। नामकुम (रांची)

राजधानी रांची का गाढ़ाटोली गांव जिला मुख्यालय से करीब 15- 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. यह नामकुम प्रखंड अंतर्गत आता है, लेकिन साल के कई महीने यह गांव मुख्यालय से कटा रहता है, क्योंकि यहां महीनों तक नदी में पानी रहता है. यह गांव दक्षिण दिशा की ओर रेलवे ट्रैक उत्तर दिशा की और गुंगा नदी से घिरा है.

बीच में गाढ़ाटोली गांव है. यूं कहें, तो टापू पर यह गांव स्थित है. यहां पर लोग कई दिनों-महीनों तक पानी से घिरे रहते हैं. बरसात के दिनों में नदी में पानी इस तरह आती है कि यदि उसे पार कर सड़क पहुंचने की कोशिश की जाए तो मौत भी हो जाती है. इस डर से लोग बरसात के दिनों में तो अपने घरों से नहीं ही निकलते हैं, बल्कि उसके बाद भी यदि पानी रहता है, तो उन महीनों में भी इनका आना-जाना कम रहता है.

इस गांव की आबादी 200 से अधिक है. लेकिन उनकी मुश्किलों की ओर न तो सरकार न प्रशासन का ध्यान है. यहां विवाह पर आफत है. बेटी व बेटों की शादी मुश्किल से होती है. क्योंकि यहां लड़के वाले बारात नहीं लाते, क्योंकि रास्ते के बिना बेटियों को नहीं देना चाहते हैं. इसका कारण यह है कि उनकी बेटियों का भविष्य असुरक्षित लगता है. उन्हें महसूस होता है कि जिस गांव के लोग घरों से कई महीनों तक नहीं निकलते हैं और रास्ते में नदी है और वहां पार नहीं हो सकते हैं तो ऐसे में डगर काफी कठिन है. इसलिए यहां कोई बेटी नहीं देना चाहता है. यहां बारात नहीं आ सकती है. इसलिए कोई यहां की बेटी से शादी भी नहीं करना चाहता है. गांव के लोगों में गुस्सा इस बात को लेकर भी है कि यहां सिर्फ लोग वोट लेने के लिए आते हैं.

### इस गांव में लड़के वाले बारात नहीं लाना चाहते हैं



महिलाओं ने बताया कि यदि कोई महिला गर्भवती रहती है और बच्चे का जन्म का समय आता है तो घर से नदी पैदल पार करना पड़ता है. तब फिर रास्ता मिलता है. मुखिया से लेकर विधायक, सांसद तक के लिए वोट मांगने लोग आते हैं, लेकिन जैसे ही जीतते हैं, फिर गांव में देखने नहीं आते हैं. इतनी आबादी होने के बावजूद इस गांव पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है.

## ग्रामीण आक्रोशित

- गाढ़ाटोली गांव की आबादी 200 से अधिक है
- नदी पैदल पार करने के बाद फिर रास्ता मिलता है

ग्रामीणों में इस बात को लेकर काफी गुस्सा भी दिखता है. कहते हैं कि चुनाव में वे लोग वोट से उन नेताओं को जवाब देंगे जिसको जनता ने प्रतिनिधित्व की जिम्मेवारी दी है. ग्रामीणों ने बताया कि समस्या को लेकर खिजरी पूर्व विधायक रामकुमार पहान के पास भी मुखिया के साथ गए थे, लेकिन उनका कार्यकाल बीतने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया. वर्तमान विधायक राजेश कच्छप के पास भी समस्या को लगातार रखा गया था. आश्वासन मिला था कि 2023 के अंत तक पुल निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा. किन्तु 2023 बीत चुका है, अबतक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है. खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने बताया कि दो वर्ष कोरोना में बीत गया. क्षेत्र को कभी नहीं छोड़ा. गाढ़ाटोली में गुंगा नदी में पुल बनेगा. खिजरी पूर्व विधायक रामकुमार पहान ने बताया कि यह ठगबंधन की सरकार है. क्योंकि ये चुनावी वादे में ही बोले थे कि पांच लाख लोगों को नौकरी देंगे.

## पेज एक का शेष

**सभी 11 दोषियों को...**

प्रतिवादी संख्या 3 ने तथ्यों को दबाया था. भौतिक तथ्यों को दबा कर और भ्रामक तथ्य बनाकर दोषी द्वारा गुजरात राज्य को माफी पर विचार करने के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी. इस अदालत में धोखाधड़ी का खेल खेला गया है. इस अदालत की ओर से गुजरात सरकार को छूट पर विचार करने का कोई निर्देश नहीं दिया गया था.

बता दें कि घटना के वक्त बिनकिस बानो 21 साल की थीं और पांच माह की गर्भवती थीं. बानो से गोधरा ट्रेन में आग लगाए जाने की घटना के बाद भड़के दंगों के दौरान दुष्कर्म किया गया था. दंगों में मारे गए उनके परिवार के सात सदस्यों में उनकी तीन साल की बेटी भी शामिल थी. गुजरात सरकार ने सभी 11 दोषियों को 15 अगस्त 2022 को सजा में छूट दे दी थी और उन्हें रिहा कर दिया था.

**गांव, युवा और किसान पर रखें**

बजट 2024-25 में दूरदर्शिता के साथ प्रावधानों को समाहित करें. गरीब कल्याण हमारी सरकार का ध्येय है.

**जरूरी क्षेत्रों में विशेष प्रावधान करने की आवश्यकता:** सीएम ने अधिकारियों से कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में राज्य में लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा, मनरेगा के लिए प्रावधान, रोजगार तथा स्वरोजगार बढ़ाने, खेल गतिविधियों को बढ़ावा, महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार, बच्चों के पोषण में सुधार सहित अन्य सभी जरूरी क्षेत्रों में विशेष प्रावधान करने का निर्देश दिए. कहा कि आगामी बजट में एक नई और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है. बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, सीएम के प्रधान सचिव वंदना दादेल, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, सीएम के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, योजना एवं विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच द्विपक्षीय टी20 श्रृंखलाओं में से एक में जीत दर्ज की है

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगा भारत

भाषा । नवी मुंबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम लंबे और मिश्रित सफलता वाले घरेलू सत्र का अंत मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम मुकाबले में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्वदेश में पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर करना चाहेगी. तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर चल रही है और हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम के पास गत विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2024 टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के साल की शुरुआत इस प्रारूप में जीत के साथ करने का मौका है. भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच द्विपक्षीय टी20 श्रृंखलाओं में से केवल एक में जीत दर्ज की है जबकि चार में उसे हार का सामना करना पड़ा है. भारत ने एकमात्र श्रृंखला 2015-16 में ऑस्ट्रेलिया में जीती थी. इस टीम के खिलाफ उसकी उपलब्धियों में यह शीर्ष पर है. भारत ने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड नौ विकेट से हराया था लेकिन दूसरे मैच में मेजबान टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा. भारत के लिए हरमनप्रीत की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है. भारतीय कप्तान सभी प्रारूपों में पिछले 10 मैच में अर्धशतक जड़ने के नाकाम रही है.

### इरादा बुलंद

- भारत ने ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराया था
- तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर चल रही है



दीप्ति शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया था

दूसरे मैच में ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन भारत को जीत दिलाने में नाकाम रहीं. उन्होंने 27 गेंद में 31 रन बनाकर भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया और फिर ऑस्ट्रेलिया की पारी के शुरुआती दो विकेट भी चटकाए लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए नाकाफी थी. शुरुआती दो टी20 मुकाबलों की पिच पर बल्लेबाजों को स्वच्छंद होकर खेलने का मौका नहीं मिला है विशेषकर पहली पारी में जिससे गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिला. रविवार को दूसरे टी20 में मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहीं ऑस्ट्रेलिया की किम गार्थ ने कहा कि यह बल्ले और गेंद के बीच वास्तव में अच्छा मुकाबला रहा है, इसमें बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए कुछ ना कुछ है. दीप्ति को भी दूसरे मैच की पिच बल्लेबाजी के लिए चुनौतीपूर्ण लगी. उन्होंने कहा कि यह बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट नहीं था.

### टीम इस प्रकार है

- **भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यस्तिका भाटिया, रिचा घोष, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सेइका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा और मीनू मणि.
- **ऑस्ट्रेलिया:** डार्सी ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, एलिसा हीली (कप्तान), जेस योनासेन, एलेना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी, एलिस पैरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वेयरहैम.
- समय: शाम 7 :00 बजे से.

## आओ जानें
### सामान्य ज्ञान

- सामान्य ज्ञानटर्बिनेटर के नाम से किस खिलाड़ी को जाना जाता है – **हरभजन सिंह**
- मैराथन दौड़ की दूरी कितनी होती है – **26 मील, 385 गज**
- राष्ट्रमंडल खेलों का प्रथम आयोजन कब हुआ – **1930**
- राधामोहन का संबंध किस खेल से है – **पोलो**
- भारत के प्रथम टेस्ट क्रिकेट कप्तान कौन थे – **सीके नायडू**
- ओलिंपिक चिह्न का क्या अर्थ है – **निरंतरता**
- भारत की सबसे पुरानी हॉकी टूर्नामेंट – **बेटन कप**
- जापान के राष्ट्रीय खेल है – **जूडो**
- आइस हॉकी किस देश का राष्ट्रीय खेल है – **कनाडा**
- साइकिलिंग का खेल परिसर को कहा जाता है – **वेलोड्रम**



### ब्रीफ खबरें

#### मुंबई मैराथन के ब्रांड दूत बने केफलेजिगी



**मुंबई ।** एथेंस ओलंपिक 2004 के रजत पदक विजेता और लंबी दूरी के जाने माने धावक मेब केफलेजिगी को रविवार को 19वीं टाटा मुंबई मैराथन का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया. यह विश्व एथलेटिक्स की 'गोल्ड लेबल' की रेस है और प्रोकैम इंटरनेशनल इसका प्रमोटर है. एरीट्रिया में जन्में अमेरिकी केफलेजिगी ने उस समय इतिहास रचा था जब वह ओलंपिक पदक (2004), न्यूयॉर्क सिटी मैराथन (2009) और बोस्टन मैराथन (2014) जीतने वाले पहले धावक बने थे. वह 2009 में 1982 के बाद न्यूयॉर्क मैराथन जीतने वाले पहले अमेरिकी भी बने.

#### यूबैंक्स ऑकलैंड क्लासिक के पहले दौर में ही हारे

**ऑकलैंड (न्यूजीलैंड) ।** अमेरिका के क्रिस यूबैंक्स और फ्रांस के दिग्गज गेल मोनफिल्स को एटीपी ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में सोमवार को हार का सामना करना पड़ा. पांचवीं वरीयता प्राप्त यूबैंक्स मांसपेशियों में चोट के बाद बोटिक वैन डेर जैडस्चुल्प की चुनौती से पार नहीं पा सके. उन्होंने मैच के बीच में इलाज के बाद अपना खेल जारी रखा लेकिन 6-7, 2-6 से हार गये. फ्रांस के 37 साल के मोनफिल्स के खेल पर भी उम्र हावी दिखी.

#### क्रेसिकोवा एडीलेड टेनिस के पहले दौर में हुए बाहर

**एडीलेड (ऑस्ट्रेलिया) ।** फ्रेंच ओपन की पूर्व चैंपियन बारबरा क्रेसिकोवा और बीट्रिज हदाद माइया को सोमवार को यहां एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा. क्वालीफायर अन्ना केलिन्सकाया ने 2021 की फ्रेंच ओपन विजेता और चौथी वरीय क्रेसिकोवा को 7-5, 3-6, 7-5 से शिकस्त दी. केलिन्सकाया तीसरे और निर्णायक सेट में जब 6-5 से आगे थी तो उन्हें क्रेसिकोवा की सर्विस पर तीन मैच प्वाइंट मिले जिसमें से तीसरे पर अंक जुटाकर उन्होंने मैच अपने नाम किया.

**मलेशिया ओपन:** सकारात्मक शुरुआत करना चाहेंगे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी

# प्रणय और लक्ष्य से बड़ी उम्मीद

भाषा । कुआलालंपुर

पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन पर नजरें टिकाए बैठे एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन जैसे भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रहे मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के साथ नए सत्र की प्रभावी शुरुआत करने की उम्मीद होगी. भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए अगले चार महीने में काफी कुछ दांव पर लगा होगा और इस दौरान उनकी नजरें व्यस्त कार्यक्रम के बीच अप्रैल के अंत तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में जगह बनाकर पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी होंगी. ओलंपिक में जगह बनने की दौड़ में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय आगे चल रहे हैं.

उनके लिए पिछला सत्र शानदार रहा. जिसमें उन्होंने विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में पहली बार कांस्य पदक और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 में खिताब जीता. वह ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 में भी फाइनल में पहुंचे. यह आठवीं वरीयता प्राप्त 31 वर्षीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन के खिलाफ करेगा. उन्हें अपनी शानदार फॉर्म जारी रखने की उम्मीद होगी. एंटोनसन ने 2023 में कोरिया ओपन जीतकर चोट से सफल वापसी की थी. ऐसे में सभी की निगाहें लक्ष्य और किदांबी श्रीकांत पर भी होंगी जो शीर्ष 16 में आने के लिए संघर्ष कर रहे हैं.

दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पिछले साल कनाडा ओपन सुपर 500 का खिताब जीता लेकिन इसके बाद अपनी फॉर्म गंवा दी. श्रीकांत की विश्व रैंकिंग 24वीं हैं. वह 2023 में सिर्फ चार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं. वहीं सेन और श्रीकांत के लिए चीजें आसान नहीं होने वाली हैं, क्योंकि उन्हें यहां शुरुआती दौर में क्रमशः चीन के वेंग होंग यैंग और इंडोनेशिया के छठी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी जैसे कड़े प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना है. पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शानदार फॉर्म में दिख रहे हैं. वे 2023 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रहे हैं.



### खिलाड़ी तैयार

- दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी हैं एचएस प्रणय
- प्रणय मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 में खिताब जीते हैं
- दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी हैं लक्ष्य सेन

#### ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु घुटने की चोट से उबर रही हैं

सात्विक और चिराग इंडोनेशिया में सुपर 1000 टूर्नामेंट का खिताब जीतने के अलावा कोरिया ओपन सुपर 500 और स्विस ओपन सुपर 300 जीते थे. कुछ समय के लिए दुनिया की नंबर एक जोड़ी भी बने. पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंची सात्विक और चिराग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी अपना अभियान मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बगास मौलाना की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ शुरू करेगी. दिसंबर में तीन फाइनल में जगह बनाने के बाद आत्मविश्वास से भरी अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला युगल जोड़ी अब इस सत्र में विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में जगह बनाने की कोशिश करेगी. यह जोड़ी अभी ओलंपिक खेलों की क्वालीफिकेशन रैंकिंग में 21वें स्थान पर है. त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी 27वें स्थान पर है. गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली अश्विनी और तनीषा का सामना शुरुआती दौर में अमेरिका की फ्रांसेस्का कॉर्बेट और एलिसन ली से होगा. वहीं अब दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू घुटने की चोट से उबर रही हैं जिसके कारण महिला एकल में भारत का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होगा. मिश्रित युगल में भी कोई भारतीय प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहा है. मलेशिया ओपन चार बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट में से एक है. उसे पिछले साल यह दर्जा मिला था. ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप, चीन ओपन और इंडोनेशियाई ओपन विश्व सर्किट में अन्य तीन सुपर 1000 टूर्नामेंट है.

# ब्राजील ने महान फुटबॉलर जगालो को दी अंतिम विदाई

भाषा । रियो डी जिनेरियो (ब्राजील)

प्रशंसकों, खिलाड़ियों और कोचों ने रविवार को ब्राजील में महान फुटबॉलर मारियो जगालो को अंतिम विदाई दी जब एक खिलाड़ी और मैनेजर दोनों के रूप में विश्व कप जीतने वाले पहले व्यक्ति को रियो डी जिनेरियो कब्रिस्तान में दफनाया गया. जगालो ने अपने स्वभाव और कौशल से वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल की. रविवार को श्रद्धांजलि की शुरुआत सार्वजनिक सभा के साथ हुई और ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) के संग्रहालय में दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में निजी तौर पर अंतिम संस्कार हुआ. बाद में उनके ताबूत को एक दमकल गाड़ी पर रियो ले जाया गया. यह ताबूत फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा, दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल संस्था कोनमेबोल और सीबीएफ के झंडों से ढका हुआ था. साओ जोआओ बतिस्ता कब्रिस्तान में पहुंचने पर ताबूत पर केवल ब्राजील का राष्ट्रीय ध्वज था.

इस दौरान परिवार के सदस्यों के साथ दर्जनों प्रशंसक और महान फुटबॉल काफू जैसे पूर्व खिलाड़ी जगालो को विदाई देने पहुंचे. जगालो ने खिलाड़ी के रूप में 1958 और 1962 में दो विश्व कप जीते. वह 1970 में कोच और 1994 में सहायक कोच के रूप में भी विश्व कप जीतने में सफल रहे. शुक्रवार देर रात 92 साल की उम्र में कई अंगों के काम करना बंद करने के कारण उनका निधन हो गया था. स्थानीय मीडिया ने बताया कि क्रिसमस के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था.



**1970** में कोच और 1994 में सहायक कोच के रूप में भी विश्व कप जीतने में सफल रहे थे

# ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वॉश में अनाहत रहीं उप विजेता

भाषा । बर्मिंघम (इंग्लैंड)

भारत की उभरती हुई स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह यहां ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के लड़कियों के अंडर-17 वर्ग में उप विजेता रहीं. अनाहत को रविवार को बर्मिंघम विश्वविद्यालय में 68 मिनट चले कड़े फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीय नादीन अलहमामी के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा. भारत की 15 साल की अनाहत ने पहला गेम 11-7 से जीत लिया था लेकिन इसके बाद नादीन ने जोरदार वापसी करते हुए अगले दो गेम टाईब्रेक में 13-11 और 12-10 से जीतकर 2-1 की बढ़त बना ली. अनाहत ने चौथा गेम 11-5 से जीतकर स्कोर 2-2 किया लेकिन मिस्र की खिलाड़ी ने पांचवां और निर्णायक गेम 11-9 से जीतकर खिताब अपने नाम किया. पिछले महीने अनाहत ने स्कॉटिश जूनियर ओपन के अंडर-19 वर्ग का खिताब जीता था. इस बीच अमेरिकी जूनियर ओपन के लड़कों के अंडर-15 वर्ग के गत चैंपियन आर्यवीर दीवान लड़कों के अंडर-15 वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे.



सेमीफाइनल में मिस्र के शीर्ष वरीय फिलोपेटर सालेह के खिलाफ 1-3 की शिकस्त के बाद आर्यवीर ने तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में जीत दर्ज की. प्रतिभावान आदया बुधिया को लड़कियों के अंडर-13 क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की शीर्ष वरीय विविएन एसजे के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा.

#### बीएआई 28 खिलाड़ियों के खेलने का खर्च उठाएगी

**नयी दिल्ली ।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) इस साल सीनियर राष्ट्रीय पुरुष और महिला चैंपियन क्रमशः चिराग सेन और अनमोल खर्ब सहित 28 खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने का खर्च उठाएगा. विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की रैंकिंग में 26वें से 75वें स्थान पर मौजूद भारतीय खिलाड़ियों के अलावा सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले ऐसे खिलाड़ी जो राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं हैं, उन्हें इससे फायदा मिलेगा. इसके लिए पैसा बीएआई और ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) की साझेदारी से आएगा. अबु धाबी मास्टर्स चैंपियन उन्नति हुड्डा और 2023 बैडमिंटन एशिया अंडर-17 जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा भी एकल और युगल वर्ग के उन 28 खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें कई प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है. बीएआई के सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि होनहार प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने के लिए जरूरी समर्थन मिलना चाहिए.

32 साल के दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर क्लासेन ने टेस्ट करियर में चार मैच खेले हैं

# क्लासेन ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास

भाषा । प्रिटोरिया (दक्षिण अफ्रीका)

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है जिससे लाल गेंद के प्रारूप में उनका संक्षिप्त करियर खत्म हो गया. रांची में 2019 में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 32 साल के क्लासेन ने अपने संक्षिप्त टेस्ट करियर में चार मैच खेले. वह अपना आखिरी टेस्ट पिछले साल जोहानिसबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले थे. क्लासेन ने अपने टेस्ट करियर में 13.00 के औसत से 104 रन बनाए और सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 35 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही. क्लासेन हालांकि सफेद गेंद के प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध रहेंगे. इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने बयान में कहा कि मैं सही फैसला कर रहा हूं या नहीं इसे लेकर कुछ दिन नींद नहीं आई. मैंने लाल गेंद के क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है. क्लासेन ने कहा कि मैंने यह मुश्किल फैसला किया है क्योंकि यह खेल का मेरा सबसे पसंदीदा प्रारूप है. मैंने मैदान के अंदर और बाहर जो लड़ाई लड़ी उसने मुझे वह क्रिकेटर बनाया जो मैं आज हूं. उन्होंने कहा कि यह शानदार सफर रहा और मुझे खुशी है कि मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व कर पाया. इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि मुझे जो टेस्ट कैप मिली वह मेरे लिए सबसे कीमती कैप है. मेरे लाल गेंद के करियर में भूमिका निभाने और मैं आज जो क्रिकेटर हूं मुझे वह बनाने में मदद के लिए सभी को धन्यवाद. उन्होंने कहा, लेकिन अब एक नई चुनौती इंतजार कर रही है और मैं उसे लेकर उत्सुक हूं. माना जा रहा है कि यह आक्रामक बल्लेबाज टी20 फ्रेंचाइजी लीग में खेलने को लेकर उत्सुक है. क्लासेन आईपीएल, द हंड्रेड और एमएलसी जैसी टी20 लीग में भी खेलते हैं. वह एक हफ्ते के भीतर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने वाले दक्षिण अफ्रीका के दूसरे क्रिकेटर हैं.

पिछले हफ्ते भारत के खिलाफ दो टेस्ट की श्रृंखला 1-1 से बराबर रहने के साथ डीन एल्गर ने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था. क्लासेन को भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए मौका नहीं दिया गया था क्योंकि मुख्य कोच शुक्री कोनरेड ने काइल वेरिने को खिलाने का फैसला किया था.



क्लासेन ने अपने टेस्ट करियर में **13.00** के औसत से **104** रन बनाए

**निशानेबाजी** भारतीय टीम ने पहले दिन तीन पदक के साथ अपने अभियान का आगाज किया

# तोमर व ईशा ने गोल्ड जीतकर ओलंपिक कोटा हासिल किया

भाषा । जकार्ता

भारत के उभरते हुए निशानेबाज वरूण तोमर और ईशा सिंह ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए 14वां व 15वां ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया. भारत ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पहले दिन टीम स्वर्ण पदक सहित कुल तीन पदक के साथ अपने अभियान का आगाज किया. बीस साल के तोमर ने फाइनल में 239.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि उनके हमवतन अर्जुन चीमा ने 237.3 अंक के साथ रजत पदक जीता. मंगोलिया के देवाखु एंखताइवान (217.2) ने कांस्य पदक अपने नाम किया. इससे पहले तोमर (586), अर्जुन (579) और उज्जवल मलिक (575) की भारतीय टीम कुल 1740 अंक के साथ टीम स्पर्धा में शीर्ष पर रही थी. ईरान और कोरिया ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते. इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पेरिस ओलंपिक के लिए कुल 16 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं. इस कामयाबी पर तोमर ने कहा कि मैंने अपने रिश्ते के बड़े भाई सौरभ को देखकर सात साल पहले निशानेबाजी शुरू की थी. वह मेरे प्रेरणा रहे हैं. मैं हमेशा उनके जैसा बनना चाहता हूं. और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करना चाहता हूं. यह कोशिश आगे जारी रहेगी. बता दें कि पुरुषों और महिलाओं के लिए 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में चार कोटा हैं जिसमें से अधिकतम तीन भारतीय निशानेबाजों को मिल सकते हैं. ईशा सिंह, रिदम सांगवान और सुरभि राव महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में उतरेंगी, जहां भारत को अभी पेरिस खेलों का कोटा हासिल करना है. इस प्रतियोगिता में 26 देशों के लगभग 385 निशानेबाज पेरिस कोटा हासिल करने के अलावा 256 पदक (84 स्वर्ण, 84 रजत और 88 कांस्य पदक) जीतने के लिए जकार्ता की सेनायन निशानेबाजी रेंज में चुनौती पेश करेंगे. भारत इस प्रतियोगिता से पहले राइफल, पिस्टल और शॉटगन स्पर्धाओं में 13 ओलंपिक कोटा स्थान हासिल कर चुका है. राइफल में जहां सभी कोटा स्थान सुरक्षित हो गए हैं वहीं पिस्टल में तीन कोटा हासिल हुए हैं.



### अच्छी शुरुआत

- तोमर ने 239 .6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया
- अर्जुन चीमा ने 237 .3 अंक के साथ रजत पदक जीता
- मंगोलिया के देवाखु ने कांस्य पदक अपने नाम किया

# लीवरपूल ने आर्सेनल को हराया

भाषा । लंदन

आर्सेनल को एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दौर में लीवरपूल के खिलाफ रविवार को यहां 0-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी. आर्सेनल की टीम खराब फॉर्म से जूझ रही है और सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले सात मैच में से चार मैच गंवा चुकी है. टीम ने लगातार तीन मैच गंवाए हैं. रविवार को लीवरपूल के खिलाफ आर्सेनल के डिफेंडर याकुब किवियोर ने 80वें मिनट में आत्मघाती गोल किया जबकि लुई डियाज ने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में गोल दागकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की. मैनचेस्टर सिटी ने एक अन्य मैच में दूसरे टीयर की टीम हडर्सफील्ड पर 5-0 की आसान जीत दर्ज की. सिटी के केविन डीब्रून ने मांसपेशियों में खिंचाव के कारण लगभग पांच महीने के बाद इस मुकाबले के साथ वापसी की. मैनचेस्टर सिटी की ओर से फिल फोडेन (33वें और 65वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि जूलियन अल्वारेज (37वें मिनट) और जेरेमी डोकु (74वें मिनट) ने एक-एक गोल किया. हडर्सफील्ड के बेन जैकसन ने आत्मघाती गोल भी किया. रेक्सहैम ने जीत दर्ज की जबकि प्रीमियर लीग टीम वेस्टहैम, नॉटिंघम फॉरेस्ट और ल्युटन के मुकाबले ड्रॉ रहे. रेक्सहैम ने श्रुसबरी के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की. वेस्टहैम को दूसरे टीयर की टीम ब्रिस्टल सिटी ने 1-1, नॉटिंघम फॉरेस्ट को तीसरे टीयर की टीम ब्लैकपूल ने 2-2 जबकि ल्युटन को तीसरे टीयर की टीम बोल्टन ने गोल रहित बराबरी पर रोका.



### मैच गंवाया

- लीवरपुल टीम ने आर्सेनल को 2-0 से हरा दिया
- आर्सेनल के डिफेंडर याकुब ने आत्मघाती गोल कर दिया

## पुरी में जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना का उद्घाटन 17 को



ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना के तहत जगन्नाथ मंदिर के पास पुनर्विकास कार्य के दौरान ली गई तस्वीर. फोटो : पीटीआई

# 'श्री सेतु' तैयार, जगन्नाथ मंदिर पहुंचने में लगेगा एक घंटा कम

भाषा। भुवनेश्वर

### खास बातें

- 'श्री सेतु' के लिए लगभग 3 एकड़ जमीन को किया साफ
- दर्शनार्थियों की पंक्ति एक साथ बैठ सकते हैं 3000 श्रद्धालु

पुरी में 2.8 किलोमीटर लंबे नवनिर्मित बाईपास मार्ग 'श्री सेतु' से अब भुवनेश्वर और ब्रह्मगिरि से आने वाले वाहन शहर के यातायात से बचकर सीधे बहु-स्तरीय पार्किंग स्थल तक पहुंच सकेंगे. इससे जगन्नाथ मंदिर तक जाने में लगने वाला यात्रा समय एक घंटा तक कम हो जाएगा. आगामी 17 जनवरी को 2,700 करोड़ रुपये की लागत वाली जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना के उद्घाटन से पहले 'श्री सेतु' पुरी में ओडिशा सरकार द्वारा कार्यान्वित विभिन्न बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं में से एक है.

अधिकारियों ने कहा कि सरकार ने पवित्र शहर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर प्राचीन पुरी मंदिर के आसपास की बस्तियों का पुनर्विकास किया है और मंदिर के चारों ओर 1.5 किलोमीटर का पथ 'श्रीमंदिर परिक्रमा' बनाया है. अधिकारियों ने कहा कि पूरे साल दर्शन के लिए तीर्थस्थल आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि ओडिशा के पहले 'ट्रम्पेट ब्रिज' 'श्री सेतु' के माध्यम से वे जल्दी ही मंदिर तक पहुंच सकेंगे.

एक अधिकारी ने बताया कि चार लेन की सड़कों को जोड़ने वाला यह नया पुल 37 एकड़ भूमि पर बना है. पुरी के जिलाधिकारी समर्थ वर्मा ने कहा कि महामारी के बाद जगन्नाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की औसत संख्या बढ़ गई है. सामान्य दिनों में यह एक से दो लाख होती है और त्योहारों के दौरान यह 10 लाख तक पहुंच जाती है. वर्मा ने कहा कि इस भीड़ को प्रबंधित करने के लिए, हमने शहर के चारों ओर श्री सेतु यातायात नेटवर्क बनाया है जिससे श्रद्धालु बाईपास राजमार्ग के रास्ते सीधे मल्टीलेवल कार पार्किंग तक पहुंच जाएंगे और शहर में प्रवेश किए बिना मंदिर में दर्शन कर सकेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### अनिश्चितता की स्थिति में जापान में बेघर लोग

**वाजिमा(जापान)।** जापान के पश्चिमी तट पर एक सप्ताह पहले आए भूकंप के कारण रातोंरात बेघर हुए हजारों लोग थकान और अनिश्चितता की स्थिति में जी रहे हैं. भूकंप के कारण अब तक कम से कम 161 लोगों की मौत हो गयी है और कई लोग लापता हैं. नए साल के दिन आए 7.6 तीव्रता वाले भूकंप के बाद बचाव प्रयास में हजारों सैनिक, दमकलकर्मी और पुलिस कर्मी शामिल हैं, जिन्होंने सोमवार को मलबे में लोगों की तलाश की. प्राधिकारियों ने इशिकावा प्रांत में नोतो प्रायद्वीप में भूस्खलन के खतरे की चेतावनी दी है, जहां भूकंप आए थे. बर्फबारी से यह खतरा बढ़ गया है.

### संपादक धनबीर मैबाम को जमानत

**इंफाल।** मणिपुर में संवदेनशील जानकारी प्रकाशित करने के आरोप में गिरफ्तार किये गये एक स्थानीय समाचार पत्र के संपादक को जमानत पर रिहा कर दिया गया. एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि संपादक को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था और रविवार को एक स्थानीय अदालत ने उन्हें जमानत दे दी. नाम न उजागर करने की शर्त पर सरकारी अधिकारी ने कहा कि संपादक धनबीर मैबाम ने एक खबर में संवेदनशील जानकारी प्रकाशित की थी. अधिकारी ने बताया कि शासकीय गोपनीयता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था.

### ईडी की बंगाल इकाई ने मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पश्चिम बंगाल इकाई ने पिछले सप्ताह राज्य के उत्तर 24 परगना जिले में छापेमारी के दौरान उसकी टीम पर हुए हमले के बारे में अपने मुख्यालय को एक रिपोर्ट भेजी है. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख के सैकड़ों समर्थकों द्वारा शुक्रवार को किए गए हमले में ईडी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे और उनके कई वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था. यह हमला तब हुआ जब ईडी की टीम राज्य की राशन प्रणाली में कथित अनियमितताओं के संबंध में छापेमारी के लिए शेख के संदेशखाली स्थित घर पहुंची थी.

## बिलकीस बानो मामला : फैसले के बाद 11 दोषियों की सजा में छूट रद्द

# हुई जीत, रिश्तेदारों ने पटाखे जलाए

एजेंसी। दाहोद

बिलकीस बानो सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों की सजा में छूट को रद्द करने के उच्चतम न्यायालय के आदेश पर सोमवार को बानो के कुछ रिश्तेदारों ने दाहोद जिले के देवगढ़ बारिया शहर में पटाखे जलाए. इस मामले के एक गवाह ने फैसले पर खुशी जताते हुए सोमवार को कहा कि बानो को आज न्याय मिला. मामले के गवाहों में से एक अब्दुल रजाक मंसूरी ने संवाददाताओं से कहा कि मैं इस मामले में एक गवाह हूं. इन 11 दोषियों को महाराष्ट्र की एक अदालत ने सजा सुनाई थी. उन्हें रिहा करने का गुजरात सरकार का फैसला गलत था. इसलिए हमने उसे अदालत में चुनौती दी थी. मंसूरी अभी देवगढ़ बारिया में रहते हैं. उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार के फैसले को खारिज कर दिया है और दोषियों को आत्मसमर्पण करने को कहा है.

मुझे लगता है कि हमें आज न्याय मिला है. बिलकिस बानो के दूर के कुछ रिश्तेदार देवगढ़ बारिया में रहते हैं. उच्चतम न्यायालय का फैसला टीवी चैनलों पर आते ही उनमें से कुछ लोगों ने फैसले का स्वागत करते हुए पटाखे चलाए. गोधरा में 2002 में ट्रेन अग्निकांड के बाद भड़के सांप्रदायिक दंगों के दौरान बिलकीस बानो 21 साल की थीं और पांच महीने की गर्भवती थीं. उनके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था और उनकी तीन साल की बेटी सहित परिवार के सात लोगों की हत्या कर दी गई थी. गुजरात सरकार ने इस मामले के सभी 11 दोषियों को सजा में छूट देकर 15 अगस्त, 2022 को रिहा कर दिया था. उच्चतम न्यायालय ने सजा में दी गई छूट को सोमवार को रद्द कर दिया और दोषियों को दो सप्ताह के भीतर जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया.



### केंद्र, गुजरात सरकार को बिलकीस बानो से माफी मांगनी चाहिए : ओवैसी



बिलकीस बानो मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के गुजरात सरकार के फैसले को रद्द करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के मद्देनजर एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को मांग की कि केंद्र और गुजरात की भाजपा सरकार बिलकीस बानो से माफी मांगें. गुजरात सरकार पर अपनी शक्ति का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए न्यायालय ने सोमवार को 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के दोषी 11 लोगों की सजा में दी गई छूट को रद्द कर दिया और आदेश दिया कि उन्हें दो सप्ताह के भीतर वापस जेल भेजा जाए.

### न्यायालय ने बता दिया कि अपराधियों का संरक्षक कौन है : राहुल गांधी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिलकीस बानो मामले के दोषियों की सजा में छूट देने के फैसले को उच्चतम न्यायालय द्वारा रद्द किए जाने के बाद सोमवार को कहा कि इस निर्णय ने एक बार फिर देश को बता दिया कि अपराधियों का संरक्षक कौन है. उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी फायदे के लिए न्याय की हत्या की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक है. राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि चुनावी फायदे के लिए न्याय की हत्या की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक है. कांग्रेस नेता ने दावा किया कि बिलकीस बानो का अथक संघर्ष, अहंकारी भाजपा सरकार के विरुद्ध न्याय की जीत का प्रतीक है. उच्चतम न्यायालय ने गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को सोमवार को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि आदेश घिसा-पिटा था और इसे बिना सोचे-समझे पारित किया गया था. न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश भी दिया.

### कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला बोला

**अहमदाबाद।** बिलकीस बानो मामले में 11 दोषियों की सजा में छूट को रद्द करने के उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि गुजरात की भाजपा सरकार का रुख पीड़िता के लिए न्याय सुनिश्चित करने के बजाय अपराधियों को बचाना था. मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता आनंद याग्निक ने कहा कि गुजरात सरकार का निर्णय (दोषियों को छूट देने का) कानून के अनुरूप नहीं था, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि यह कुछ सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक दबाव के तहत लिया गया था. उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत के फैसले से कानून का शासन कायम हुआ है. न्यायालय के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस की गुजरात इकाई के प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार कानून और संविधान का पालन करती नहीं दिख रही है.उन्होंने दावा किया कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह (गुजरात सरकार) पीड़ितों को न्याय दिलाने के बजाय दोषियों को बचाने के लिए काम कर रही है.

# हरियाणा के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह गिरफ्तार

एजेंसी। चंडीगढ़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित अवैध खनन से जुड़े धन शोधन के एक मामले में हरियाणा के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और उनके सहयोगी कुलविंदर सिंह को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया. आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी. सिंह यमुनानगर विधानसभा सीट से इंडियन नेशनल लोकदल के पूर्व विधायक हैं. एजेंसी ने चार जनवरी को उनके और सोनीपत से कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार के यहां छापेमारी की थी और पांच दिनों तक चली तलाश सोमवार को समाप्त हुई. छापेमारी के दौरान ईडी ने करीब 20 स्थानों की तलाशी ली थी. पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और उनके सहयोगी कुलविंदर सिंह को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया है और दोनों को एक स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा जहां एजेंसी अवैध खनन मामले के साथ-साथ अवैध आग्नेयास्त्र रखने के एक ताजा मामले में उनकी हिरासत के लिए अनुरोध करेगी. ईडी ने दिलबाग सिंह और उनसे जुड़े अन्य लोगों के परिसरों से कम से कम पांच अवैध राइफल और पांच करोड़ रुपये बरामद किए हैं.

# मोदी पर बयान मालदीव की सरकार का रुख नहीं : नसीर

एजेंसी। माले

मालदीव की सरकार ने सोमवार को भारतीय उच्चायुक्त मुनु मुहावर को सूचित किया कि उसके निलंबित किये जा चुके तीन उप मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ दिए गए अपमानजनक बयान सरकार के रुख को प्रदर्शित नहीं करते. भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि विदेश मंत्रालय में अंबेसेडर एट-लार्ज डॉ अली नसीर मोहम्मद के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए भारतीय उच्चायुक्त की बैठक आज निर्धारित थी. 'द सन ऑनलाइन' की खबर के अनुसार मालदीव के एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने कहा कि बैठक में नसीर ने स्पष्ट किया कि उप मंत्रियों के बयान मालदीव की सरकार का रुख नहीं प्रदर्शित करते. उन्होंने अपने पड़ोसियों के लिए मालदीव का सतत समर्थन दोहराया. मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकार को विदेशी नेताओं के खिलाफ सोशल मीडिया मंचों पर अपमानजनक बयानों की जानकारी है और ये निजी राय उसके रुख को प्रदर्शित नहीं करते. इससे पहले भारत ने सोमवार को मालदीव के दूत इब्राहिम शहीब को तलब किया और मालदीव के कुछ मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया पर डाले गए बयानों को लेकर चिंता प्रकट की थी.

## अवामी लीग पार्टी ने 299 में से 223 सीटों पर जीत हासिल की

# बांग्लादेश में चला हसीना का जादू

एजेंसी । ढाका

बांग्लादेश में एक बार फिर शेख हसीना की सरकार बनेगी. रविवार को हुए आम चुनाव में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने 299 में से 223 सीट पर जीत हासिल की है. संसद में मुख्य विपक्षी दल जातीय पार्टी को 11, बांग्लादेश कल्याण पार्टी को एक और स्वतंत्र उम्मीदवारों ने 62 सीट पर जीत दर्ज की. जातीय समाजतांत्रिक दल और 'वर्कर्स पार्टी ऑफ बांग्लादेश' ने एक-एक सीट जीती. इतना ही नहीं अवामी लीग पार्टी की प्रमुख हसीना (76) ने गोपालगंज-तृतीय सीट पर भारी मतों के अंतर से जीत हासिल की. हसीना को 249,965 वोट मिले हैं. जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश सुप्रीम पार्टी के एम निजाम उद्दीन लश्कर को सिर्फ 469 वोट ही मिले.

### 2009 से सत्ता पर काबिज हैं शेख हसीना



संसद सदस्य के रूप में शेख हसीना का यह आठवां कार्यकाल है. हसीना 2009 से सत्ता पर काबिज हैं और एकतरफा चुनाव में लगातार चौथी बार जीत हासिल की है. इस जीत के साथ हसीना आजादी के बाद बांग्लादेश में सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाली प्रधानमंत्री बनने की ओर बढ़ रही है. अहम बात यह है कि 1991 में लोकतंत्र की बहाली के बाद से ऐसा दूसरी बार है, जब सबसे कम मतदान हुआ. फरवरी 1996 के विवादास्पद चुनावों में 26.5 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो बांग्लादेश के इतिहास में सबसे कम है. रविवार के चुनाव में दोपहर तीन बजे तक 27.15 प्रतिशत मतदान हुआ था और शाम चार बजे मतदान प्रक्रिया समाप्त हो गयी. निर्वाचन आयोग ने एक घंटे में 13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कुल मिलाकर लगभग 40 प्रतिशत मतदान का अनुमान जताया.

## गोल्डन ग्लोब अवार्ड 2024

# ओपेनहाइमर का दबदबा, जीते 5 अवार्ड

एजेंसी। न्यूयॉर्क

वर्ष 2024 की शुरुआत होते ही फिल्म पुरस्कार शो का आगाज हो गया. दुनिया के प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड लॉस एंजिल्स में आयोजन हुआ. इसमें क्रिस्टोफर नोलन की 'ओपेनहाइमर' का दबदबा रहा. इस फिल्म को अलग-अलग आठ कैटेगिरी में नॉमिनेशन मिला था. बेस्ट एक्टर, बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट फिल्म सहित इसने कुल पांच अवार्ड जीते. वहीं, टीवी सीरीज सक्सेशन का भी इस अवॉर्ड शो में जलवा दिखा. एचबीओ की इस सीरीज ने ड्रामा कैटगरी में बेस्ट टीवी शो सहित कुल चार अवॉर्ड जीते. स्टैंड-अप कॉमेडियन और एक्टर जो कोय द्वारा होस्ट किए गए 81वें गोल्डन ग्लोब अवाड्र्स बेवर्ली हिल्टन में हुए.

### अवॉर्ड की सूची

- बेस्ट फीमेल एक्टर-मोशन-पिक्चर- लिली ग्लैडस्टोन, किलर्स ऑफ द फ्लावर मून
- बेस्ट परफॉर्मेंस बाय एन एक्टर इन मोशन पिक्चर, ड्रामा- सिलियन मर्फी
- बेस्ट फिल्म- ओपेनहाइमर
- बेस्ट डायरेक्टर-क्रिस्टोफर नोलन, ओपेनहाइमर
- बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस- एलिजाबेथ डेबिकी- द क्राउन
- बेस्ट सपोर्टिंग मेल एक्टर इन मोशन पिक्चर- रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ओपेनहाइमर
- बेस्ट फीमेल सपोर्टिंग एक्टर इन मोशन पिक्चर- दा' 'वाइन जॉय रैंडोल्फ, 'द होल्डओवर्स' के लिए



ओपेनहाइमर के एक्टर सिलियन मर्फी को बेस्ट एक्टर का अवार्ड

- बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर टेलीविजन- मैथ्यू मैकफैडेन, सक्सेशन
- बेस्ट परफॉर्मेंस इन स्टैंड-अप कॉमेडी- रिकी गेरवाइस
- बेस्ट पिक्चर, नॉन इंग्लिश लैंग्वेज – एनाटॉमी ऑफ द फॉल
- बेस्ट एक्ट्रेस इन टीवी सीरीज, म्यूजिकल या कॉमेडी- अयो एडेबिर –द बियर
- बेस्ट एक्ट्रेस इन मोशन पिक्चर, म्यूजिकल या कॉमेड-एम्मा स्टोन, पुअर थिंग्स
- सिनेमैटिक और बॉक्स ऑफिस एचिवमेंट अवॉर्ड- बार्बी
- ओरिजनल स्कोर, मोशन पिक्चर का अवॉर्ड- लुडविग गोरानसन, ओपेनहाइमर
- बेस्ट एक्टर ड्रामा- ओपेनहाइमर के लिए सिलियन मर्फी
- बेस्ट लिमिटेड सीरीज़, एंथोलॉजी सीरीज़ या मोशन पिक्चर इन टेलीविजन- बीफ़
- बेस्ट टेलीविजन सीरीज, म्यूजिकल या कॉमेडी- द बियर
- बेस्ट एक्ट्रेस इन टेलीविजन सीरीज, ड्रामा- 'सक्सेशन' के लिए सारा स्नूक
- बेस्ट ड्रामा सीरीज़- सक्सेशन

## शोध : कुछ चैटबॉट्स ने परेशान करने वाले काम किए, माइक्रोसॉफ्ट के बिंग चैटबॉट ने लोगों को ब्लैकमेल किया

# क्या एआई अकेलापन कम करने में मदद करेगा, या हालात बदतर बना देगा?

एजेंसी। मेलबर्न

चैटजीपीटी पिछले साल के अंत में रिलीज होने के बाद से बार-बार सुर्खियां बटोर रहा है, विभिन्न विद्वान पेशेवर काम और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में इसके संभावित अनुप्रयोगों की खोज कर रहे हैं. हालांकि, जिस एक क्षेत्र पर कम ध्यान दिया जा रहा है, वह है एक परस्पर संवादकर्ता के रूप में और एक संभावित मित्र के रूप में इस उपकरण की उपयोगिता.

कुछ चैटबॉट्स ने परेशान करने वाले काम किए हैं. माइक्रोसॉफ्ट के बिंग चैटबॉट ने इस साल की शुरुआत में उपयोगकर्ताओं को तब चिंतित कर दिया जब उसने उन्हें धमकी दी और ब्लैकमेल करने का प्रयास किया. फिर भी पॉप संस्कृति ने लंबे समय से हमारे साथ सामाजिक साथी के रूप में रहने वाली स्वायत्त प्रणालियों के सपने संजोए हैं, चाहे वह द जेट्सन की रोबोट रोज़ी हो, या 2013 की फिल्म 'हर' की सुपर-इंटेलिजेंट एआई, सामंथा हो. क्या हम नए और आने वाले चैटबॉट्स के प्रति समान भावनात्मक जुड़ाव विकसित करेंगे? और क्या यह स्वस्थ है? जबकि जेनरेटिव एआई स्वयं अपेक्षाकृत नया है, संबद्धता और मानव-कंप्यूटर इंटरैक्शन के क्षेत्रों का काफी अच्छी तरह से पता लगाया गया है, जिसके परिणाम आपको आश्चर्यचकित कर सकते हैं.

**संयमित उपयोग देगा भावनात्मक लाभ :** शोध बताता है कि एआई से सामाजिक समर्थन सकारात्मक हो सकता है, लेकिन यह अन्य लोगों से सामाजिक समर्थन के सभी लाभ प्रदान नहीं करता है - खासकर जब अकेलेपन की बात आती है. जब संयमित तरीके से उपयोग किया जाता है, तो एआई बॉट के साथ संबंध सकारात्मक कार्यात्मक और भावनात्मक लाभ प्रदान कर सकता है लेकिन यह आपको समर्थित महसूस करा सकता है, लेकिन यह आपको अकेलापन महसूस करने से रोकने के लिए अपनेपन की भावना विकसित करने में मदद नहीं कर सकता है.

### 3 में से 1 व्यक्ति अकेला



नवीनतम शोध से पता चलता है कि, ऐसे समय में जब 3 में से 1 ऑस्ट्रेलियाई अकेलेपन का अनुभव कर रहा है, हमारे सामाजिक जीवन में अंतराल को भरने के लिए एआई के लिए जगह हो सकती है. हालांकि इसमें दो राय नहीं कि हम इसका उपयोग लोगों के विकल्प के रूप में नहीं करते हैं. क्या आप रोबोट से दोस्ती कर सकते हैं? जहां तक इंटरनेट के लोकप्रिय होने की बात है, विद्वान इस बात पर चर्चा करते रहे हैं कि एआई मानवीय रिश्तों को कैसे प्रतिस्थापित कर सकता है. लगभग एक दशक बाद जब सोशल मीडिया लोकप्रिय हो गया, तो इस क्षेत्र में रुचि बढ़ गई.

### शोध में सामने आईं मुख्य बातें

- एक प्रतिभागी ने जितना अधिक एआई का उपयोग किया, एआई से सामाजिक समर्थन की उनकी भावना उतनी ही अधिक थी
- जितना अधिक प्रतिभागी एआई द्वारा सामाजिक रूप से समर्थित महसूस करते थे, उनके करीबी दोस्तों और परिवार से समर्थन की भावना उतनी ही कम होती थी
- एआई मित्र ठीक हैं, लेकिन आपको अभी भी लोगों की आवश्यकता है. कुल मिलाकर हमारे नतीजे बताते हैं कि सामाजिक समर्थन या तो इंसानों से या एआई से आ सकता है
- अकेलेपन की अंतर्निहित भावनाओं को केवल मानवीय संपर्क से ही संबोधित किया जा सकता है.
- व्यक्तिगत मित्रता को पूरी तरह से रोबोट मित्रता से बदलने से वास्तव में अधिक अकेलापन हो सकता है.
- एआई से दोस्ती करने से अकेलेपन से छुटकारा न मिले, फिर भी यह हमें जुड़ाव महसूस करने में मदद कर सकता है, जो कि कुछ न होने से बेहतर है.

### रोबोट साथियों का उदय

प्रौद्योगिकी, नेतृत्व और मनोविज्ञान के क्षेत्र में शोधकर्ताओं के रूप में, यह जांच की गई कि चैटजीपीटी लोगों की अकेलेपन और सहयोग की भावनाओं को कैसे प्रभावित कर सकता है. अध्ययन करने के लिए, 387 प्रतिभागियों से एआई के उपयोग के साथ-साथ सामाजिक कनेक्शन और समर्थन के उनके सामान्य अनुभव के बारे में पूछा गया. पाया गया कि जिन प्रतिभागियों ने एआई का अधिक उपयोग किया, उन्हें उन लोगों की तुलना में अपने एआई द्वारा अधिक समर्थन महसूस हुआ, जिनका समर्थन मुख्य रूप से करीबी दोस्त रहे ना कि एआई.

### केंद्र गंगासागर मेले को उचित मान्यता नहीं दे रहा: ममता बनर्जी

**सागरद्वीप।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि हालांकि गंगासागर मेला दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक उत्सवों में से एक है लेकिन केंद्र ने इसे उचित मान्यता नहीं दी है. दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में एक आधिकारिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह उनकी सरकार है जो केंद्र से कोई मदद नहीं मिलने के बावजूद वार्षिक आयोजन के लिए काम कर रही है. उन्होंने कहा कि कुंभ मेला एक बड़ा मेला है और इसे केंद्र से पूरी मदद मिलती है. हमें यह भी याद रखना चाहिए कि कुंभ मेला स्थल सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है. गंगासागर मेला एक द्वीप पर आयोजित होता है और यह दुनिया में इस तरह के सबसे बड़े मेलों में से एक है लेकिन मुझे नहीं पता कि केंद्र ने अब तक इसे उचित मान्यता क्यों नहीं दी है.

### दृष्टिहीन हैं मुस्लिम कवि अकबर लेकिन अपनी रचनाओं से राम की महिमा गाते हैं, जगद्गुरु संत रामभद्राचार्य ने किया आमंत्रित

# खंडवा के अकबर को अयोध्या आने का निमंत्रण




एजेंसी । अयोध्या

इस वक्त पूरे देश में अयोध्या में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की धूम है. ऐसे में हर कोई राममय नजर आ रहा है. वहीं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से न केवल सनानत धर्म के अनुयायी बल्कि मुस्लिम समुदाय के लोग भी प्रभावित हैं. मध्य प्रदेश के खंडवा जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर बसे ग्राम हापला-दीपला के एक मुस्लिम कवि अकबर ताज मंसूरी को अयोध्या में अपनी रचनाएं पढ़ने के लिए बुलाया गया है. अकबर ताज मंसूरी दृष्टिहीन हैं लेकिन अपनी रचनाओं के जरिए देशभर में श्रीराम के चरित्र का गुणगान करते हैं. वे कहते हैं कि भगवान श्रीराम सबके हैं. उनका अवतार मानव जाति की भलाई के लिए हुआ था. प्रभु श्री राम को लेकर उनके इस प्रेम को देखकर जगद्गुरु संत रामभद्राचार्य ने 14 जनवरी को अयोध्या में होने वाले विशेष आयोजन में प्रस्तुति देने के लिए अकबर ताज को आमंत्रित किया है.

खंडवा जिले के ग्राम हापला दीपला में रहने वाले एक 44 वर्षीय आंखों से दिव्यांग कवि को अयोध्या में हो रहे प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के विशेष आयोजन के दौरान अपनी प्रस्तुति देने का निमंत्रण मिला है. मुस्लिम होकर भी अपनी रचनाओं के जरिए ये प्रभु श्री राम के चरित्र का गुणगान करते हैं. अपनी रचनाओं में अकबर लिखते हैं-

बनारस की सुबह वाले हैं, अवध की शाम वाले हैं।
हम ही सुजलाम वाले हैं, हम सुफलाम वाले हैं।
वजू करते हैं पांचों वक्त हम गंगा के पानी से,
तुम्हारे ही नहीं श्रीराम, हम भी राम वाले हैं।

**रचना सुनकर शैलेश लोढ़ा के छलक आए थे आंसू**

खंडवा के अकबर ताज दिल्ली, जयपुर, हैदराबाद, लखनऊ व सूरत सहित देशभर के हिंदी मंचों पर रचना पाठ कर चुके हैं. रामलला पर आधारित उनकी रचनाओं ने उन्हें खूब सम्मान दिलाया. अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर वह खुश हैं। वह कहते हैं कि भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र हमें मर्यादा में जीने की सीख देता है. उन्होंने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए 14 वर्ष का वनवास सहर्ष स्वीकार कर लिया. ऐसा व्यक्तित्व आज कहां देखने को मिलता है. एक टीवी शो में अभिनेता और कवि शैलेश लोढ़ा अकबर की रचनाओं पर अपने आंसू नहीं रोक पाए .



**रांची के पहाड़ी मंदिर से रामरथ रवाना**

रांची से सोमवार को अमृत कलश और रामरथ को रवाना किया गया. शहर के प्रमुख मंदिर से भ्रमण करते हुए रथ निकली है. रथ के साथ सभी भक्त कई किलोमीटर की यात्रा तय करेंगे. बीच-बीच में प्रमुख धार्मिक स्थल से होते हुए यह यात्रा की जानी है.



## बिहार से अयोध्या जाने वाली कई ट्रेनें फुल

22 जनवरी को अयोध्या में बनने वाले राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है. इस तारीख का सभी इंतजार कर रहे हैं. भव्य कार्यक्रम की तैयारी भी जोरों शोरों से चल रही है. अयोध्या में 15 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक कार्यक्रम चलेगा. वहीं, बिहार में भी इस कार्यक्रम को लेकर लोग उत्साहित है. ट्रेनों में टिकट बुक किए जा रहे हैं. हाल ही में दरभंगा और आनंद विहार के मध्य अमृत भारत ट्रेन के परिचालन की शुरुआत हुई है. गाड़ी संख्या 15557 अमृत भारत एक्सप्रेस की सभी सीट फुल चल रही है. 15 जनवरी से लेकर 21 जनवरी तक में इस ट्रेन में एक भी टिकट उपलब्ध नहीं है.

## अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सीट फुल, यात्रियों को हो सकती हैं दिक्कत

अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के टिकट अभी नहीं है. इसके अलावा गाड़ी संख्या 1916 कमाख्या से आने वाली ट्रेन कवि गुरुएक्सप्रेस में भी सीट उपलब्ध नहीं है. इस कारण यात्रियों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. वहीं, कई ट्रेनों में सीट मौजूद भी है. गाड़ी संख्या 19166 साबरमति एक्सप्रेस में टिकट उपलब्ध है. यह दरभंगा के लिए जाती है. दूसरी ओर गाड़ी संख्या सरयु यमुना एक्सप्रेस, ताप्तीगंगा एक्सप्रेस में सीट की उपलब्धता है. अमृत भारत एक्सप्रेस के बारे में बता दें कि प्रधानमंभी नरेंद्र मोदी ने इसका शुभारंभ किया था. इसके बाद एक जनवरी से इस ट्रेन का परिचालन सप्ताह में दो दिन किया जा रहा है. यह भी कारण है कि इस ट्रेन में सीट की उपलब्धा में कमी है. यह सप्ताह में दो ही दिन चलती है.

### कई ट्रेनों में टिकट की बुकिंग जारी

दरभंगा से अयोध्या जाने वाली ट्रेन अमृत भारत एक्सप्रेस में 25 जनवरी के बाद से टिकट है. फिलहाल, कुछ ट्रेनों में लंबी वेटिंग भी है. वहीं, कई ट्रेनों में 21 जनवरी तक में टिकट की बुकिंग जारी है. इधर, मुजफ्फरपुर में गाड़ी संख्या 15002 देहरादून मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस रविवार को लखनऊ से बाराबंकी पहुंचने में छह घंटे लेट हो गयी. बाराबंकी के निकट घंटों गाड़ी रुकने के कारण यात्रियों की नाराजगी बढ़ गयी. काफी संख्या में यात्रियों ने रेलवे के हेल्प लाइन नंबर पर संपर्क किया. यात्रियों के अनुसार ट्रेन कब खुलेगी, इस बारे में कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया. कोच के कई शौचालय में पानी नहीं था. ऊपर से ट्रेन के खुलने की कोई जानकारी नहीं मिलने के कारण यात्रियों ने हो- हल्ला भी किया. इन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. बिहार में कई ऐसी ट्रेनें है, जो लेट चल रही है. इसके अलावा कोहरे का असर तो फ्लाइट पर भी पड़ रहा है.

## भगवान राम की तस्वीर वाली विशेष साड़ी सूरत से जाएगी

एजेंसी। सूरत



देश में कपड़े का हब कहे जाने वाले गुजरात के सूरत शहर में तैयार की गयी एक विशेष साड़ी को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए भेजा जाएगा. सूरत में कपड़ा उद्योग से जुड़े कारोबारी ललित शर्मा ने कहा कि इस साड़ी पर भगवान राम और अयोध्या मंदिर की तस्वीरें उकेरी गयी हैं और इसे भगवान राम की पत्नी सीता के लिए तैयार किया गया है और इसे रविवार को यहां एक मंदिर में अर्पित किया गया.

शर्मा से विचार-विमर्श कर साड़ी तैयार करने वाले कपड़ा कारोबारी राकेश जैन ने कहा कि यह वस्त्र माता जानकी के लिए बनाया गया है और इसे उत्तर प्रदेश के अयोध्या शहर में मंदिर के लिए भेजा जाएगा. शर्मा ने साड़ी भेजने की किसी तारीख का उल्लेख नहीं किया लेकिन कहा कि यह 22 जनवरी से पहले अयोध्या पहुंच जाएगी. उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में खुशी का माहौल है क्योंकि भगवान राम का कई वर्षों बाद अयोध्या मंदिर में अभिषेक किया जा रहा है. माता जानकी और भगवान हनुमान सबसे ज्यादा प्रसन्न हैं. शर्मा ने कहा कि उनकी खुशी साझा करते हुए हमने एक विशेष साड़ी तैयार की है जिस पर भगवान राम और अयोध्या मंदिर की तस्वीरें उकेरी गयी हैं. यह साड़ी अयोध्या में राम मंदिर के लिए भेजी जाएगी. शर्मा ने कहा कि अगर उन्हें कोई अनुरोध मिलता है तो वे भगवान राम के उन सभी मंदिरों में निशुल्क यह साड़ी भेजेंगे जहां माता जानकी भी विराजमान हैं.

## अयोध्या की पूजा में आएंगे दो सौ किलो मथुरा के लड्डू

एजेंसी। मथुरा



अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर यज्ञ समारोह में ठाकुर जी के भोग लगाने के लिये मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्म स्थान से दो सौ किलो ग्राम लड्डु अयोध्या भेजे जाएंगे. यह जानकारी श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने सोमवार को दी. श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि इसके लिए अयोध्या स्थित कारसेवक पुरम स्थित व्यवस्थापकों से सम्पर्क कर लिया गया है. शर्मा एवं संस्थान के सदस्य गोपेश्वर चतुर्वेदी ने सोमवार को बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर 16 से 22 जनवरी तक अयोध्या में होने वाले एक सप्ताह के यज्ञ समारोह में ठाकुर जी के भोग लगाने के लिये मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्म स्थान से मकर संक्रांति के दिन विशिष्ट मेवा, मिश्री, केसर एवं ऋतु अनुकूल सामग्री से निर्मित दो क्विंटल लड्डू अयोध्या भेजे जाएंगे. उन्होंने बताया कि लड्डू रथ के रूप में सुसज्जित वाहन से घण्टे-घड़ियाल, शंख, मृदंग आदि की ध्वनि के साथ भगवान राम के जयकारे लगाते हुए ले जाये जाएंगे. उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान ट्रस्ट के आधा दर्जन सदस्य भी भगवान राम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किए गए हैं. शर्मा एवं चतुर्वेदी ने बताया कि इस दौरान मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान में विराजित श्री कृष्ण एवं राधा रानी की युगल प्रतिमा को भगवान राम एवं माता सीता के स्वरूप में सजाया जाएगा.

---

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# म्यूजिक व जीएसटी की पढ़ाई कर बना सकते हैं कॅरियर



### म्यूजिक में एमए

**म्यूजिक में एमए दो साल की मास्टर डिग्री कोर्स है. जो संगीत की पढ़ाई से संबंधित है. यह कोर्स संगीत के थ्योरेटिकल और प्रैक्टिकल दोनों पहलुओं को प्रदान करता है. छात्र संगीत की जड़ों की खोज करना सीखते हैं और उन्हें संगीत अभ्यास के कई रूपों के अवसर प्रदान किए जाते हैं. छात्र वोकल और इंस्ट्रुमेंटल कोर्सेज के बीच चयन कर सकते हैं.**

### एमए म्यूजिक क्यों पढ़ें

- यह कोर्स म्यूजिक थ्योरी, कल्चरल हिस्ट्री ऑफ म्यूजिक और परफॉर्मेंस आर्ट्स पर एक कॉम्प्रिहेंसिव स्टडी है.
- अधिक इंडिविजुअल डायरेक्शन, कन्टीन्यूएस और कांस्टेंट मल्टी-डिस्कपिलिनेरी परफॉर्मेंस, ध्यान केंद्रित करने का अवसर होता है.
- यदि आप एक प्रोफेशनल म्युज़िशियन के रूप में नौकरी की तलाश कर रहे हैं, तो यह आपके लिए सबसे अच्छा कोर्स है.
- यह आपके मौजूदा स्किल्स का सप्लीमेंट होगा और संगीत के क्षेत्र में आपकी प्रतिभा को निखारने में आपकी मदद करेगा.
- विशेषज्ञता के बहुत सारे अवसर हैं, जो आपकी रुचि के क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने में आपकी सहायता करते हैं.



### स्पेशलाइजेशन

- म्यूजिक कम्पोजिशन
- म्यूजिक मैनेजमेंट
- कर्नाटिक म्यूजिक
- हिंदुस्तानी क्लासिकल म्यूजिक
- वोकल म्यूजिक
- इंस्ट्रुमेंटल म्यूजिक

### एमए म्यूज़िक में करियर के क्षेत्र

- फिल्म इंडस्ट्री
- मीडिया कम्पनीज
- स्कूल
- कॉलेज
- टूरिंग कम्पनीज
- ऑर्केस्ट्रा
- पर्सनल स्टूडियो
- थिएटर इंडस्ट्री

### विश्व की टॉप यूनिवर्सिटीज

- टोरोन्टो विश्वविद्यालय
- ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय
- मैकगिल विश्वविद्यालय
- यॉर्क विश्वविद्यालय
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय
- एरिजोना राज्य विश्वविद्यालय
- ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय
- स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय
- विक्टोरिया विश्वविद्यालय
- दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय
- मैनचेस्टर विश्वविद्यालय
- सस्केचेवान विश्वविद्यालय
- लीड्स विश्वविद्यालय

### भारत में टॉप कॉलेज

- बनारस विश्वविद्यालय
- दिल्ली विश्वविद्यालय
- क्वींस मैरी कॉलेज
- बनस्थली विश्वविद्यालय
- बैंगलोर विश्वविद्यालय
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय
- श्रीपत सिंह कॉलेज
- मिरांडा हाउस
- एमिटी विश्वविद्यालय
- नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय

### ऑडिशन के लिए योग्यता

- संगीत प्रदर्शन का वीडियो या लाइव रिकॉर्डिंग.
- म्यूज़िकल इंस्ट्रूमेंट के बारें में समझ.
- कुछ विश्वविद्यालयों को संगीत कम्पोजीशन के पोर्टफोलियो की आवश्यकता हो सकती है.




### जीएसटी की पढ़ाई

**जीएसटी एक प्रकार का इनडायरेक्ट टैक्स है, जिसे भारत में 1 जुलाई 2017 को लागू किया गया था. जीएसटी का फुल फॉर्म गुड्स एंड सर्विस टैक्स है. जिसका हिंदी में अर्थ 'वस्तु और सेवा कर' होता है. वस्तु और सेवा कर अधिनियम एक्ट द्वारा 29 मार्च 2017 को पारित किया गया, उसके बाद से अब तक जीएसटी ही भारत में चल रही है. यहां गुड्स एंड सर्विसेज (जीएसटी) के बारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी को संक्षिप्त में बताया जा रहा है, जिन्हें आप नीचे दिए गए बिंदुओं में देख सकते हैं-**

- जीएसटी की विशेषता है कि किसी भी वस्तु या सर्विस पर इस टैक्स की दर पूरे देश में एक जैसी होती है. जिसमें देश के किसी हिस्से में मौजूद कस्टमर या कंज्यूमर को उस वस्तु या सेवा पर एक जैसा ही टैक्स देना होता है.
- जीएसटी की 'एक देश, एक टैक्स' व्यवस्था के तहत आपको एक ही टैक्स देना होता है.
- जीएसटी को 3 प्रकार में बांटा गया है जो कि इस प्रकार है, सेंट्रल जीएसटी (सी जीएसटी), स्टेट जीएसटी (एस जीएसटी) और इंटीग्रेटेड जीएसटी (आई जीएसटी) आदि.
- सेंट्रल जीएसटी (सी जीएसटी) – सी जीएसटी का फुल फॉर्म 'सेंट्रल गुड्स एंड सर्विस टैक्स' होता है. यह किसी राज्य के भीतर वस्तु या सेवा की सप्लाई होती है तो इस इस स्थिति में सेंट्रल गवर्नमेंट को दिया जाने वाला टैक्स सी जीएसटी कहलाता है.
- स्टेट जीएसटी (एस जीएसटी) – एस जीएसटी का फुल फॉर्म है स्टेट गुड्स एंड सर्विस टैक्स होती है. यानी जब किसी वस्तु या सेवा की राज्य के भीतर सप्लाई होती है, तो राज्य सरकार के हिस्से में जाने वाला टैक्स स्टेट जीएसटी कहलाता है.
- इंटीग्रेटेड जीएसटी (आई जीएसटी) – आई जीएसटी का फुल फॉर्म इंटीग्रेटेड गुड्स एंड सर्विस टैक्स होता है. जब दो अलग राज्यों के व्यापारियों के बीच वस्तु या सेवा को लेकर कोई डील होती है, तो इस पर लगने वाले टैक्स को आई जीएसटी कहते हैं.

### जीएसटी कोर्स कराने वाले इंस्टिट्यूट के नाम

- हेनरी हार्विन एकाउंट्स अकादमी
- मिजोरम यूनिवर्सिटी
- द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया
- लक्ष्य इंस्टिट्यूट ऑफ स्किल्स ट्रेनिंग
- इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड वर्क्स एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया
- नेताजी सुभाष ओपन यूनिवर्सिटी, कोलकाता
- अरुण जेटली नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फाइनेंस मैनेजमेंट
- आईआईएम शिलांग
- द इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया
- यू डेमी
- बीएसई इंस्टिट्यूट लिमिटेड

### जीएसटी सर्टिफिकेशन कोर्सेज कोर्स की लिस्ट

भारत में जीएसटी सर्टिफिकेशन कोर्सेज आमतौर पर कम ड्यूरेशन के होते हैं. जिसमें कैंडिडेट्स को फाइनेंस, एकाउंटिंग एंड टैक्सेशन के वर्किंग प्रोफेशनल्स को गुड्स और सर्विसेज के बारे में नॉलेज प्रदान करना है. भारत में कई गवर्नमेंट फाइनेंसियल मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट और प्राइवेट इंस्टिट्यूट हैं, जो जीएसटी का सर्टिफिकेशन कोर्सेज कराते हैं. यहां कुछ प्रमुख इंस्टिट्यूट की सूची दी जा रही है, जिन्हें आप नीचे दिए गए बिंदुओं में देख सकते है.

### जीएसटी सर्टिफिकेशन कोर्सेज का सिलेबस

देश में कई प्रतिष्ठित इंस्टिट्यूट हैं जो माइक्रो, स्माल और मीडियम इंटरप्राइजेज मिनिस्ट्री (एमएसएमई) द्वारा ऑनलाइन और साथ ही डिप्लोमा स्तर के जीएसटी सर्टिफिकेशन कोर्सेज ऑफर करता है. गुड्स एंड सर्विस टैक्स का विस्तार से स्टडी करने के लिए इन ट्रेनिंग प्रोग्राम्स को आमतौर पर ग्रेजुएट्स, कंपनी सेक्रेटरी और सीए द्वारा चुना जाता है.

### प्रमुख सब्जेक्ट्स

- ओवरव्यू ऑफ जीएसटी एक्ट – सी जीएसटी/ एस जीएसटी
- मीनिंग एंड स्कोप ऑफ सप्लाई ऑफ गुड्स & सर्विसेज
- रजिस्ट्रेशन – पर्सन्स लायबल रजिस्ट्रेशन अंडर द एक्ट
- रोल ऑफ जीएसटी
- फाइलिंग ऑफ रिटर्न्स
- टाइप्स ऑफ रिटर्न्स एंड फोर्मट्स
- इनपुट टैक्स क्रेडिट
- इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स एंड जॉब वर्क
- लेवी एंड कलेक्शन ऑफ टैक्स
- जनरल प्रोसीजर

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)